किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

समाज जागरण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 11 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 21 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

इजरायल पर सनसनीखेज आरोप, हमास को मुहैया करा रहा है कतर का पैसा, सऊदी इंटेल चीफ का आरोप

तेल अवीव. इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच सऊदी अरब के खुफिया प्रमुख प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने यहूदी बहुल देश पर गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह को "कतरी धन" देने का आरोप लगाया है. इजरायल और फिलिस्तीन में जारी जंग में अब तक 5000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है.

प्रिंस तुर्की अल-फैसल का इजरायल के खिलाफ आरोप रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें मामले से जुड़े एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि गाजा में फिलिस्तीनी परिवारों को कतर की वित्तीय सहायता इजरायल से होकर गुजरती है. इस धनराशि को कतर से इजरायल तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्थानांतरित किया जाता है, जिसके बाद इजरायली और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी इसे सीमा पार गाजा पट्टी तक ले जाते हैं.

सऊदी खुफिया प्रमुख ने संघर्ष के लिए इजरायल और हमास दोनों की निंदा करते

हुए कहा कि स्थिति में कोई नायक नहीं हैं, बल्कि केवल पीड़ित हैं. प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने हमास द्वारा मारे गए इजरायलियों पर आंसू बहाने के लिए पश्चिमी देशों की भी निंदा की, लेकिन इजरायल द्वारा मारे गए फिलिस्तीनियों पर 'दुख व्यक्त करने से इनकार' किया.

प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने कहा कि सैन्य कब्जे वाले सभी क्षेत्रों को "सैन्य रूप से भी" अपनी रक्षा करने का अधिकार है. हालांकि, उन्होंने गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में "नागरिक विद्रोह और अवज्ञा" सही विकल्प होता.

प्रिंस तुर्की अल-फैसल ने अमेरिका के ह्यूस्टन में स्थित राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक पॉलिसी की एक सभा में कहा, "इजरायल के पास अत्यधिक सैन्य श्रेष्ठता है, और हम अपनी आंखों के सामने देखते हैं कि यह गाजा के लोगों के लिए कितना विनाश और विस्मृति ला रहा है."

इजरायल – गाजा के बीच ताजा संघर्ष सात अक्टूबर को हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल के खिलाफ किए गए अप्रत्याशित हमलों से शुरू हुआ है. इजरायल ने हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए गाजा में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है.

इजरायली अधिकारियों ने बताया कि इजरायल में बच्चों सहित 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं और 4,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं. फिलिस्तीनी स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार, गाजा में कम से कम 3,400 लोग मारे गए हैं और 12,000 से अधिक घायल हुए हैं.

राजधानी में 3 नवम्बर से होगा 20 दिवसीय अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 3 नवम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 तक 20 दिवसीय अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023 का आयोजन सहस्वा अर्जुनगंज, सुल्तानपुर रोड, नियर शहीद पथ लखनऊ में किया जायेगा। इस बात की जानकारी आज संस्था के प्रशासनिक कार्यालय बलिंग्टन मॉल लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023 मे अवध के लखनऊ, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, भदोही, प्रयागराज, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, प्रतापगढ़, बहराइच, बलरामपुर, मोंडा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर श्रावस्ती, उन्नाव, फतेहपुर, कानपुर देहात, जौनपुर और मिजार्पुर के पश्चिमी हिस्सों संग, कन्नौज, पीलीभीत और शाहजहांपुर के अलावा अन्य राज्यों

बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, पंजाब, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, गोवा, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश की कला संस्कृति, पर्यटन, हस्त शिल्प, देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, मसाले, हैण्डलूम हैण्डी क्राफ्ट सहित अन्य चीजों के स्टाल और पैवेलियन के अलावा उत्तर प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद, खादी ग्रामोद्योग, उत्तर प्रदेश पर्यटन, नाबार्ड, बैंक, सिडबी, राज्य आजीविका मिशन सहित अन्य सरकारी विभागों की सहभागिता होगी।

उन्होंने बताया कि प्रगति अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल - 2023 इंटरनेट माध्यम के जरिये देश विदेश के लोगों से जुड़ेगा। इसके अलावा महोत्सव से, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए महोत्सव के फेसबुक लिंक का प्रयोग सजीव प्रसारण के लिए किया जायेगा। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 3 नवम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 तक होने वाले 20 दिवसीय ' अवध महोत्सव शॉपिंग कार्निवाल -2023 में निःशुल्क अवध टैलेण्ट हण्ट-2023 का आयोजन किया जायेगा, इसके तहत बच्चों व युवाओं की गायन, नृत्य, वादन, किड्स माडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, चित्रकला, निबंध लेखन, साइकिल रेस, खो-खो, कबड्डी, मिस्टर मिस और मिसेज अवध प्रतियोगिताएं होंगी।

भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की

भाजपा ने मिजोरम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है. पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, सबार्नंद सोनोवाल, स्मृति ईरानी, अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, प्रतिमा भौमिक, संबित पात्रा और अनिल एंटनी सहित 40 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है.

वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा सहित पूर्वोत्तर राज्यों के कई दिग्गज नेताओं को भी मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है. मिजोरम में एमएनएफ, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भाजपा का सहयोगी है. 2018 के चुनावों में, मिजो नेशनल फ्रंट ने 37.8 प्रतिशत वोट पाकर 26 सीटें हासिल कीं थी. वहीं कांग्रेस को पांच और बीजेपी को एक सीट पर जीत मिली थी. जबकि पीसी और जेडएनपी का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है.

बता दें कि राज्य में 40 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव का आयोजन 7 नवंबर को किया जाएगा और 3 दिसंबर को इसके नतीजे घोषित होंगे. चुनाव के तारीख की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई है. यहां पर नामांकन की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है और 21 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी. साथ ही, उम्मीदवार 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं.

45 मिनट में मेरठ से दिल्ली एक सपना था, लेकिन मोदी है तो मुमकिन है: सीएम योगी

गाजियाबाद/लखनऊ, 20 अक्टूबर। रैपिड रेल पब्लिक ट्रांसपोर्ट का एक उत्तम माध्यम है। हमने स्वयं प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में इसकी यात्रा की। यह ट्रेन दिल्ली से मेरठ की दूरी को कम कर देगी। इससे



पहले मेरठ को 12 लेन के एक्सप्रेस हाईवे के साथ भी जोड़ा जा चुका था। जो दूरी साढ़े पहले चार घंटे में तय की जाती थी वह आज मात्र 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यही स्थिति रैपिड रेल के प्रारंभ होने से भी होगी। यह कभी एक सपना था, लेकिन

आज मोदी है तो मुमकिन है की तर्ज पर यह सपना साकार हो रहा है। पूरा देश और उत्तर प्रदेश इस सपने को साकार होता देख रहा है। यह बातें सीएम योगी ने शुक्रवार को गाजियाबाद में पीएम मोदी द्वारा भारत की पहली नमो भारत ट्रेन (रैपिडेक्स) के फ्लैग ऑफ और देश के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के उद्घाटन के अवसर पर कहीं। इस अवसर पर सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंग वस्त्र एवं मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान भी किया।

वंदे भारत ट्रेन ने कराया एक नए भारत का दर्शन

पीएम मोदी का आभार जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम रैपिड रेल को नमो भारत के रूप में विजयदशमी के पूर्व देश को समर्पित करने के लिए प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का आभार और स्वागत करता हूं। शारदीय नवरात्रि में आपका ये उपहार हम सबके लिए एक उपकार है। पिछले साढ़े 9 वर्ष के अंदर इस देश ने वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा है। एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशन बने, अमृत भारत के अंदर 500 रेलवे स्टेशन के पुनरोद्धार का कार्य जिस गति के साथ चला है आज वह भी भारत देख रहा है। वंदे भारत ट्रेन ने एक नए भारत का दर्शन कराया है। आज देश की पहली नमो भारत ट्रेन उत्तर प्रदेश को देने के लिए आप गाजियाबाद पधारे हैं, बाबा दुग्धेश्वर की पावन धरा पर आपका अभिनंदन करता हूं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की पहली रैपिड रेल के उद्घाटन के लिए पीएम मोदी का जताया आभार

सीएम योगी ने कहा- पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उत्तम माध्यम है रैपिड रेल, दिल्ली से मेरठ की दूरी होगी कम

रैपिड रेल से पहले मेरठ और दिल्ली को 12 लेन के एक्सप्रेस हाईवे के साथ भी जोड़ा जा चुका है: सीएम योगी

पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक नए इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्शन कर रहा है: मुख्यमंत्री

पंजाब विधानसभा के 2 दिन के सत्र को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान में ठनी

सत्र स्थगित करके मुख्यमंत्री ने कहा हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और सत्र की वैधता का लाएंगे प्रमाण पत्र

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

चण्डीगढ़ 20अक्टूबरः पंजाब में विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र को लेकर गवर्नर और मान सरकार के बीच एक बार फिर विवादित स्थिति पैदा हो गई है। गवर्नर ने इस सत्र को अवैध बताया और चेतावनी दी कि अगर सत्र जारी रखा गया तो वह राष्ट्रपति को शिकायत भेजेंगे। गवर्नर के इस रुख को देखते हुए अब सीएम मान ने बुलाये गए सत्र को स्थगित करने की सिफारिश की है। सीएम मान ने कहा कि, सत्र चाहें दो दिन का हो या 20 दिन का। सत्र के वैध या अवैध होने का शक नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही हम यह भी नहीं चाहते कि, इस तरह का रोज-रोज का झगड़ा

और ज्यादा बढ़े।

सीएम मान ने कहा कि, हम अब कोई भी बिल पेश नहीं करेंगे, जब तक कि हम पंजाबियों को यह भरोसा नहीं दिला देते कि बुलाया गया सत्र वैध है और गवर्नर को सभी बिलों को पेश करने की मंजूरी भी देनी पड़ेगी और इसके बाद साइन भी करने पड़ेंगे। सीएम मान ने कहा, आग्रह है कि यह सत्र स्थगित कर दिया जाये क्योंकि हम अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और वहां से सत्र की वैधता का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे। वहां गवर्नर की कोई चिट्ठी काम नहीं आएगी। सीएम ने कहा कि, छुट्टियों के चलते हम 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और वहां से वैधता लेकर नवम्बर के पहले सप्ताह में सत्र बुलाया जाएगा। अगर सत्र लंबा भी रखना पड़ा तो दिन बढ़ा लिए जाएंगे। फिलहाल मौजूदा सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

विगत 26 सालों से लभुआनी मोड पर होती आ रही है माँ दुर्गा की पूजा अराधना

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि गडहनी भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित लभुआनी मोड़ हनुमान मंदिर के परिसर मे नवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य पूजा पंडाल मे माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई।आचार्य इन्द्रजीत पाण्डेय ने बताया कि प्रतिपदा तिथि को विधि विधान के साथ कलश स्थापन किया गया तत्पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है।आज शुक्रवार को नवरात्रि के छठवें दिन माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई।वहीं ग्रामीणो ने बताया कि विगद 26 सालो से लगातार माँ सिद्धेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट लभुआनी द्वारा यहाँ पर दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।हर साल की भांति इस साल भी भव्य पंडाल

बनाया गया है।पूजा पंडाल मे मां दुर्गा के अलावा महिषासुर, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, गणेश जी एवं कार्तिक भगवान की मूर्ति का स्थापना हुआ है।इस अवसर पर दुर्गा पाठ पंडित इंद्रजीत पाण्डेय के सानिध्य मे यजमान सचिन कुमार एवं रवि कुमार द्वारा माता रानी की षोडशोपचार पूजनादि कार्य किया जा रहा है।यह पूजा हर साल मुख्य रुप से लभुआनी डेम्हा एवं आसपास के ग्रामीण जनता के सहयोग से किया जाता हैं।यहाँ सप्तमी अष्टमी नवमी को मेला का भव्य आयोजन किया जाता है साथ ही कमिटि के द्वारा देवी जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक आदि का भी आयोजन ग्रामीणो के द्वारा किया जाता है।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 62 रनों से हराकर दर्ज की धमाकेदार जीत. पाकिस्तान ने आखिरी 6 विकेट महज 36 रन के भीतर गंवाए.

पाकिस्तान ने टेके घुटने, ऑस्ट्रेलिया ने चखा लगातार दूसरी जीत का स्वाद

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराकर वर्ल्ड कप 2023 में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है. वहीं, पाकिस्तान की भारत से मुंह की खाने के बाद ये लगातार दूसरी हार है. पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर के शतक की बदौलत 367/9 रनों का स्कोर खड़ा किया. जवाब में पाकिस्तानी टीम 45.3 ओवरों में 305 रनों पर ढेर हो गई. इस तरह

ऑस्ट्रेलिया ने 62 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया. इस मैच में भी पाकिस्तान ने अपने आखिरी 6 विकेट महज 36 रन के भीतर गंवा दिए. पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने 70 जबकि अब्दुल्ला शफीक ने 64 रन बनाये. ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने चार विकेट लिये.

मैन ऑफ द मैच वॉर्नर ने 124 गेंद की पारी में 14 चौके और नौ छक्के लगाकर पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी और वनडे में कुल 21वीं शतकीय पारी खेली. मार्श ने अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 10 चौके और नौ छक्के जड़े. ऑस्ट्रेलिया की यह चार मैचों में दूसरी जीत है जबकि पाकिस्तान की यह दूसरी हार है.

UP में लेडीज पुलिस ने पहली बार किया एनकाउंटर, नवरात्रि में दिखाया काली माता का रौद्र रूप

बदमाश के साथ एनकाउंटर करके इतिहास रच दिया है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, लेडीज पुलिस ने अपने पहले एनकाउंटर में ही बदमाश को धर-दबोचा

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

महिला एसएचओ सुमन सिंह की अगुवाई में हुआ बदमाश का एनकाउंटर, प्रदेश में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा मिलकर किया गया पहला एनकाउंटर, एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर बरवापट्टी थाने की महिला एसओ अपने 4 महिला पुलिसकर्मियों के साथ मुठभेड़ में थी शामिल, मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुमन सिंह, महिला सिपाही प्रिंसी पांडे, चंदा यादव, संगीता यादव और प्रियंका सिंह मुठभेड़ में थी शामिल, मुठभेड़ में 25 हजार के ईनामी इमामुल के पैर में लगी गोली, पुलिस ने ईनामी बदमाश इमामुल को किया गिरफ्तार, गिरफ्तार बदमाश

पर कुशीनगर और संतकबीरनगर में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमें, रामकोला थाने के मेंहदीगंज अमडरिया नहर के पास हुई मुठभेड़, नवरात्र में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा एनकाउंटर चर्चा का विषय बना।

क्यों तोड़फोड़ में सिद्धहस्त हैं समाजवादी

दैनिक समाज जागरण

आईएनडीआईए [इंडिया] का सीराजा बिखर रहा है । बोलचाल की भाषा में आप कह सकते हैं कि ' रायता फैलने ही वाला है ' और इसका श्रेय जाएगा समाजवादी पार्टी के खाते में। समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरूवात कर चुकी है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा है कि - मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छह सीटों को छोड़ने का आश्वासन दिया था लेकिन एक भी सीट नहीं छोड़ी। अखिलेश ने संकेत दिए कि दिल्ली के गठबंधन पर सपा भी यही व्यवहार करेगी।' जाहिर है कि भविष्य में यही होकर रहेगा।

समाजवादियों का नैसर्गिक स्वभाव है कि वे एक होकर न रह सकते हैं और न किसी के साथ चल सकते हैं। समाजवादी विचारधारा के अनुसार निःस्वार्थ सेवा, त्याग और आध्यात्मिक प्रवृत्ति - इनमें शोषक और शोषित के लिए कोई स्थान नहीं। यदि किसी के पास कोई संपत्ति है तो वह समाज की धरोहर मात्र है, देखा जाये तो इसके अनुसार सभी लोग एक समान स्थिति में होने चाहिए। सबके लिए समानता। किन्तु आज देश के तमाम समाजवादियों का आचरण इस स्थापित सिद्धांत के खिलाफ है। फिर चाहे वे कहीं के समाजवादी हों। भारत में किसान मजदूर पार्टी की स्थापना से लेकर आज की समाजवादी पार्टी के अलावा कितने समाजवादी दल देश में हैं इसकी गणना करना कठिन काम है। किसी के पास साइकल है तो किसी के पास लालटेन लेकिन हैं सबके सब अँधेरे में।

पहले समाजवादी कांग्रेस की कोख में थे,लेकिन जब बात नहीं बनी तो कांग्रेस से बाहर आकर अलग राजनीतिक दल बना बैठे। पहले की , कृषक मजदूर प्रजापार्टी फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी बनी । इससे भी काम नहीं चला तो डॉ राम मनोहर लोहिया की एक अलग समाजवादी पार्टी बनी। समाजवाद के नाम पर कांग्रेस कि तरह वामपंथी भी बटे। और फिर समाजवादी पार्टी लगातार विभाजित होती रही। आज उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह की समाजवादी पार्टी है । बिहार में लालू प्रसाद यादव की अपनी पार्टी है। नीतीश कुमार की अपनी पार्टी है ,ओडिशा में नवीन पटनायक की अपनी । सबके मूल में समाजवाद है ,लेकिन कैसा समाजवाद है ये दुनिया जानती है।

आज देश में जब भाजपा के खिलाफ एक साझा मंच बनाया गया है तब उसमें पहला वार उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने किया है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव इस-ाका बहाना बने। मध्यप्रदेश में समाजवादी कांग्रेस से 6 सीटें चाहते थे ,लेकिन बात नहीं बनी और अब यादव धमकी दे रहे हैं कि उनके साथ जो भोपाल में हुआ वही सब वे दिल्ली में कांग्रेस के साथ करेंगे। हमारे समाजवादी मित्र रमाशंकर सिंह इस बाबद बहुत पहले ही भविष्यवाणी कर चुके हैं कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद विपक्षी एकता का सीराजा बिखरेगा और अब ये भविष्यवाणी सही साबित होती दिखाई दे रही है।

मध्यप्रदेश की राजनीति में समाजवादी हों या बहुजन समाज पार्टी वाले उनकी उपस्थिति ऊँट के मुंह में जीरे जैसी रही है । ये दोनों दल कभी भी एक दर्जन सीटों से ज्यादा नहीं जीते और जीते भी तो हमेशा सत्तारूढ़ दल के हाथों खरीद लिए गए। समाजवादी पार्टी के पास अपने नेता हैं ही नही। मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी कांग्रेस और भाजपा के बागियों का किराये का मंच है । इस बार भी सपा के विधायक संजीव सिंह आखिर में भाजपा में चले गए थे।वे पटवारी भर्ती घोटाले के आरोपी भी हैं। उनके पिता भाजपा के अनेक बार संसद रहे। समाजवादी मध्यप्रदेश में चुनाव लड़कर उसी भाजपा का लाभ कर सकते हैं जो उन्हें ईडी ,सीबीआई और ऐसे ही दूसरे हथियारों से डराती-धमकाती रहती है। मध्यप्रदेश में फिलहाल कांग्रेस को किसी तीसरे दल के सहयोग की जरूरत नहीं है । न समाजवादी पार्टी की और न आम आदमी पार्टी की। इस हकीकत को इन छोटे-मोटे दलों को समझना चाहिए था ,लेकिन नहीं समझा और अब अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मारने लगे है। आम आदमी पार्टी भी मध्यप्रदेश में चुनाव लड़ रही है और समाजवादी पार्टी भी। बहुजन समाज पार्टी तो चुनाव लड़ने का अनुआ करती ही है ,इससे उसे कुछ पैसा मिल जाता है। इस बार भाजपा के तमाम असंतुष्ट बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए के सदस्य समाजवादी दल के सुप्रीमो अखिलेश यादव अपने पिता मुलायम सिंह यादव की तरह परिपक्व नहीं है। आपको याद होगा कि सत्ता को लेकर समाजवादी आपस में ही लड़ते आये हैं। पहले अखिलेश और उनके चच्चा शिवपाल में जूतम-पैजार हुई थी । बिहार में शरद यादव और नीतीश कुमार लड़े थे। राजद में भी तनातनी चलती ही रहती है। एक ओडिशा में नवीन पटनायक अपने पिता की बीजद को बिखरने से बचाये हुए हैं ,लेकिन वे किसी तीन- पांच में नहीं हैं। वे न भाजपा के दुश्मन हैं और न कांग्रेस के मित्र। अखिलेश यादव को या तो नवीन पटनायक से राजनीति सीखना चाहिए या फिर बहन मायावती से। वे घमंड में भूल गए हैं कि यदि समाजवादी पार्टी विपक्षी गठबंधन से अलग रही तो भाजपा सत्ता में आये या कांग्रेस उसे 'हप्पा' की तरह निगल जाएगी।

समाजवादी पार्टी के व्यवहार को दरकिनार कर कांग्रेस ने मध्यप्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में से 229 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है । कांग्रेस ने अंत में दो-तीन प्रत्याशियों को बदला भी है। यानि कांग्रेस अपनी धुन में अपना काम कर रही है। अखिलेश भूल जाते हैं कि वे उत्तर प्रदेश में नहीं मध्यप्रदेश में राजनीति करना चाहते हैं जहां उनकी पार्टी की हैसियत भी ठीक वैसी है जैसी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की। लेकिन कांग्रेस उत्तर प्रदेश में शून्य होकर भी आज देश के चार राज्यों की सत्ता में है। अर्थात कांग्रेस के समाने अखिलेश की पार्टी की हैसियत बहुत कम है । अखिलेश किन शर्तों पर आईएनडीआईए में शामिल हुए थे ये वे जाने और कांग्रेस जाने ,लेकिन इस समय उनकी भूमिका भाजपा के शुभचिंतक जैसी नजर आ रही है। अखिलेश को उनकी इस भूमिका का लाभ होगा या नुकसान ये भी उन्हें ही पता है ,किन्तु बाहर से लगता है कि वे न सिर्फ अपने पांव पर कुल्हाड़ी मार बैठे हैं बल्कि विपक्षी एकता के लिए भी वे खलनायक बन रहे हैं।

समाजवादी अपनी फक्कड़ शैली की वजह से कम से कम मुझे तो पसंद है। वे भले ही धन कुबेर बन गए हों लेकिन रहते फकीरों की तरह ही हैं। बात भी वैसी ही करते हैं लेकिन दुर्भाग्य ये है कि वे तोड़फोड़ के अपने आचरण को नहीं बदल पाए । तोड़फोड़ उनके डीएनए का अविभाज्य अंग बन गया है। समाजवादियों की ये खसलत है कि वे अपने आपको सबसे बड़ा राजनीतिज्ञ मानते है। जबकि देश का राजनीतिक इतिहास उठाकर देख लीजिये समाजवादी पिछले 75 साल में कभी राष्ट्रीय दल नहीं बन पाये । कभी अकेले सत्ता में नहीं आ पाए । वे कब ,किस पार्टी के बगलगीर हो जाएँ ये उन्हें खुद पता नहीं होता । समाजवादियों के लिए न कांग्रेस अस्पृश्य है और न भाजपा । न बीएसपी अछूत है और न कोई तीसरा दल। वे सबके साथ खिचड़ी पका सकते हैं और सबको एक झटके में पटकनी दे सकते हैं। रायता फैलाना समाजवादियों का जन्मसिद्ध अधिकार है । जो भी उन्हें उनके इस अधिकार से वंचित करता है ,संकट में पड़ जाता है।

@ राकेश अचल

भाजपा की सूची से वसुंधरा समर्थकों में नाराजगी

दैनिक समाज जागरण

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं।

हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झ-ुंझुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटो पर ही जीत पाई थी।

अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी है जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है।

जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री स-ुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनू स-ांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं।

भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी करदी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनू सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया हैं। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थको ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भरतपुर जिले की नगर सीट से दो बार विधायक रही अनीता गुर्जर ने अपना टिकट काटने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है।

देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी नाराज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं।

2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलिय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे। हालांकि भाजपा ने उदयपुरवाटी से अपने पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को टिकट देकर महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के लिए सीट नहीं छोड़कर शिंदे गुट को उनकी हैसियत दिखा दी है। लाल डायरी प्रकरण से चर्चित हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा पिछले दिनों ही अपने गांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लाकर यह प्रयास कर रहे थे कि भाजपा उनके लिए खाली छोड़ दे। मगर भाजपा ने ऐसा नहीं किया।

हालांकि कांग्रेस ने अभी तक राजस्थान में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 41 सीटों पर नाम की घोषणा कर दी है। मगर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने के बाद भाजपा में जिस तरह की आपसी खींचतान व विरोध हो रहा है उसके चलते पार्टी बैक फुट पर आ गई है। इसी कारण पार्टी ने अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा रोक दी है। भाजपा में घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ उठे विद्रोह से भाजपा के बड़े नेता डर गए लगते हैं। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक वर्तमान विधायकों को भी अपनी टिकट कटने का डर सताने लगा है। मगर पार्टी में उठे विरोध को देखते हुये मौजूदा विधायकों का टिकट काटना भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है।

आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा

मॉर्निंग वाक और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

दैनिक समाज जागरण

मॉर्निंग वाक जाने की पुरानी आदत और फिर आजकल पार्क में कुछ सत्संग का अवसर, कुछ हम उम्र उम्रदराजों के साथ गप शप ! आज जोनल पार्क में फिर कर्नल राजा राव के साथ अपनी अपनी पसंद नापसंद व दैनिक क्रिया कलाप की चर्चा के दौरान आज के समाचार पत्रों पर चर्चा होने लगी, रिटायर्ड कमिश्नर त्रिवेदी जी भी आकर बैठ गये और ब्रिगेडियर चड्ढा सर भी तब तक आ गये। चड्ढा सर - और कर्नल क्या हो रहा है ? कर्नल राजाराव - सर यही आज के संस्कार जागरण की बातें हो रही हैं। मैंने कहा - सर आज का अखबार तो पूरे बत्तीस पेज का था, लेकिनङ्क त्रिवेदी जी - भाई साहब बत्तीस में पूरे बीस पेज तो रंग बिरंगे विज्ञापनो के थे! चड्ढा सर - और सारे विज्ञापन या तो सरकारी थे या बड़ी बड़ी कंपनियों के और कोई भी हमारे मतलब का नहीं था। मैंने कहा - सर आज तो बस आधा घंटे में पूरा पेपर पढ़ लिया, दुबारा चाय की फरमाइश की नौबत ही नहीं आने पाई! कर्नल राजाराव - पेज के पेज पलटते चले गये किसी को पढ़ने में एक मिनट और किसी को तो बस पलट कर देखने का समय लगा। त्रिवेदी सर - अरे खबरें भी तो पहले ही सोसल मीडिया में, ई-पेपर में आ ही जाती हैं बस हेडिंग देखी और आगे बढ़ गये! चड्ढा सर - खबरें भी क्या, कोई चोरी की, कोई उद्घाटन की, कोई नामकरण की और कोई नाम बदलने की और कोई बाइक स्टंट की तो कोई अपहरण की या घूसखोरी की या बलात्कार की! मेरे से नहीं रहा गया - अरे सर आज की संपादकीय देखी - वही घिसी पिटी सरकारी काम काज की भूरि भूरि प्रशंसा और विपक्ष की नाकामी ! आ-ईआईटी, एम्स, आईआईएम, आईआ-ईआईटी, नीट सभी पहली बार अभी शुरू हुये है! त्रिवेदी सर - कोई इजरायल की बात तो कोई फि लिस्तीन की बात ! उधर वेस्टर्न कंट्रीज अपने चक्कर में और रुस, चीन अपने चक्कर में, कोई हथियार देने जा रहा तो कोई पैसा दे रहा है ! मैंने कहा - परंतु भारत को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए और इस युद्ध को रुकवाने का प्रयत्न करना चाहिये। विश्व गुरु होने के नाते सभी पक्षों पर अपने प्रभाव का उपयोग कर शांति स्थापित करवाने का दबाव बनाना चाहिए।आखिर जी-20 में हमने पूरे विश्व का नेतृत्व किया भी है। बातों बातों में आठ बज गये और कर्नल राजा-राव बोले - सर अब चलना चाहिए, बच्चे को स्कूल छोड़ने का समय हो रहा है। और सभी उठ कर चल दिये वापस। (इस परिचर्चा से यही निष्कर्ष निकलता है कि बड़े बड़े समाचार पत्र छोटे अखबारों को पनपने नहीं देते, सारे सरकारी व गैर सरकारी विज्ञापन और उनसे मिलने वाला अकूत पैसा इन्ही को चला जाता है साथ ही इनकी कीमत भी सबसे ज्यादा होती है। वहीं छोटे अखबारों को पाठकों और अपने जानने वालों से आर्थिक सहयोग की गुहार करनी पड़ती है ताकि उनका अखबार चल सके। सरकार को इस संबंध में नियम कानून बनाना चाहिए और सभी अखबारों को विज्ञापन मिलने चाहिए ताकि वह भी निष्पक्ष पत्रकारिता में अपना योग दान दे सकें और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत संबल प्रदान करने में सहयोग कर सकें।

कर्नल आदि शंकर आदित्य
लखनऊ

**कर्नल आदि शंकर मिश्र,
आदित्य लखनऊ**

बुनियादी शिक्षा में व्यवसायिकता के सार्थक उपयोग का महत्व।

दैनिक समाज जागरण

भारत में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट बनाने कारखाने चल रहे हैं स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो। स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सके' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद

योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से किसानों को किया जा चुका 2786.55 लाख का भुगतान

बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित, 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से की गई खरीद

लखनऊ, 19 अक्टूबरः योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान रखी है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार एक तरफ जहां आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर रही है, वहीं किसानों द्वारा इसकी खरीदारी पर भी काफी जोर दे रही है। योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से अब तक 2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जा चुकी है। इसके लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से खरीद की गई है। इस मद में किसानों को 2786.55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को पहले ही बड़ी सौगात देते हुए बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

अलीगढ़ मंडल में 6691 व आगरा में 6364 मीट्रिक टन की हुई खरीद

बुधवार तक बाजरा की खरीद सर्वाधिक अलीगढ़ मंडल में हुई है। अलीगढ़ मंडल में कुल 6691.30 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। मंडल के हाथरस में 2180.20 मीट्रिक टन, अलीगढ़ में 1751.45, कासगंज में 1429.20 व 1330.45 मीट्रिक टन क्रमिक बाजरा की खरीद हुई। वहीं आगरा मंडल के फिरोजाबाद में 3019.20, आगरा में 1865. 65, मैनपुरी में 1062.05 व मथुरा में 418. 05 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है।

40 जनपदों में 2612 किसानों से की जा चुकी है खरीद

बुधवार तक 40 जनपदों में 2612 किसानों से खरीद की जा चुकी है। फिरोजाबाद में 493, हाथरस में 448, आगरा में 447, अलीगढ़ में 351, एटा में 235, कासगंज में 190, मैनपुरी में 180, मथुरा में 86, बदायूं में 46, औरैया में 39, इटावा में 38, बुलंदशहर में 31, कानपुर देहात में 21, फरुर्खाबाद में 4, संभल में 3 किसानों से बाजार की खरीद की जा चुकी है। वहीं किसानों से अन्य स्थानों पर भी तेजी से खरीदारी जारी है।

बाजरा की खरीद के लिए 369 क्रय केंद्र स्थापित

सूबे में बाजरा की खरीद के लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें बुलंदशहर में 9, गौतमबुद्ध नगर में 2, मुरादाबाद में 5, रामपुर में 6, संभल में 8, अमरोहा में 2, बरेली में 9, बदायूं में 18, शाहजहांपुर में 7, सीतापुर में 6, हरदोई में 8, उन्नाव में 5, आगरा में 19, मथुरा में 15, मैनपुरी में 12, फिरोजाबाद में 18, अलीगढ़ में 19, एटा में 12, कासगंज में 15, हाथरस में 14, कानपुर नगर में 5, कानपुर देहात में 11, इटावा में 15, फरुर्खाबाद व कन्नौज में 6-6, औरैया में 14, बलिया-वाराणसी में 7-7, चंदौली में 3, जौनपुर में 8, गाजीपुर में 11, मीरजापुर में 10, संत रविदास नगर में 8, प्रयागराज में 6, कौशांबी में 9, फतेहपुर में 5, प्रतापगढ़, बांदा व जालौन में 8-8 तथा चित्रकूट में 5 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम के निदेर्शों के क्रम में जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण एक्शन में

आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार गण जनपद में निरंतर चला रहे हैं जांच अभियान

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 08 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए किये संग्रहित

आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में आगामी नवरात्र एवं दशहरा त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा विशेष कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे व अन्य फलाहार तथा हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप से पकाए जाने वाले केले व अन्य फलों के भंडारण/विक्रय को प्रतिबंधित करने उद्देश्य से जनपद में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर जांच अभियान चला कर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में विगत दिवस सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के निदेर्शों के क्रम में व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जनपद में सघन जांच अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों से 08 खाद्य पदार्थों का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच के लिए संग्रहित किए गए नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ को जांच के लिए प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम में अभियान के दौरान आरपी गुप्ता, रामनरेश, मुकेश, विजय, विशाल, रेनू तथा नेहा सम्मिलित रहें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि आगे भी जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व पूरे नवरात्र तक निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

आने वाले 10 वर्षों में पूरी तरह बदली हुई नजर आएगी देश की रेल: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने देश की पहली रैपिडेक्स ट्रेन 'नमो भारत' को साहिबाबाद से दिखाई हरी झंडी

पीएम मोदी ने कहा- जिस योजना का करते हैं शिलान्यास, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं

बोले पीएम- युवा पीढ़ी को विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दशक में किसी भी देश से भारत की ट्रेन को पीछे नहीं देखेंगे

20 अक्टूबर, गाजियाबाद/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'नमो भारत' में देश के भविष्य की झलक दिखती है। आने वाले 10 साल में देश की पूरी रेल बदली नजर आएगी। उन्होंने कहा कि नमो भारत को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे देश के अन्य हिस्सों से भी कनेक्ट किया जाएगा।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कृषकों को संचारी रोग नियंत्रण के लिए किया गया जागरूक।

ग्राम पंचायत दादूपुर खटाना में आयोजित जन जागरूकता गोष्ठी में कृषकों को चूहा व छछूंदर से होने वाले रोगों के नियंत्रण के लिए किया गया प्रशिक्षित।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा मेरठ मंडल मेरठ अशोक कुमार यादव एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर विनोद कुमार के द्वारा विकासखंड दादरी के ग्राम पंचायत दादूपुर खटाना में चूहा व छछूंदर नियंत्रण के लिए आयोजित जन जागरूकता गोष्ठी में कृषकों को चूहा व छछूंदर से होने वाले रोगों को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

आयोजित गोष्ठी में कृषकों को चूहा एवं छछूंदर से होने वाले रोगों को नियंत्रित करने के लिए उपाय भी बताए गए

1.संचारी रोग के प्रसार हेतु अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा/छछूंदर भी उत्तरदायी है।

2. कृषि विभाग द्वारा चूहा/छछूंदर नियंत्रण हेतु व्यापक कार्यक्रम/अभियान संचालित किया जा रहा है।

3. संचारी रोगों के रोकथाम हेतु आवासीय घरों एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों को चूहा/छछूंदर से मुक्त रखें।

4. चूहे अपना बिल घरों के अतिरिक्त झाडियों , कूडों एवं मूडों आदि में स्थायी रूप से बनाते है।, इनका समय-समय पर निरीक्षण कर साफ-सफाई व नियंत्रण के उपाय अपनायें।

5. घरों में ब्रोमोडियोलॉन 0.05 प्रतिशत के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखने से उसे खाकर चूहे मर जातें है।

6. एल्यूमिनयम फॉस्फाइड की 3-4 ग्राम मात्रा जिन्दा बिल में डालकर बन्द कर देने से उससे निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है।

7. जिंक फॉस्फाइड 80 प्रतिशत की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों के तेल एवं 380 ग्राम भुने दाने से बनाये गये चारे को बिल में रखने से उसे खाकर चूहे मर जाते है।

चूहा बहुत चालाक प्राणी है, इसको घ्यान में रखते हुए 6 दिवसीय योजना बनाकर इनको आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है

पहला दिन- आवासीय घरों एवं आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण एवं बिलों बन्द करते हुए चिन्हित करें।

दूसरा दिन- निरीक्षण कर जो बिल बन्द हों, वहॉ चिन्हा मिटा दें, जहॉ पर बिल खुले पायें वहॉ चिन्ह रहने दें। खुले बिल में एक भाग सरसों का तेल एवं 38 भाग भुने दाने का चारा बिना जहर मिलाये बिल में रखें।

तीसरा दिन- बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर का चारा पुनः रखें।

चौथा दिन- जिंक फॉस्फाइड 80 प्रतिशत की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों का तेल एवं 380 ग्राम भुने दाने में बनाये गये में बनाये गये चारे की लगभग 10-10 ग्राम मात्रा को प्रत्येक बिल में रखें।

पॉचवें दिन- बिलों का निरीक्षण करें एवं मरे हुए चूहों को एकत्र कर जमीन में गाड दें।

छठे दिन- बिलों को पुनः बन्द करें तथा अगले दिन यदि बिल खुले पाये जाये ंतो उपरोक्त कार्यक्रम पुनः अपनायें।

चूहा छछून्दर नियंत्रण हेतु बरती जाने वाली सावधानियो के बारे में भी जानकारी दी गयी। क्षेत्र के समस्त कृषकों को इस सम्बंध मे व्यापक प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में।

औषधि निरीक्षक एवं पुलिस टीम ने एक व्यक्ति से बिना वैध औषधि लाइसेन्स के जनपद गाज़ियाबाद से लायी जा रही 1 लाख की दवा को किया जब्त

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर औषधि निरीक्षक एवं पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा सयुंक्त रूप से महताब पुत्र समीरउद्दीन निवासी धूम मानिकपुर के कब्जे से बिना लाइसेन्स गाजियाबाद से लायी जा रही 1 लाख रुपए की औषधियों को बरामद किया गया। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुए बताया कि महताब से पूछताछ करने पर बताया गया कि उसके द्वारा औषधि को गाज़ियाबाद की फेमस मेडिकल एजेंसी फर्म से बिना बिल पर क्रय किया गया है, सभी औषधि को बिना औषधि लाइसेन्स या क्रय बिल के दादरी स्तिथ विभिन्न मेडिकल स्टोर पर ले जाया जाना था, जिनके संबंधित अभिलेखों को प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके क्रम में मौके से ही एक औषधि का नमूना संगृहीत किया गया और बाकी बची औषधि को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि औषधि की कुल कीमत करीब 1 लाख आंकी गई है। नमूने की जांच रिपोर्ट आने और औषधि के प्रस्तुत बिल के सत्यापन करने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में मैसर्स एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में इमरजेंसी प्लान मॉक अभ्यास हुआ संपन्न।

मॉक अभ्यास में प्रोपेन गैस के रिसाव की स्थिति पर एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करते हुए काबू पाया।

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में तथा सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर के जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा एनडीआरएफ आठवीं बटालियन गाजियाबाद के संयुक्त तत्वाधान में मैसर्स एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजीकल और न्यूकिलर पर आधारित मॉक अभ्यास किया गया, जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, स्वास्थ्य विभाग, अन्य संबंधित विभागों के साथ सीआरपीएफ, आइटीबीपी, सीआईएफ, गेल इंडिया तथा एनटीपीसी की टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि आयोजित मॉक अभ्यास में मैसर्स एल जी इंडिया इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड में अचानक प्रोपेन गैस का लीकेज का माहौल बनाया गया, जिसमें वहां काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी उसकी चपेट में आने एवं भगदड़ की स्थिति बनायी गयी, जिस पर एलजी फैक्ट्री के सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा रिस्पांसार के रूप में काम किया जाता है, लेकिन वह असफल रहे, तब इसे इमरजेंसी घोषित कर दिया गया और तत्काल जिला प्रशासन को सूचना देते हुए स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग एवं पुलिस को अलर्ट किया गया, जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एनडीआरएफ को इस घटना की सूचना दी। सूचना पाकर एनडीआरएफ के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया और गैस रिसाव की स्थिति पर काबू पाया गया। राकेश चौहान जिला सूचना

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विकासखंड जेवर में दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन।

आयोजित गोष्ठी में कृषकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विकासखंड जेवर में दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कृषक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जेवर क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह तथा उपनिदेशक उद्यान डॉक्टर विनीत कुमार, खंड विकास अधिकारी जेवर अशोक यादव, कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉक्टर विपिन, डॉ सुनील व डॉक्टर घनश्याम उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में प्रथम सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिकों के द्वारा उपस्थित कृषिकों आधुनिक तकनीक पर आधारित कृषि के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई तथा दूसरे सत्र में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कृषकों के हितार्थ विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सभी कृषक भाई अधिकारियों के माध्यम से भरपूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम में उपनिदेशक उद्यान ने भी उपस्थित कृषकों को संबोधित किया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

आबकारी व थाना बादलपुर पुलिस की टीम ने अवैध शराब का परिवहन करते हुये एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

गौतमबुद्धनगर 20 अक्टूबर, 2023 आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आबकारी टीम गौतम बुद्ध नगर एवं थाना बादलपुर की संयुक्त टीम द्वारा

संदिग्ध स्थलों पर दबिश की गई। उन्होंने बताया कि दबिश के दौरान थाना बादलपुर स्थित दुजाना चौकी के पास से एक व्यक्ति संदीप पुत्र रोहताश को हीरो स्प्लेंडर प्लस वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या वढ14ऊ्र3664 पर 45 टेट्रा पैक कैटरीना देशी शराब उत्तर प्रदेश में विक्रय के लिए अनुमन्य एवं 50 पौवे 20-20 स्ट्रांग मेट्रो कंट्री लिक्वर हरियाणा में बिक्री के लिए अनुमन्य का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

अब लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में गूंजेगा उत्तर प्रदेश का नाम

-ब्रिटेन की राजधानी के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में 6 से 9 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश बनेगा आकर्षण का केंद्र

-सीएम योगी की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग ने विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य करना किया शुरू, 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में स्टॉल लगाकर होगा यूपी का प्रमोशन

-लंदन के टूरिज्म एक्सपो में यूपी के स्टॉल को सुव्यवस्थित तरीके से स्थापित व संचालित करने के लिए एजेंसी होगी नियुक्त, ई-टेंडर के जरिए मांगा गया है आवेदन

26 अक्टूबर तक इच्छुक एजेंसियां कर सकती हैं आवेदन

लखनऊ, 20 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार अब विदेशों में भी उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग करेगी। ग्लोबल लेवल पर उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर की धाक जमाने के उद्देश्य से योगी सरकार ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में 6 से 9 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश को बतौर ब्रांड व फेवरेबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट करने की तैयारी कर रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। पर्यटन विभाग वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में एक स्टॉल स्थापित करेगा। इस स्टॉल की स्थापना व कुशल संचालन के लिए बाकायदा एक एजेंसी को पर्यटन विभाग द्वारा नियुक्त किया जाएगा। एजेंसी के लिए ई-टेंडर पोर्टल के जरिए ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 26 अक्टूबर तक इच्छुक एजेंसियां अप्लाई कर सकती हैं जिसके बाद चयनित एजेंसी को प्रोग्राम को सुचारू ढंग से संचालित करने का कार्यभार सौंपा जाएगा।

उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक विरासत को मिलेगी प्रमुख प्राथमिकता

लंदन में आयोजित हो रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक पूरी दुनिया देख सके इसके लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप पर्यटन विभाग इन्हीं दो पैरामीटर्स पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहा है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाले स्टॉल की थीमलाइन भी इसी से प्रेरित होगी। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा इस स्टॉल में उत्तर प्रदेश की सभी धरोहरों की प्रॉपर शोकेसिंग और उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टूरिस्ट डेस्टिनेशंस से जुड़े ब्रोशर्स व बुकलेट्स को एक्सपो में आने वाले एग्जिबिटर्स के सामने रखा जाएगा। इसी स्टॉल में उत्तर प्रदेश की भौगोलिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक धरोहरों की छवि के साथ ही प्रदेश की बदलती तस्वीर और विशेषकर औद्योगिक, आर्थिक, लॉ एंड ऑर्डर, गुड गवर्नेंस, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चरल ग्रोथ व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दौरान हुए सकारात्मक बदलावों को भी शोकेस किया जाएगा।

रूल बुक के अनुसार होगा कार्य आवंटन

टूरिज्म एक्सपो में स्टॉल इंस्टॉलेशन के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। इस ई-टेंडर के लिए टेंडर फीस 5 हजार रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित की गई है। वहीं, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) की रकम 2 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सारी टेंडरिंग प्रक्रिया को पर्यटन विभाग के आधीन नियमों व उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार किया जाएगा।

52 स्क्वेयर मीटर एरिया में लगेगा उत्तर प्रदेश का स्टॉल

इस ई-टेंडरिंग के जरिए स्टॉल की स्थापना व संचालन का कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में निर्धारित 52 स्क्वेयर मीटकर के एरिया में स्टॉल लगाएगी। इसके अतिरिक्त इस स्टॉल के डिजाइन, फैब्रिकेशन, सेटअप, इंस्टॉलेशन व डिसमैंटलिंग के कार्य भी इसी एजेंसी द्वारा किए जाएंगे। वहीं, स्टॉल में वीवीआईपी लाउंज, कॉफी वेंडिंग मशीन, एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन, ग्लास शोकेस, मीटिंग टेबल, लाइट बीम, पालर सॉकेट, एलईडी लाइट, नीडल पंच कार्पेट, डस्टबिन्स, चेयर्स सिलेक्शन व 45 स्क्वेयर मीटर के सिटिंग एरिया अरेंजमेंट जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा।

सीएम योगी की सख्ती पर फिर चला चकबंदी विभाग में बर्खास्तगी, निलंबन का चाबुक

लखनऊ, 20 अक्टूबरः चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नाराजगी का असर दिखने लगा है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में एक के बाद एक लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में राजस्व आयुक्त ने शुक्रवार को काम में शिथिलता बरतने पर एक चकबंदी अधिकारी, दो बंदोबस्त अधिकारी को निलंबित कर दिया है जबकि चकबन्दी अधिकारी सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी पर विभागीय कार्यवाही करने के साथ बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं अनियमितता पर दो चकबन्दी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

इन पर गिरी गाज

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने चकबंदी कार्यों में शिथिलता बरतने एवं मानक के अनुसार काम न करने पर बलिया, सीतापुर के बंदोबस्त अधिकारी अनिल कुमार और सन्तोष कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिया है। इसी तरह मानक के अनुसार कार्य न करने एवं शिथिलता बरतने पर मऊ के चकबंदी अधिकारी अशफाक आलम अंसारी को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गयी है। इसी तरह तत्कालीन चकबंदी अधिकारी सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी कामता प्रसाद को सिद्धार्थनगर के ग्राम गढावर में शासकीय भूमि को क्षति पहुंचाने में दोषी पाये जाने विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के साथ आरोप सिद्ध होने पर बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं चकबंदी अधिकारी, अलीगढ़ बृजेश कुमार शर्मा व महराजगंज ऐश मुहम्मद को चकबन्दी क्रियाओं के दौरान गम्भीर अनियमितता पर दो पर एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

प्रदेश की नारी शक्ति को मिला 29 हजार शक्ति दीदी का साथ

लखनऊ, 20 अक्टूबरः प्रदेश की नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत प्रदेश भर में महिलाओं को जागरुक करने, योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्या का मौके पर ही निस्तारण करने एवं बच्चों को गुड और बेड टच की जानकारी देने समेत अन्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मालूम हो कि इन सभी कार्यक्रमों का आगाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से महिला सशक्तिकरण रैली रवाना कर किया था। योगी सरकार के मिशन शक्ति के चौथे चरण को सफल बनाने के लिए 28,965 पुलिस कर्मचारी-अधिकारी एवं विभिन्न विभाग के 7,738 अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश की ग्राम पंचायातों, वार्ड, मोहल्लों, स्कूल, कॉलेज एवं शारदीय नवरात्र में स्थापित पंडाल, रामलीला मंच के साथ मेला स्थल का भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के थीम सॉन्ग, ध्वनि संदेश और परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। ढ़ाई हजार से अधिक महिला अपराध से पीड़िताओं का महिला बीट कर्मियों ने जाना हाल-चाल महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अपर पुलिस महानिदेशक एवं मिशन शक्ति की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत 15 अक्टूबर से अब तक यूपी पुलिस एवं विभिन्न विभाग की ओर से प्रदेश के 76,043 पूजा पंडाल, रामलीला एवं मेला स्थल का भ्रमण किया गया है।

अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर के साथ दो लोगों हुए गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुरुवार की संध्या हसनपुर गांव से उतर पिंड से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गुरुवार की संध्या एक ट्रैक्टर द्वारा बालू उठाव किये जाने की सूचना मिली। जिसके बाद कार्रवाई की गई। मामले में एस आई प्रशांत कुमार के बयान पर कांड संख्या 326/23 दर्ज किया गया है जिसमें ट्रैक्टर चालक व मालिक को आरोपित किया गया है। वहीं चालक सरसोल गांव निवासी सोनू कुमार व शिवपूजन यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। वहीं थाना क्षेत्र के कुर्की वारंटी राजापुर गांव निवासी गोबर बिंद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

ऐतिहासिक होगा प्रखंडस्तरीय अतिपिछड़ा स्वाभिमान सम्मेलन

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें गोह प्रखंड अंतर्गत बिनोवा बिगहा स्थित लोहिया स्मारक हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।इसकी तैयारी को लेकर राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी ने बताया कि 30 अक्टूबर को होने वाले प्रखंडस्तरीय अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ स्वाभिमान सम्मेलन एतिहासिक होगा। इसको सफल बनाने के लिए लगातार गोह विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। वहीं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रभारी सह प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी ने दस दिनों से लगातार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अतिपिछड़ा समाज को जागरूक किया है। तथा रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के हाथों को मजबूत करने के लिए अतिपिछड़ा समाज के लोग तत्पर हैं। अतिपिछड़ा समाज की भागीदारी के अनुकूल हिस्सेदारी नहीं है। राज्य में निकम्मी सरकार को हटाना है और उपेन्द्र कुशवाहा को जितना है। तभी अतिपिछड़ा समाज के लोगों को हिस्सेदारी प्राप्त हो सकती है। इस मौके पर उपस्थित अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला सचिव अजीत चंद्रवंशी , अजय चंद्रवंशी , नंदकिशोर चंद्रवंशी ,अमित गुप्ता, विकास गुप्ता , दीपक कुमार , गुड्डू ठाकुर , प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र चंद्रवंशी , संजीत ठाकुर, मोहम्मद फरहान , शैलेन्द्र उर्फ कालू , रविन्द्र चंद्रवंशी , अमरेंद्र चंद्रवंशी, योगेंद्र भगत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एसबी आई शाखा गोह के माध्यम से कैंप लगाकर किसानों को केसीसी के बारे में दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)केसीसी ऋण को लेकर किसानों को दी गई विषेश जानकारी।गोह प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत अकौना गांव में किसानों के बीच शुक्रवार को एसबी आई बैंक की ओर से कैंप लगाकर किसानों के बीच विषेश जानकारी दी गई।

शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार ने किसानों के बीच केसीसी ऋण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड प्रत्येक किसानों के घर में होना चाहिए । जिससे किसानों को बैंक ऋण का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त हो सके। जिस किसान को जिस बैंक में समान निधि मिल रहा है उन्हें उसी बैंक से किसानों को क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा। केसीसी ऋण से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्र पदाधिकारी अंकित कुमार ने किसानों को क्रेडिट कार्ड बनाने पर बल दिया है।इस मौके पर अमर कुमार , हृदय कुमार सिंह , सतीश कुमार सिंह , चिंटू कुमार सिंह , यशवंत कुमार सिंह, इंद्रजीत कुमार सिंह,रामवचन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

आई हॉस्पिटल खुलने से अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा लाभ

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर अनुमंडल के एन एच 139 के औरंगाबाद-पटना रोड में उमरचक के पास काराकाट सांसद महाबली सिंह के द्वारा सरोज मेमोरियल आई केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। उन्होंने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।सांसद ने कहा कि इस आई केयर अस्पताल के खुल जाने से इस अनुमंडल क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलेगा, चिकित्सा

के क्षेत्र में एक बेहतर उपलब्धि है। अतिथियों का स्वागत इं. शिवनारायण प्रसाद, इं. विश्वनाथ प्रसाद , डॉ रंजीत कुमार, इं. पीयूष कुमार एवं अस्पताल की संरक्षक पटना जिले में पदस्थापित डीएसपी सह बिहटा थानाध्यक्ष डॉ. अनु कुमारी ने बुके एवं अंग वस्त्र के साथ मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, नगर पर्षद दाउदनगर की मुख्य पार्षद अंजली कुमारी,जिला बीस सूत्री सदस्य संजय पटेल, वार्ड पार्षद सीमन कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश राम, नप के स्टैंडिंग कमेटी सदस्य डॉ. केदारनाथ सिंह, वार्ड पार्षद बसंत कुमार, जय गोविंद प्रसाद, राधा रमण पुरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत कुमार तांती ,संतोष कुमार,जदयू नेता विनय पटेल, अमरेश पटेल ,पप्पू गुप्ता, जिला सांसद प्रतिनिधि अरविंद उपाध्याय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रतिनियुक्ति स्थल पर आवश्यक रूप से तैनात रहेंगे दंडाधिकारी

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दुर्गा पूजा को लेकर दाउदनगर अनुमंडल में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों की ब्रीफिंग दाउदनगर थाना परिसर में एसडीओ

मनोज कुमार द्वारा किया गया। एसडीओ ने दंडाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर आवश्यक रूप से तैनात रहना है। समय पर पहुंच जाना है और तैनात रहना है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखनी है।पुलिस द्वारा सघन गश्ती की जाएगी। यह सभी दंडाधिकारी की जवाबदेही है कि आम लोग अपने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। अपने निकटतम पूजा - पंडाल का भ्रमण भी करते रहें।

जनता की समस्याओं को जानने का माध्यम है जन संवाद कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह
संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 20 अक्टूबर 2023 :- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। जन संवाद के माध्यम से सरकार कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप तक पहुंचाना चाहती है और आपकी समस्याओं को जानना चाहती है। सरकार ने विगत दस-पंद्रह वर्षों में शिक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सरकार हमारी जरूरत के अनुसार सुविधा उपलब्ध करा रही है। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत डुमरी अंतर्गत महसु गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, प्रखंड प्रमुख, बीडीओ मनोज कुमार, अंचलाधिकारी अभय कुमार, कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, मुखिया रविंद्र यादव, मुखिया श्याम बिहारी राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यक्रम में लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी की जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत की जनता का काम पंचायत सरकार भवन में किया जाएगा। अब लोगों को प्रखंड कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। पंचायत सरकार भवन सरकार की बड़ी उपलब्धि है। कोरोना महामारी में सरकार ने मुफ्त में अनाज उपलब्ध कराया। वैसी विकट परिस्थिति में भी कोई भूखा नहीं सोया। वृहद पैमाने पर मुफ्त में वैक्सीनेशन किया गया जिससे जानमाल की क्षति कम हुई। रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़े काम किए हैं। बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली

की गई है। उन्होंने अविभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के जन्म से मृत्यु तक जरूरत के हर पहलू के लिए योजना चला रही है। जैसे हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, मिड डे मील, साइकिल, पोशाक, किताबें कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, आवास एवं अन्य सुविधाएं मुफ्त में दे रही है। वहीं बेरोजगार लोगों को स्टार्टअप योजना के तहत सब्सिडी के साथ लोन उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक योगेंद्र कुमार ने कृषि यंत्रीकरण, पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की जानकारी दी। कृषि यंत्रीकरण योजना के बारे में उन्होंने बताया कि एक सौ छः कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है। बीस हजार से ज्यादा के अनुदान वाले यंत्रों के खरीदने के लिए एक एकड़ जमीन का एलपीसी लगाना आवश्यक है। पहले पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों को पीएफएमएस प्रणाली से राशि का भुगतान किया जाता था। अब भुगतान प्रणाली में बदलाव किया गया है। आईएनपीसीआई से लिंक खाता में ही राशि का भुगतान किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से खाता को आईएनपीसीआई से लिंक किया जा रहा है। इस दौरान एक्साइज विभाग के अधिकारी शैलेंद्र कुमार, पीएससाई सुमित सुमन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान बीसी दिनेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय तिवारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थें।

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र मे अस्सी समूह का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक समूह में दस से पंद्रह महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की पहचान पति एवं ससुर के नाम से होती थी। महिलाओं को बचपन में दिया गया नाम एक उम्र तक आते-आते गुम हो जाता था। वे अपनी पहचान खो कर गुमनाम हो जाया करती थी। जीविका ने उन महिलाओं को नई पहचान दी है। बचपन में जो नाम कहीं खो गया था, वे आज जीविका दीदी के नाम से जानी जाती हैं। जीविका महिलाओं को बकरी पालन जैसे कई रोजगार उपलब्ध कराती है। कृषि उद्यमी योजना के तहत तेईस दिन का ट्रेनिंग देने का पश्चात खाद्य एवं बीज का दुकान खोलने का लाइसेंस दिया जाएगा। जिस-के आधार पर जीविका दीदी अपने पंचायत में किसानों को ससमय खाद एवं बीजों की आपूर्ति करेंगी

विजयादशमी के अवसर पर गोह में रक्त वीर योद्धाओं का किया जाएगा चयन

दैनिक समाज जागरण कुमारी
जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय में ब्लड (खून) डोनेट करने वाले रक्त वीर योद्धाओं का किया जाएगा चयन । इस कार्य में नये युवाओं को जोश खरोश के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। हमारे क्षेत्र की पढ़ी लिखी महिलाएं आज भी अपने परिवार को ब्लड डोनेट करने से रोकती है। इसलिए हमारे क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त होने की जरूरत है।ब्लड डोनेट करने से किसी भी प्रकार कि हानि नहीं होती है। इसलिए देश हित एवं जन हित के लिए सदैव तत्पर रहें। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 24 अक्टूबर 2023 को 10 बजे दिन में गोह प्रखंड स्थित सारवती प्रोजेक्ट कन्या इन्टर स्कूल के सभा कक्ष में समाजसेवी बुद्धिजीवी लोगों के बीच एक गोष्ठी कर आयोजन किया जायेगा। इसमें स्वैच्छिक रक्त दान करने वाले वीर योद्धाओं का नाम , पता , मोबाइल नंबर एवं उनकी ब्लड ग्रुप का निरीक्षण कर सूची वध रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। जब किसी भी मरीज को इमरजेंसी आवर में ब्लड की जरूरत पड़ेगी तो उन्हें इस संस्था के माध्यम से निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। इस पुनीत कार्य में सभी समुदाय के लोगों को सहयोग करने की आवश्यकता है। आप सभी इस कार्यशाला में भाग लेकर इस मुहिम को सफल बनाने एवं सहयोग करने की आत्म बल दें। तथा रक्त दान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

अत्याधुनिक तकनीक के बारे में किसानों को दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार
अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउददनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में रवि महा अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विनोद कुमार यादव, बीडीओ योगेंद्र पासवान, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ,राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह , जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कृषि वैज्ञानिक अनूप कुमार चौबे ,उप परियोजना निदेशक शालिग्राम सिंह, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार समेत अनय पदाधिकारियों ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।वक्ताओं ने कहा कि किसानों के लिए यह बेहद ही

महत्वपूर्ण शिविर है। जिसमें उन्हें कृषि के अत्याधुनिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है ।कृषि वैज्ञानिक ने कहा की बुवाई के पहले बीज को उपचारित करना आवश्यक है ।किसान बीज लगाने से पहले बीजोपचार करें, ताकि पौधे में किसी प्रकार की रोग न लगे । किसानों को फसलों की खेती से पहले अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराने के लिए कहा गया ।कहा गया की मिट्टी जांच कराने से किसान अधिक उर्वरक के प्रयोग से बच सकते हैं। इससे किसानों को नुकसान नहीं होगा ।वक्ताओं ने कहा कि किसान आधुनिक व उन्नत तकनीक को अपना कर कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं ।जब कम लागत में अधिक मुनाफा होगा तो किसानों का जीवन स्तर समृद्धि होगा। कार्यक्रम की देख-रेख प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय रजक ने की।

विकास मित्रों की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

दैनिक समाज जागरण गौतम
कुमार अनुमंडल संवाददाता
दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने प्रखंड कार्यालय सभागार में विकास मित्रों के साथ बैठक करते हुए उनके कार्यों की समीक्षा की ।बताया गया कि विकास मित्रों को रजिस्टर अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। एवं दाउदनगर के पोस्ट मैट्रिक कॉलेज में ओबीसी एवं एबीसी 2022 -23 स्कॉलर शिप के बारे में विस्तार से कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने समझाया और कहा कि दाउदनगर के इन कॉलेजों को आदर्श आईटीसी दाउदनगर, अंकोढाकॉलेज दाउदनगर, आर्यभट्ट आईटीसी, अशोक इंटर स्कूल दाउदनगर, भगवान प्रसाद विश्वनाथ प्रसाद इ.ए कॉलेज दाउदनगर , दाउदनगर कॉलेज दाउदनगर , ट्रेनिंग कॉलेज तरार दाउदनगर, हाई स्कूल एकौनी, हाई स्कूल अरई, इंटर हाई स्कूल कनाप। सभी जगह जांच करने का आदेश विकास मित्रों को दिया गया है।

विकास मित्रों को कहा गया कि अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से करें ।सामाजिक सुरक्षा पेंशन आवास योजना समेत अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई।इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।मौके पर विकास मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश चौधरी, विकास मित्र मुकेश कुमार, समीर कुमार, कामाख्या दास,अमित कुमार अर्जुन राजवंशी, ललन कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद चौधरी ,रेनू कुमारी, नागवंती कुमारी, पुष्पा कुमारी, अनिता देवी, ललिता देवी, रानी कुमारी, सुमित्रा कुमारी ,अजय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

बोधगया प्रखंड के ग्राम छाछ के निवासी अरुण कुमार राव को जिला कार्यानवयन समिति(20 - सूत्री)का बनाया गया सदस्य.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार)- बोधगया प्रखंड अंतर्गत ग्राम छांछ के निवासी अरुण कुमार राव को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुशंसा पर बिहार के राज्यपाल महोदय के आदेश के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव निशीथ वर्मा द्वारा उन्हें जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति(20सूत्री) के सदस्य रुप में मनोनीत किया गया. इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन बाबू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पुर्व विधायक अभय कुशवाहा, धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य चंदन कुमार सिंह एवं पार्टी के बरिष्ठ साथियों को सहृदय आभार प्रकट किया. उन्होंने आगे कहा कि मैं जदयू के पंचायत के

निचली इकाई से लेकर प्रदेश सचिव एवं विधानसभा प्रभारी के रुप में संगठन को सशक्त एवं अपने नेता के हाथों को मजबूत करने में ईमानदारी पुर्वक निस्वार्थ भाव से संगठन में जो जिम्मेदारी दिया गया उसे जीतोड़ मेहनत कर अपने पार्टी के प्रति कर्तव्य का निर्वहन किया बीस सूत्री समिति गठन से जिले भर की जन समस्याओ का समाधान का अवसर मिलेगा.उनके मनोयन पर पुर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर सिंह,जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अमर नाथ राय, जितेन्द्र दास,शंकर चौधरी,मुनम कुशवाहा, बवंन चन्द्रवंशी, प्रकाश राम पटवा, सीता राम सिंह, द्वारिका प्रसाद,रौशन राउत, धनंजय शर्मा, राजेश कुमार, मितमबरा लोहड़े,बैजू यादव, विवेक कुशवाहा, सहित सैकड़ों साथियों ने बधाई एवं खुशी व्यक्त किया.

नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा की मां कात्यायनी की हुई पूजन

दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा

औरंगाबाद(बिहार) -- प्रखंड में दुर्गा पूजा को लेकर हसपुरा बाजार सहित सुदूर इलाके में गहमागहमी का माहौल है। शारदीय नवरात्र को लेकर नौ रूपों की पूजन विधि विधान के साथ भक्त जुटे हुए हैं। शास्त्रों के अनुसार

जिसे लेकर 6 डे दिन मां दुर्गा का मां कात्यायनी के रूप में पूजन किया गया। हसपुरा बाजार के पटेल चौक पर दुर्गा मंदिर मंदिर पूजा करा रहे आचार्य रितेश मिश्रा व बड़ी फिल्ड में मां काली की पूजन करना रहे आचार्य सुभाषचन्द्र पाण्डेय ने शारदीय नवरात्र में पूजा पर बैठे यजमान शिवम कुमार,गोपी कुमार , मनीष कुमार, विकास कुमार,रवि कुमार, राजीव कुमार, उपेन्द्र भगत के बीच शारदीय नवरात्र के छठे दिन पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा मां कात्यायनी की पूजा कुंवारी कन्याओं के विशेष फलदायी है। इनकी पूजन करने से सुख समृद्धि व सुंदर घर और वर प्राप्त होता है। आचार्य रितेश मिश्रा ने कहा कात्यायनी ऋषि के यहां जन्म हुआ था। जिसे लेकर इन्हें शत्रुहंता भी कहा जाता है। इनकी पूजन करने से आठो प्रकार की सिद्धि की प्राप्ति होती है। आचार्य रितेश मिश्रा ने कहा शुक्रवार को देर शाम सातवें रूप कालरात्रि की पूजा होगी। मां कालरात्रि की पूजा संपन्न होते श्रद्धालुओं के लिए मां दुर्गा की दर्शन पूजन शुरू हो जायेगा। शनिवार को मां दुर्गा की आठंवा रूप महागौरी की पूजा होगी।

हसपुरा के धमनी गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

दैनिक समाज जागरण प्रेम
कुमार, प्रखंड संवाददाता,हसपुरा

औरंगाबाद(बिहार)-- प्रखंड के धमनी गांव में समाजसेविका चन्द्रावती देवी की याद में श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्कारक सम्राट अशोक क्लब भारत के राष्ट्रीय महाप्रबंधक डॉ. आर पी मौर्य ने कहा बुद्ध का धम्म समाज के लिए मंगल पर आधारित है। बुद्ध का दर्शन पूरी तरह से विज्ञान पर आधारित है। बुद्ध के त्रिशरण और पंचशील से ही सारी समस्याओं का समाधान संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि पाखंड और रूढ़िवाद से निजात पाए बिना समाज का विकास संभव नहीं है।

इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. ए के रथ, डॉ. चन्दन

कुमार, डॉ.नीतीश कुमार, डार्ड हास्पीटल दाउदनगर के शहजाद आलम,मगध हास्पीटल एण्ड ट्रामा सेंटर के डा धीरेन्द्र कुमार,अरविन्द हास्पीटल दाउदनगर के डा टी के सिंह,जे पी एस के डा.जयनन्दन कुमार ने भाग लिया।इस अवसर पर सम्राट अशोक क्लब औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष ललन सिंह मौर्य, ब्रजकिशोर मौर्य, प्रमोद कुमार मौर्य, द्वारिक सिंह मौर्य, सच्चिनन्द मौर्य, सुरेश मौर्य, बालेश्वर सिंह,श्याम किशोर सिंह गोपाल प्रसाद,अजय कुशवाहा, साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी,एस के नवीन,अजय कुमार,उमेश प्रसाद,कमलेश मौर्य, मुनेन्द्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर करीब साढ़े चार सौ मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम का प्रेरणास्रोत सम्राट अशोक क्लब औरंगाबाद रहा।

आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने अपनी मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार
अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर ओबरा एवं दाउदनगर प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका संघ ने सिंचाई विभाग के आईबी में काराकाट क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महाबली सिंह को मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में पांच सूत्री मांगों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं की हालत मजदूरों से भी बदतर हो गई है। बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 10 हजार सुनिश्चित करने ,बिहार में भी ग्रेच्युटी भुगतान करना सुनिश्चित करने , केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित करने और दर्जा मिलने तक सेविकाओं को 25 हजार व सहायिकाओं को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय देने, योग्य सहायिका से सेविका में बहाली हेतु अतिरिक्त 10 बोनस अंक का प्रावधान लागू करने एवं सेविका से पर्यवेक्षिका तथा सेविका सहायिका के रिक्त सभी पदों

पर अविलंब बहाली सुनिश्चित करने, 20 जुलाई 2022 के समझौते के आलोक में लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। हिट करते सांसद ने कहा कि आप सभी की मांगे जायज है इसे सरकार के समक्ष रखा जाएगा।संघ की दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष करुणा सिंहा, इंदु कुमारी, संगीता कुमारी, किरण कुमारी पिंकी कुमारी ,कुमारी पूनम सहाय ,श्याम परी देवी, रामकली देवी, कुंती देवी, ओबरा प्रखंड की सविता कुमारी, संजू कुमारी , गीता देवी, संगीता कुमारी , राजमणि कुमारी ने संयुक्त रूप से अपनी मांगों से संबंधित आवेदन सांसद को देते हुए उनसे सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला सचिव देवबलि सिंह ने किया तथा जिला सांसद प्रतिनिधि अरविंद उपाध्याय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल ,राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह ,युवा राजद के प्रदेश सचिव अरुण कुमार यादव, जद यू नेता संजय पटेल ,राजद नेता संजय कुमार सिंहा, बृज वर्मा,विनय पटेल,कांग्रेस नेता कमाल खान, सत्तार अंसारी,पूर्व वार्ड पार्षद अरुण कुमार यादव ,जदयू के प्रखंड प्रवक्ता पप्पू गुप्ता, सिंटू पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

एमयू के इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 में जीबीएम कॉलेज की नेहा कुमारी को प्रथम स्थान मिला- डॉक्टर कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)-गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी तथा तेजस्विनी ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 के अंतर्गत ऐयर राइफल शूटिंग में क्रमशः प्रथम तथा तृतीय स्थान प्राप्त करके कॉलेज का नाम रौशन किया है। वहीं इंटर कॉलेज पिस्टल शूटिंग में कॉलेज की तेजस्विनी तथा नेहा कुमारी ने क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफीज,

मेडेल्स तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि गत गुरुवार दिनांक 19 अक्टूबर को कॉलेज की छात्राएँ इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 में भाग लेने खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय एवं शिक्षकेतर कर्मी अभिषेक कुमार के संरक्षण में नवादा के कन्हाई लाल साव कॉलेज गयी थीं, जहाँ शूटिंग की विभिन्न विधाओं में छात्राओं की प्रतिभागिता अत्यंत प्रशंसनीय रही। शूटिंग टूनार्मेंट में कॉलेज की शानदार प्रतिभागिता पर खुशी जताते हुए प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक खुशी जतायी है.

छेड़खानी के मामले में एक आरोपित युवक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार
अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर थाना क्षेत्र के शमशेर नगर गांव में स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर उक्त गांव निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार ने बताया कि उसके खिलाफ दाउदनगर थाना में 596/23 कांड दर्ज है । जो छेड़खानी से संबंधित है. इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दाउदनगर थाना पुलिस ने महेंद्रा चक गांव से एक वारंटी को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें गिरफ्तार वारंटी शिवनाथ चौधरी महेंद्रा चक गांव का रहने वाला है। यह कार्रवाई दाउदनगर थाना के पीएसआई दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई .पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक महिला गिरफ्तार।

रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता।

अररिया। सिमराहा ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुनार पट्टी मिजार्पुर के निकट से 300 बोतल प्रतिबन्धित कफसिरप के साथ 1

महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । सिमराहा ओपी थानाध्यक्ष राजनंदनी सिन्हा को प्रतिबन्धित कफसिरप की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के पश्चात थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआई व पुलिस बल के साथ छापेमारी कर घर के पीछे रखे 100 एमएल का 300 बोतल प्रतिबन्धित कफसिरप बरामद किया, जिसका कुल वजन 30 लीटर बताया गया है। मौके से प्रतिबन्धित कफ सिरप के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया । महिला सिमराहा ओपी थाना क्षेत्र के सुनार पट्टी मिजार्पुर निवासी सोहिल खातून बताया गया हैं । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला से आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया गया है।

अररिया एसपी ने किया फुलकाहा दुर्गा मंदिर का निरीक्षण, थाना अध्यक्ष को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश।

रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता।

अररिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने शुक्रवार की शाम नरपतगंज प्रखंड के भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के फुलकाहा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर विधि व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ बैठकर विधि व्यवस्था का जानकारी लेते हुए मौके पर मौजूद

फुलकाहा थानाध्यक्ष साजिद आलम से विस्तृत जानकारी लेते हुए कई तरह के दिशा निर्देश दिए। एसपी ने पूजा कमेटी के सदस्यों को कहा कि भाईचारा के साथ दुर्गा पूजा मनाएं। थानाध्यक्ष को एसपी ने कहा किसी भी तरह की अनहोनी ना हो जिसको लेकर पुलिस जवानों को मंदिर एवं बाजारों के चौक चौराहों पर तैनात करें, महिला श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो और बैरिकेडिंग की व्यवस्था करें। वहीं एसपी ने फुलकाहा स्थित मंदिर में जाकर मां का आशीर्वाद लिए। मौके पर फुलकाहा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर साजिद आलम बथनाहा ओपी अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर नंदकिशोर नंदन के अलावे आधा दर्जन पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

विश्व बांग्ला शरद सम्मान कार्यक्रम के तहत पूजा कमेटियों के मध्य पुरस्कार वितरण किया गया

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता

झाड़ग्राम जिला प्रशासन व जिला सूचना एवं सांस्कृतिक कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित सिद्धू कान्हू सभागार कक्ष में विश्व बांग्ला शरद सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सुनील अग्रवाल ने उपस्थित पूजा कमिटीयों को दुर्गा उत्सव की बधाई दी। श्री अग्रवाल ने शांतिपूर्ण तरीके से पूजा अनुष्ठान मनाने की अपील की। श्री अग्रवाल ने कहा पिछले वर्ष यूनेस्को द्वारा दुर्गा पूजा को मान्यता दिए जाने के पश्चात से लोग दुर्गा पूजा प्रारंभ से दो-चार दिन पहले ही आनंद के साथ पूजा मनाने एवं पूजा भ्रमण करने में काफी दिलचस्पी रख रहे हैं। जो काफी हर्ष की बात है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया विश्व बांग्ला शरद सम्मान हेतु कुल 26 प्रतियोगियों ने भाग लिया था। जिसमें कुल 12 प्रतियोगियों के मध्य पुरस्कार प्रदान किया गया।

श्रेष्ठ पूजा हेतु जंबोनी सार्वजनिन दुर्गा उत्सव पूजा कमिटी, झाड़ग्राम अरण्य संघ, झाड़ग्राम महिलाबृन्द सार्वजनिन दुर्गा उत्सव

श्रेष्ठ पंडाल

बिरिहांडी सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमिटी, पुरातन झाड़ग्राम सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमिटी, संघमित्रा व्यायाम संघ

श्रेष्ठ प्रतिमा

नूतनडीही टाउन मैदान सार्वजनिन दुर्गा उत्सव कमेटी, पूवार्षा दुर्गा उत्सव कमेटी झाड़ग्राम, शरद उत्सव पूजा कमेटी

श्रेष्ठ समाज सचेतन पूजा

घोड़ाधोरा सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी, बछुरडोबा सार्वजनिन दुर्गा उत्सव, लोधाशुली सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमिटी का नाम शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एल एंड आर) धीमान बरुई, एडीएम पिजूष गोस्वामी,एडीएम अवनीत पूनिया, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तम घोष, कल्याण सरकार, जिला सूचना एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी संतु बिश्वास, अनुमंडल सूचना एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी नंदी वर्धन मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

भारत-नेपाल बॉर्डर जोगबनी से भारी मात्रा में नशीली दवा एवं सूई के साथ एक महिला गिरफ्तार।

रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता।

अररिया । जिले के भारत-नेपाल सीमा जोगबनी में नशीली दवा माफियाओं पर एसएसबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा से सटे पीलर संख्या-180 के समीप नशीली दवा एवं सूई के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला जोगबनी वार्ड तीन निवासी रजिया खातून बताया गया है। वहीँ एसएसबी जवानों ने आवश्यक पूछताछ के बाद कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार महिला को नशीली दवा के साथ जोगबनी पुलिस को सौंप दिया है । उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। गिरफ्तार महिला के बैग से 18,845 नशीली दवा एवं 1,925 नशीली सूई बरामद किया गया है। बता दें कि सीमा पर लगातार एसएसबी के जवानों के द्वारा नशीली पदार्थों के साथ कई महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। परंतु सीमावर्ती बॉर्डर जोगबनी क्षेत्र के महिला तस्कर पर की गई कार्यवाही से जरा भी भय नहीं दिख रहा है।

स्थानीय लोग बताते हैं पैसे की लालच में भोले भाले महिला को नशे के कारोबारी अपने जाल में फंसाकर उनसे तस्करी करवाते हैं। तस्करी के पीछे बड़े-बड़े तस्करों का हाथ है। जो सीमा पार नेपाल में बैठकर नशीली पदार्थ का कारोबार करते हैं।

बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचेतक डॉ दिलीप कुमार जायसवाल से मुलाकात कर अपनी मांग पत्र सोपा

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

मुख्य सचेतक डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल से बिहार राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधि मंडल अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर एमजी मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में पहुंचकर मुलाकात कर अपनी 5 सूत्री मांग पत्र बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम का मुख्य सचेतक डॉक्टर दिलीप कुमार को सोपा। मांग पत्र के माध्यम से अपनी पांच सूत्री मांगों में बताया कि बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त राशि 10,000 सुनिश्चित किया जाय। सुप्रीम कोर्ट का आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रेच्युटी भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए क्रमशः ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित किया जाय, जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं होता है, तब तक सेविकाओं को 25,000 एवं सहायिकाओं को 18,000 प्रतिमाह मानदेय राशि दी जाय। योग्य सहायिका से सेविका में बहाली हेतु अतिरिक्त 10 बोनस अंक देने के प्रावधान को लागू किया जाय एवं सेविका से पर्यवेक्षिका तथा सेविका एवं सहायिका को रिक्त सभी पदों पर अविलंब बहाली सुनिश्चित की जाय। 16.05.2017 एवं 20 जुलाई 2022 के समझौते के आलोक में लंबित मांगों को लागू किया जाय। वही इस दौरान मुख्य सचेतक डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल

अपनी मांगों को लेकर मिलने के लिए आए थे। आगामी 6 नवंबर से बिहार विधान मंडल का सत्र का शुरूआत हो रहा है। आंगनबाड़ी सेविका का जो मांग है कि इनका मानदेय ₹10000 निर्धारित किया जाए। इसके साथ-साथ उनका ग्रेच्युटी का भी लाभ दिया जाए। विरोधी दल के मुख्य सचेतक होने के नाते मैं इस पर ध्यान आकर्षण के माध्यम से सदन में इनकी आवाज को उठाऊंगा और आंगनबाड़ी सेविका के साथ जो कम वेतन देकर इनको प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। इनके भी बाल बच्चे, परिवार है। तो सरकार से बाध्य करूंगा कि इनकी मांगों को पूरा किया जाए। अगर सरकार इनकी मांग पर विचार नहीं करेगी तो विपक्ष विधानमंडल, विधानसभा, विधान परिषद सदन को नहीं चलने देगा और उनकी आवाज को उठाने का काम करेगा।

समय पर रोग की पहचान व उचित उपचार से कैंसर से पूर्णतः निजात संभव।

स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये पूरे माह संचालित होगा पिंक अक्टूबर अभियान।

सभी सीएचओ को कैंसर संबंधी जानकारी देते हुए व स्क्रीनिंग के लिये किया गया प्रशिक्षित।

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता।

अररिया। जिले में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिंक अक्टूबर अभियान संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे लेकर पूरे महीने जागरूकता अभियान संचालित किया जायेगा। स्तन कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने, इसकी रोकथाम व उपचार संबंधी उपायों को बढ़ावा देना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। पिंक अक्टूबर अभियान के तहत सदर अस्पताल अररिया में शुक्रवार को विशेष जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की अगुआई में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत कुल 53 सीएचओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में सदर अस्पताल में संचालित कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर में कार्यरत होगी भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर मुज्जफरपुर

की चिकित्सक डॉ सायना आलम, डॉ मैत्रयी द्वारा सभी सीएचओ को स्तन कैंसर, मुंह के कैंसर व सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए इसके स्क्रीनिंग को लेकर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में डीपीसी राकेश कुमार, जपाइगो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मो याकूब सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे।

जागरूकता बढ़ाना अभियान का उद्देश्य-

भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर की चिकित्सक डॉ सायना आलम ने बताया कि पिंक अक्टूबर अभियान का मुख्य उद्देश्य स्तन कैंसर के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाना है। ताकि इसके कारण, रोकथाम व उपचार को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर रोग की पहचान, उचित जांच व उपचार से कैंसर की बीमारी से पूर्णतः निजात पायी जा सकती है। डॉ मैत्रयी ने कहा कि स्तन में किसी तरह की गांठ, इसके आकार में किसी तरह का परिवर्तन व निप्पल से किसी तरह का रिसाव स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षण हो सकते हैं। ऐसी कोई भी शिकायत होने पर तत्काल सदर अस्पताल पहुंच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श लेना जरूरी है।

समय पर रोग की पहचान व उपचार जरूरी -

डीपीसी राकेश कुमार ने बताया कि जानकारी की कमी व जागरूकता के अभाव में कैंसर से जुड़े मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लिहाजा रोग के कारणों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है। कैंसर के मामलों में समय पर रोग की पहचान व उपचार जरूरी है। जो पिंक अक्टूबर माह अभियान का मुख्य उद्देश्य है।जपाइगो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ याकूब ने बताया कि महज जागरूक होकर कैंसर के खतरों से बहुत हद तक बचाव संभव है। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान में जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इसे लेकर संबंधित कर्मियों को विशेष रूप प्रशिक्षित किया जा रहा है।

फुलकाहा एसएसबी के जवानों ने 517 लीटर शराब जप्त किया।

जवानों को देख तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया।

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता।

अररिया। फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की रात फुलकाहा एसएसबी 56 वीं वाहिनी बीओपी के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर 20 बोरी (570 लीटर)नेपाल निर्मित दिलवाले नामक शराब को जप्त करने में सफलता पाई है। तो वहीँ तस्कर जवानों को देख अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा । मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे बीओपी कमांडर अर्जुन अदनोर जवानों के साथ गस्ती के लिए निकले हुवे थे, उसी दौरान सूचना मिली कि कुछ तस्कर नेपाल से बोरी में शराब लाकर सीमा पिलर संख्या -187/1 चैनपुर गांव राम टोला के समीप आम बगीचा में रखे हुए है, जो चार चक्का वाहन पर लाद कर कहीं ले जाने के फिराक में है। सूचना मिलते

ही जवानों के साथ उक्त स्थान पर पहुंच गया, पहुंचते ही तस्कर ने अंधेरे का लाभ उठाकर शराब की बोरी छोड़कर फरार हो गया। तत्पश्चात शराब को कब्जे में लेकर कैंप लाया, जहां कागजी कार्रवाई करते हुए आज शुक्रवार को फुलकाहा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

जिलास्तरीये टीम ने सीएचसी बहादुरगंज का किया निरीक्षण

-मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को की गई लक्ष्य योजना की शुरूआतः सिविल सर्जन

जिलास्तरीय टीम असेसमेंट से प्रमाणीकरण में आएगी गति डीसीक्यूए

-प्रसव कक्ष एवं मैटरनिटी सेंटर में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने को लेकर किया गया निरीक्षण : एमओआईसी

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति काफी गति से कार्य कर रही है। विदित हो की इससे पहले जिले के सदर अस्पताल को केंद्रीय लक्ष्य प्रमाणीकरण से नवाजा जा चुका है। अबे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरगंज का निरीक्षण जिलास्तरीय दल के द्वारा गुरुवार को किया गया है। टीम ने प्रसव कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया है। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने लक्ष्य योजना शुरूआत की है। जिसके माध्यम से प्रसव कक्ष में प्रसूता को दी जाने वाली अत्याधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया जाता है। ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। लक्ष्य टीम के निरीक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अस्पतालों को आर्थिक सहायता भी दी जाती है। जिससे अस्पताल के लेबर रूम एवं प्रसूता कक्ष में आधुनिक उपकरणों की सुविधाओं के साथ प्रसव से जुड़ी नई-नई तकनीक के प्रयोग से जच्चा

और बच्चा का पूरा ध्यान रखा जा सकेगा।

जिलास्तरीय टीम असेसमेंट से प्रमाणीकरण में आएगी गति डीसीक्यूए

जिला गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ विद्या कुमारी ने बताया कि प्रसव कक्ष के अलावा प्रसूता कक्ष को लक्ष्य प्रमाणीकरण के गाइडलाइन के तहत संस्थागत प्रसव के लिए सुव्यवस्थित तरीके से तैयार करते हुए हर तरह की सुविधाएं दी जाती हैं। लक्ष्य योजना के मानकों के अनुरूप प्रसव से संबंधित सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। जिला स्तरीय टीम में शामिल अधिकारियों के द्वारा गुणवत्ता जांच के बाद क्षेत्रीय दल तथा राज्यस्तरीय दल द्वारा अंकों का निर्धारण किया जाता है। जिसमें 70 से 80 तक स्कोर पाने वाले अस्पताल को सिल्वर की श्रेणी में रखा जाता है। वहीं 81 से 90 तक स्कोर पाने वाले अस्पताल को गोल्ड की श्रेणी में तो 91 से 100 तक स्कोर पाने वाले अस्पताल को प्लैटिनम की श्रेणी में रखा जाता है। इन सभी श्रेणियों को प्रशस्ति पत्र के साथ ही प्रोत्साहन के रूप में नकद राशि दी जाती है। जिससे प्रसव कक्ष में आने वाली प्रसूताओं से संबंधित खर्च की जाती है।

प्रसव कक्ष एवं मैटरनिटी सेंटर में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने को लेकर किया गया असेसमेंटः एमओआईसी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरगंज की प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ रिजवाना तबस्सुम ने कहा कि स्थानीय अस्पताल में सभी तरह की स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। लेकिन अत्याधुनिक तकनीक के सहारे गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए जिलास्तरीय टीम के द्वारा दौरा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रसव कक्ष, मैटरनिटी सेंटर में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाना है। लक्ष्य योजना का मूल उद्देश्य प्रसूति विभाग से संबंधित सभी तरह की सुख सुविधाओं को पहले से बेहतर बनाने के साथ ही इससे जुड़ी हुई सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना होता है। मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लक्ष्य प्रमाणीकरण बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है।

सामाजिक सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारा बिगाड़ने वाले को बक्शा नहीं जाएगा:डीएम

पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला पदाधिकारी,पुर्णियां कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति एवं विधि व्यवस्था की बैठक का आयोजन शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक,उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर पूर्णियां एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी,सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी,सभी थानाध्यक्ष सहित पूजा समिति के सदस्यगण, शांति समति के सदस्यगण,प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं माननीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन में शांति समिति के सदस्यों,प्रबुद्ध नागरिकों,स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं की भूमिका अहम होती है।उन्होंने कहा कि हमेशा की भांति आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के साथ-साथ आगामी सभी पर्व एवं त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारा में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।माहौल दूषित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे तत्वों को चिन्हित करते हुए जिला प्रशासन को सूचना देने का भी अनुरोध किया गया। बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने क्रमशः अपने पूर्व के अनुभवों को साझा किया तथा महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये।सभी सदस्यों द्वारा पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सक्रिय सहयोग का भरोसा दिया गया। वहीं विधि व्यवस्था की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता मूलक कार्रवाई करें।

संबंधित पदाधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर सतत कड़ी निगरानी रखने एवं अफवाहों का त्वरित खंडन करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर किये गये कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडाल एवं विसर्जन जुलूस हेतु लाइसेंस अनिवार्य है।

जिला पदाधिकारी द्वारा आयोजक के लिए अनुज्ञप्ति में दर्ज सभी नियम तथा शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।पर्व के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा एवं निकलने वाले जूलुस का वीडियोग्राफी करानें का भी निर्देश दिया गया।वॉलिंटियर्स को आई कार्ड भी देने का निर्देश दिया गया, जिससे उपद्रवियों पर कड़ी निगाह रखी जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक, पूर्णियां आमिर जावेद ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा के दौरान पूरी सतर्कता एवं सावधानी बरतें। छोटी-छोटी घटनाओं को भी नजर अंदाज नहीं करें और ससमय आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि किसी भी पूजा समिति द्वारा विसर्जन जुलूस निर्धारित मार्ग पर ही निकले, इसे हर हालत में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

बैठक में सुगम ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा नगर आयुक्त पूर्णियां को सभी पंडालों में सफाईकर्मी प्रतिनियुक्ति करने तथा प्रतिदिन कचड़ा उठाव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित थाना क्षेत्र में मधनिषेध को हर हाल में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिला संयुक्त आदेश द्वारा सभी चिन्हित स्थलों पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं शसस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।पुलिस अधीक्षक के द्वारा किसी भी सूचना हेतु 112 सर्विस का उपयोग करने हेतु सभी को बताया गया।इस दौरान सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को निर्देशित किया गया है कि वे दिनांक 21.10.2023 के अपराह्न से 24.10.2023 या विसर्जन पूर्ण होने एवं स्थिति सामान्य होने तक अपने निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहेंगे।इस अवधी में समाहरणालय परिसर में पूर्व से जिला नियंत्रण कक्ष संचालित है।जिसका दूरभाष संख्याः- 06454 - 243000/242310 पर कार्यरत रहेगा।इसके वरीय प्रभार में मुमुक्षु कुमार चौधरी,अपर समाहर्ता, लोक शिकायत पूर्णिया को प्राधिकृत किया गया।इसी प्रकार संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के मोबाइल नंबर क्रमशः--अनुमंडल पदाधिकारी सदर पूर्णियाः-9473191360, एवं एसडीपीओ सदर पूर्णियाः-9431800049,अनुमंडल पदाधिकारी धमदाहाः-9473191363,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धमदाहाः-9473191364,अनुमंडल पदाधिकारी बायसीः-9473191362,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बायसीः-9473191365,अनुमंडल पदाधिकारी बनमनखीः-9473191361,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनमनखीः-9431800046,पर सूचना दी जा सकती हैं।पर्व के अवसर पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत विधि व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे एवं भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था संधारण तथा संयुक्त आदेश में दिये गये दिशा-निदेर्शों का अनुपालन हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।सम्पूर्ण जिला के विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में केडी प्रौज्ज्वल,अपर समाहर्ता,पूर्णियां एवं पुलिस उपाधीक्षक (मु) पंकज कुमार रहेंगे।

सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

100 वें वर्ष में लाहिड़ी दुर्गा पूजा समिति का प्रवेश।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)

नगर पंचायत के लाहिरी परिवारों द्वारा पूरी श्रद्धा भाव से मां दुर्गा पूजा अर्चना बीते 100 वर्षों से होती आ रही है। इस वर्ष सौवीं वर्षगांठ होने के कारण कुछ विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोगों के साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल और पश्चिम बंगाल के लोगों में भी इस पूजा का कुछ खास ही महत्व है। लाहेरी परिवारों द्वारा बीते 1924 ई से ही मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर बड़े ही श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की जाती है। लाहेरी परिवार के वंशज सुब्रतो लहरी बताते हैं कि उनके दादा डॉ कमलेश चंद्र लाहिरी द्वारा रेलवे में डाक्टर के नौकरी के लिए सन 1905 में ठाकुरगंज आये। डॉ कमलेश चन्द्र लाहिड़ी ने सन 1924 में जो पूजा आरंभ की उस समय से लगातार उनके परिजनों द्वारा उसी स्थल पर दुगार्पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। भातडाला पोखर के समीप पिछले 99 वर्षो से बिना किसी अन्य सहयोग के लाहिड़ी परिवार द्वारा आयोजित होने वाली यह दुगार्पूजा भले ही लाहिड़ी परिवार की निजी पूजा हो लेकिन

दशको से ठाकुरगंज वासी इस पूजा स्थल पर कई रीतियों को निभाते आ रहे है। ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन के पास स्थित राइस मिल परिसर में लाहिडी परिवार द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा आज के आधुनिक युग में भी उसी परम्परागत रीति रिवाजो के साथ मनाई जाती है। जैसी यह शुरूआती दिनों में मनाई जाती थी। लाहिड़ी परिवार स्वयं ही अपने स्तर पर सम्पूर्ण पूजा की व्यवस्था करता है। लेकिन प्राचीनता की झलक होने के कारण यह पूजा स्थल नगर के लोगों की श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है और अब पारिवारिक आयोजन से आगे बढ़कर सार्वजनिक पूजा का रूप ले चुका है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता की मां दुर्गा की झलक ठाकुरगंज के लाहिड़ी परिवार द्वारा आयोजित होने वाली पूजा में देखने को मिलता है। जिस कारण इसलिए यहां हर साल दुर्गा पूजा के दौरान सप्तमी से नवमी तक मां दुर्गा की प्रतिमा देखने के लिए काफी भीड़ लगती है। लाहिड़ी पूजा मंडप में कदम रखते ही बंगाल के जमींदारों की परंपरागत, पारिवारिक दुर्गा पूजा की झलक मिलती है। देवी की प्रतिमा हो या ढ़ाक की धुन- सब कुछ साधारण लगते हुए भी असाधारण अनुभूति कराता हैं। भक्तों के अनुसार आरती के समय प्रतिमा जैसे जीवंत हो उठती है। यह अपने-आप में एक दिव्य अनुभूति है। पूजा के दौरान यहाँ जैसे आस्था का सागर उमड़ आता है। पारंपरिक बंगाली शैली की प्रतिमाओं की तरह यहाँ भी एक ही मूर्ति में सभी देवताओं की मूर्ति समाहित होती है। लाहिड़ी परिवार की कजरी लाहिड़ी ,हेमन्ती लाहिड़ी आदि ने बताया की माँ की वेशभूषा, गहने-मुकुट और श्रृंगार के दौरान भी परम्पराओं का पूरा ध्यान रखा जाता हैं।

इस संबंध में लाहिड़ी परिवार के वंशज सुब्रत लाहिड़ी बताते हैं कि इस पूजा पंडाल में पंचमी से बोलपुर शांतिनिकेतन के पुरोहित द्वारा पूजा आरंभ की जाती है। वही मूर्ति नक्सल बाड़ी के मुकेश पाल द्वारा पंडाल में ही मूर्ति बनाया जाता है। इसके पूर्व उनके पिता महादेव पाल द्वारा मूर्ति बनाई जाती थी।

वही इस पूजा पंडाल में दसवीं के दिन पूजा प्रांगण में मेला का आयोजन प्रखंड के साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल और पश्चिम बंगाल के लोगों को आकर्षित करता है। इस पूजा पंडाल में बलि की प्रथा भी माने जाने के कारण इस पूजा पंडाल का कुछ अलग ही महत्व है।

गोडारी में निकली माँ दुर्गा का भव्य जल यात्रा, कल शनिवार को खुलेंगे पट

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के नगर पंचायत काराकाट के गोडारी मे माँ दुर्गा का भव्य जलयात्रा निकाला गया। जिसमे हाथी, घोड़ा, ऊट, बैंड बाजा के साथ माँ दुर्गा का सवारी शेर, नारद मुनि, बजरंग बली, शिवशंकर, राधा कृष्ण, बलवंत भालू इत्यादि की झलकियाँ भी निकाली गयी जो बच्चों, परिजनों व श्रद्धालुओं के लिये आनंदित रहा अधिक से अधिक संख्या में पुरुष व महिलाएं कलश लेकर भाग लिया इस पूरे जलयात्रा में जय माता की नारे से वातावरण गुंजायमान हुआ। वही ये यात्रा गोडारी बाजार से चलकर पूरे बहुआरा काली माता मंदिर, गोडारी सरकारी हॉस्पिटल होते हुए पुनः सकला रजवाहा नहर गोडारी पूल से आगे तक गया और मंत्रोच्चारणो के साथ जल को कलश में भरा गया। वही प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के इंतजाम किए गए थे जिसमें काराकाट थाना के एस आई अंजली कुमारी व सभी सिपाहियों की मुस्तैदी बेहद चुस्त दुरुस्त दिखी। जलयात्रा में शामिल श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विशाल भारती, कोषाध्यक्ष प्रशान्त कुमार अन्य सदस्य साथ साथ नगर पंचायत काराकाट गोडारी के उप मुख्यपार्षद रविशरंजन, वार्ड पार्षद- संजय राम, सुरेश माली, दिलिप कुमार प्रतिनिधि, संतोष यादव प्रतिनिधि, लाला सिंह, संतोष गुप्ता, अप्पू कुमार, पवन राज, आकाश कुमार व गोडारी समेत सटल गांव के सभी गणमान्य लोग शामिल थे।

दुर्गा पूजा ला एण्ड आर्डर को ले बीडीओ के नेतृत्व में प्रशासन ने किया फ्लेग मार्च

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

दुर्गा पूजा के दौरान शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए शुक्रवार को स्थानिय प्रशासन के टीम ने बीडीओ रविराज के नेतृत्व में राजपुर बजार समेत क्षेत्र के सभी गांव में फ्लैग मार्च किया।जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि थाना क्षेत्र के कुल चौदह गांव में दुर्गा पूजा कमिटी के नेतृत्व में पूजा पंडाल तैयार करते हुए पूजा हो रही है। राजपुर बाजार में कचहरी मोड एवं नोखा रोड समेत अमरपुर, राजनडिह, अमाडी, नीमा, हबबूपुर, कपसियां, शखरा, मंगलवालिया, विशेनिकला,बलिगांव व दारेखाप गांव में सामुहिक तौर पर पूजा आयोजित है। सभी गांव में पूजा पंडाल पर विधि व्यवस्था समेत श्रद्धालुओं के सुविधा,असुविधा का ख्याल करते हुए असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन व प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक स्वयंसेवकों की टीम नियुक्त किए गए हैं। फ्लैग मार्च के दौरान थाना अध्यक्ष मोहन कुमार,एसआई तनीक कुमार,मनरेगा पीओ आनंद कुमार,प्रशासनिक स्वयंसेवक,संतोष कुमार राम,मोहम्मद चांद आलम,श्रीकेश कुमार पटेल,मोहम्मद इसराइल,विनोद कुमार व समाजसेवी सुनील चौबे समेत भारी संख्या में पुलिस बाल शामिल रहे।

सरांव बाजार का कलश जलयात्रा संपन्न

के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

रोहतास जिला स्थित दिनारा प्रखंड क्षेत्र के सरांव बाजार का भव्य कलश जलयात्रा छठी तिथि को निकाला गया। जिसमें कलशधारी 205 व्रतियों के अलावा हजारों लोगों ने गाजे बाजे व घोड़ों के साथ शामिल हुए।सरांव बाजार में दशहरा पूजा के छठवें दिन जल भरी यात्रा हमेशा से होता आया है जहां जल भरी यात्रा कवि सह लेखक सुनील कुमार श्री दुर्गा पूजा समिति सरांव बाजार के नेतृत्व में जल भरी कार्यक्रम सम्पन्न होते आई है। उसी क्रम में जलयात्रा दुर्गा पूजा पंडाल सरांव बाजार से निकलकर सरांव पुल, जगदेव नगर, कंचनपुर, भगवानपुर, मठिया, बक्सर लाइन नहर के करौन्दी पुल पर जल भरने के बाद बक्सर से गंगाजल लाये युवकों ने सभी कलश में जल डाला। जिसके बाद करौन्दी गांव, महामाया स्थान, सरांव गांव लगभग दस किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद पुनः पूजा पंडाल में आकर सभा में तब्दील हुआ। जिसमें सहायक अवर निरीक्षक ललाचन्द मिश्रा, सहायक अवर निरीक्षक अरूण पासवान, टीटी कमलेश यादव एवं पुलिस बल के अलावा मुखिया प्रतिनिधि राजू प्रधान, पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, डॉ सरयू सिंह, राजकुमार,अभय सिंह, रामवचन सिंह, रामलोचन सिंह, पूर्व उप मुखिया प्रमोद कुमार, विवेक कुमार सिंह के अलावा पूजा समिति के काफी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने जलयात्रा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

जनसंवाद में डीएम ने आमजनों की सुनी फरियाद निकारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड अंर्तगत के-के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल के मैदान में शुक्रवार रोहतास जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में लोक कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन तक पहुंचाने के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार व एसपी विनीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रवजलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस दौरान जन संवाद में रोहतास उप विकास आयुक्त शेखर आनन्द ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओ का पूरी जानकारी नही होती है, ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजनाओ मे पारदशिर्त होगी व संचालित मनरेगा, आवास योजनाओ का आकड़ा पेश किया। महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनों को स-समय व पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के साथ-साथ महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजनों को उपलब्ध कराना जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी आमजनों से प्रतिक्रिया के रूप में फीडबैक प्राप्त करने के उद्देश्य से जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लोक कल्याणकारी योजनाओं की लोगो को विधवत जानकारी दी व आमजनों की समस्याओं को सुना तथा निकारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने कहा की रोहतास पुलिस अपराध नियंत्रण को लेकर तत्पर है। जिले में सभी थाना अंतर्गत सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते सड़क दुर्घटना में कमी आई है। साथ ही जिला पुलिस के द्वारा चलाई जा रही फेसबुक लाइव फेसबुक लाइव एवं अन्य कई तरीकों से जिले के कोने-कोने से उनकी समस्याएं सुनी जा रही है। रोहतास पुलिस के द्वारा प्रत्येक थाना में महिला हेल्पलाइन व महिला पुलिस के तैनाती की गई है जिससे महिला जो थाने में असहजयाता महसूस कर अपनी बात नहीं रख पाते थे, उन्हें सहूलियत हो रही है। जल्द ही सुदूर ग्रामीण इलाको मे मोटर साईकल से गस्ती की जायेगी व गस्ती बढ़ाया जायेगा। वही बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड छात्रों को केएवपी का सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष वंदना राज, एडीएम चंद्रशेखर सिंह, सिविल सर्जन केएन तिवारी डीपीआरओ धर्मवीर सिंह, बिक्रमगंज एसडीएम उपेंद्र कुमार, एलआरडीसी अविनाश कुमार, बीड़ीओ मोहम्मद सवैद सरफराजुद्दीन अहमद, सीओ शिबू ,थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, एसआई पंकज पासवान सहित कई जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

डीएम-एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च, दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट पर शासन प्रशासन

के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

रोहतास जिले के दिनारा में दुर्गा पूजा को लेकर डीएम नवीन कुमार व एसपी विनीत कुमार ने दल-बल के साथ फ्लैग मार्च किया। यह मार्च स्थानीय थाना से निकला और पूरे दिनारा में घूमा। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि लोग शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा का त्योहार मनाएं। कहीं से कोई असामाजिक तत्वों की गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। गौरतलब हो कि दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार देर रात को स्थानीय थाना परिसर से डीएम, एसपी, बिक्रमगंज एसडीएम, बिक्रमगंज डीएसपी, बीडीओ, सीओ, दिनारा व भानस थानाध्यक्ष द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। डीएम नवीन कुमार ने लोगों को शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व आस्था और धर्म से जूड़ा हुआ पर्व है इस त्योहार को उसी रुप में मनाएं। शरारती तत्व शांति व्यवस्था भंग करना चाहें तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई किया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। डीएम ने सभी क्षेत्रवासियों को दशहरा की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। वहीं पुलिस कप्तान विनीत कुमार ने फ्लैग मार्च के दौरान कहा कि सुरक्षा को लेकर कई लेयर बनाया गया है जिसमें गस्ती दल अलग है। सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी पुलिस टीम पूरी तरह अलर्ट मोड़ में है। साथ ही पुलिस कप्तान ने कहा कि दुर्गा पूजा में पुलिस बल की पैनी नजर पूरे जिला क्षेत्र में रहेगी। असमाजिक तत्वों पर नजर रखने कि बात कहते हुए स्थानीय प्रशासन को सूचना देने कि बात कही।

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर बिक्रमगंज थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पूजा समिति सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने की। बीडीओ अमित प्रताप सिंह और सीओ आलोक चंद्र रंजन ने बैठक में उपस्थित लोगों से पूजा में शांति-व्यवस्था बनाए रखने एवं स्थानीय पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कहीं पर यदि कोई शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहा है या किसी व्यक्ति का कार्यकलाप संदिग्ध लगे तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस-प्रशासन को दें, ताकि उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संदिग्ध स्थानों,चौक व चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। बैठक में बीडीओ,सीओ,पूजा समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित थाना के वरीय पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

आर के इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने मां दुर्गा के नौ रूपों का किया चित्रण

के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र में स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल में दुर्गा पूजा की शुभ अवसर पर मां दुर्गा के नौ रूपों का चित्रण रास गरबा कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। नौ रूपों में क्रमशः दिव्या, खुशी, विद्या, आयुषि, श्रेय, रिया, दीक्षा, अक्षिता, कृति ने मां दुर्गा के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यानी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री का रूप धारण कर संदेश देने का काम किया। स्कूल की कल्चरल कप्तान श्रुति वर्मा व वैष्णवी के संग सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर रास गरबा कार्यक्रम में दुर्गा स्तुति प्रस्तुत कर महोत्सव का आगाज किया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ई.अनिल कुमार सिंह ने कहा कि दशहरा हिंदुओं का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इसे हम काफी भक्ति भाव से लगातार 10 दिनों तक मनाते हैं। यह हमें बुराई पर अच्छाई का जीत का संदेश देता है। वहीं कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता सह विद्यालय के चेयरमैन काशीनाथ सिंह ने इस तरह के जीवंत और शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए स्कूल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा के नौ रूपों को चित्रित करने वाले स्कूली बच्चों ने अत्यधिक समर्पण और उत्साह दिखाया। कहा कि मां दुर्गा की सभी रूपों को बच्चों ने प्रदर्शित करके समाज में संदेश देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में अभिभावकों के द्वारा सुन्दर प्रस्तुति करने वाले बच्चों को पारितोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर आराध्य व आदर्श दूसरे स्थान पर अदिति व तीसरे स्थान पर मानवी और सुरुचि रही।कार्यक्रम का संचालन सृष्टि सिंह व सृष्टि कुमारी ने किया।

राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट में फर्जी शिक्षिका का मामला उजागर

दूसरे के प्रमाण पत्र पर प्रखंड शिक्षिका बनी उषा कुमारी

अधिकारियों की मिली भगत से प्रतिमाह सरकारी राशि का किया जा रहा है बंदरबाट

बीपीआरओ के द्वारा नही लगाया जा रहा है वेतन पर रोक

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता सासाराम रोहतास







रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड का शिक्षा विभाग इन दोनों एक से बढ़कर एक मामलों में काफी सुर्खियां बटोर रहा है। ऐसा ही एक ताजा मामला राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट का सामने आया है। राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट में फर्जी सर्टिफिकेट पर यू कहे तो दूसरे ब्यक्ति के सर्टिफिकेट पर एक महिला शिक्षिका उषा कुमारी के द्वारा नौकरी करने का मामला सामने आया है। राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट में पदस्थापित शिक्षिका उषा कुमारी पति सुनील प्रसाद गुप्ता का नियोजन गलत तरीके से किया गया है। जिसका खुलासा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गयी सूचना में कार्यालय के द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजातों का अवलोकन करने से स्पष्ट हुआ है। रजनीकांत पांडे द्वारा बताया गया कि पूर्व में उक्त शिक्षिका के सम्बंध में सूचना अधिकार अधिनियम 05 के तहत कार्यालय से सूचना का मांग किया गया था। मिली सूचना के आलोक में मिले दस्तावेजो के आधार पर इस संबंध में दिनांक 27 अप्रैल 2022 को तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी (प्रियंका रानी) बिक्रमगंज को सभी साक्ष्य सहित लिखित रूप में शिकायत पत्र दिया गया था। तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उक्त शिकायत पत्र पर संज्ञान लेते हुए अपने कार्यालय पत्रांकः 1070, दिनांक : 09 मई 2022 तथा पत्रांकः 1364, दिनांक : 07 जून 2022 से तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार के द्वारा इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए अपने कार्यालय पत्रांक 1611 दिनांक 25/08/2022 से जांच की प्रक्रिया पूरी होने तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट को निदेशित करते हुए फर्जी प्रमाण पत्र पर कार्यरत शिक्षिका उषा कुमारी का तत्काल प्रभाव से वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया गया था। पुनः जांच प्रक्रिया में लीपा-पोती कर तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार के द्वारा उक्त फर्जी शिक्षिका से आर्थिक लाभ लेकर अपने कार्यालय पत्रांकः 2163 दिनांक : 08 नवम्बर 2022 से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट को फर्जी शिक्षिका का वेतन विमुक्त करने का आदेश निर्गत कर दिया गया। जिसके आलोक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांकः 71 दिनांक : 06 मार्च 2023 से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) रोहतास सासाराम को पत्र निर्गत करते हुए वेतन भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। इस मामले की जानकारी पुनः कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (रेणुका कुमारी) काराकाट रोहतास को उनके व्हाट्सएप नम्बर 8434283526 पर दिनांक : 05 अक्टूबर 2023 को दिया गया, लेकिन आज तक इनके द्वारा न तो वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया गया और न ही आज तक कोई ठोस कदम उठाया गया। बल्कि लगातार अधिकारी के द्वारा मिली भगत कर अवैध तरीके से सरकारी राशि का लूट खसोट व बंदरबाट किया जा रहा है। पंचायत नियोजन समिति काराकाट के द्वारा आवेदिका उषा कुमारी पति सुनील कुमार गुप्ता के साथ आर्थिक लाभ के बदौलत मिली भगत कर शिक्षक नियोजन वर्ष 2005 में नियुक्ति के समय अंक व प्रमाण पत्र में हेरा-फेरी कर नामित आवेदिका का नियोजन कर दिया गया है। राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट में पदस्थापित शिक्षिका उषा कुमारी के द्वारा नियोजन के समय अपने आवेदन पत्र में वर्ष 1991 में मैट्रिक उतीर्णता के साथ कुल प्राप्तांक 315 और इंटरमीडिएट का कुल प्राप्तांक 395 दिखाने के साथ-साथ जन्म तिथि 01/03/1977 दिखाया गया है। जिसके आधार पर पंचायत नियोजन समिति काराकाट के द्वारा मेधा सूची तैयार करते हुए इनका 43.88 प्रतिशत अंक प्रदर्शित कर नियमावली को दरकिनार करते हुए इनका नियुक्ति कर दिया गया है। जबकि शिक्षक नियोजन वर्ष 2005 की नियमावली की कंडिका 04 की उप कंडिका (ख) में स्पष्ट उल्लेखित है कि 45 प्रतिशत अंक के साथ इंटरमीडिएट में उतीर्ण होना आवश्यक है। इतना ही नहीं शिक्षिका उषा कुमारी के द्वारा आवेदन करते समय जिस मैट्रिक अंक पत्र का प्रयोग किया गया है, उसमें उनके द्वारा वर्ष 1991 में उतीर्णता प्राप्त की गई है। जबकि मांगी गई सूचना में प्राप्त दस्तावेज जो कि शिक्षिका उषा कुमारी के द्वारा कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। उस दस्तावेज का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि उक्त मैट्रिक व इंटर का प्रमाण पत्र किसी दूसरे व्यक्ति है। जिसमें उषा कुमारी का जन्म तिथि 21/01/1975 और पिता का नाम अर्जुन साह आवंटित है, जबकि आवेदन करने के समय जिस मैट्रिक अंक पत्र का प्रयोग किया गया है उसके अनुसार उषा कुमारी का जन्म तिथि 01/03/1977 और पिता का नाम श्री ललन गुप्ता आवंटित है। तथा मैट्रिक का अंक पत्र पर उतीर्ण होने का वर्ष 1991 तथा इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र पर उतीर्ण होने का वर्ष 1992 अंकित है। इससे यह स्पष्ट है कि शिक्षिका उषा कुमारी पति सुनील कुमार गुप्ता के द्वारा पंचायत नियोजन समिति काराकाट के साथ धोखाधड़ी कर भारी पैमाने पर जालसाजी करते हुए नौकरी हासिल करने में सफलता हासिल कर नियुक्ति तिथि से लेकर आज तक लगातार सरकारी राशि की क्षति की जा रही है, जो भारी पैमाने पर वितीय अनियमितता का मामला बनता है, आपको बतादे की तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा अगस्त 2022 में वेतन पर रोक लगाया गया था, पुनः आर्थिक लाभ के बदौलत वेतन भी चालू कर दिया गया और अगस्त 2022 से लेकर अगस्त 2023 तक करीब 4 लाख रुपये का भुगतान भी फर्जी शिक्षिका उषा कुमारी को कर दिया गया है, जो जांच का विषय है।

करथ रजवाहा पर मिली नवजात बच्ची, एक महिला ने ली पालने की जिम्मेवारी

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत चिकसिल पंचायत के जयश्री करथ रजवाहा के बेदवलिया मोरी के पास जिंदा अवस्था में एक नवजात बच्ची मिली। जिसे कुरूर निवासी नारायण शाह की पत्नी गीता देवी ने पालने की जिम्मेवारी ली। मालूम हो कि कुरूर निवासी नारायण साह की पत्नी गीता देवी सुबह 5:00 बजे कुरुर से बेदवलिया जहां उनका मिठाई का दुकान है। जा रही थी कि रास्ते में बेदवलिया मोरी के पास एक बच्ची पड़ी है, उसे अपने गोद में उठा लिया और अपने छाती से लगा लिया। 45वर्षीय गीता देवी ने एक निजी क्लीनिक में ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया तथा उसे पालने की जिम्मेवारी लेते हुए अपने घर ले गई। यह खबर इलाके में आग की तरफ फैल गई। बच्ची को देखने के लिए लोग इकट्ठा होने लगे। लोगों के मुंह से एक हीं आवाज निकल रही थी कि नवरात्र के समय में जन्म देने वाली कैसी वह मां है, जिसे अपना बच्चा से प्रेम नहीं है। जबकि पशु, पक्षी ,कीड़ा, मकोड़ा ,सबका अपने बच्चों से प्रेम होता है। वह निर्दय मां 9 महीना गर्भ में पालने के बाद उस बच्ची को नहर पर फेंक दिया। लेकिन, वैसी भी मां है जो ममता की छाया है, जिसको मिला वह बच्ची को पाकर अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रही है कि नवरात्र के समय में हमें बच्ची मिली। यह शुभ का संकेत है। इस बच्ची का लालन पालन गीता देवी के द्वारा किया जा रहा है। उसमें दर्जनों महिला उस बच्ची को पालन करने के लिए तैयार थी। लेकिन गीता देवी ने कहा कि नवरात्र के समय में हमें देवी के रूप में यह बच्ची मिली है। किसी भी हालत में इस बच्ची को हम किसी को नहीं देंगे और इसको घर ले जाकर लालन पालन करेंगे। यह बच्ची मेरी है। इस बच्ची का लालन पालन करना आगे बढ़ाना यह मेरा परम कर्तव्य है। एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री बच्ची बचाओ बच्ची पढ़ाओ का नारा दे रहे हैं। बच्ची को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों सरकारी योजनाएं चल रही है तो दूसरी तरफ वैसी भी मां है जो बच्चों को फेंक देती है और वैसे भी नारी है जो किसी की भी बच्चा को अपने गले से लगा लेती है अपने हृदय से लगा लेती है और लालन पालन का पूरा जिम्मेदारी उठा लेती है।

12 दिवसीय सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण हुआ संपन्न

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पटना के सहयोग से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रोहतास द्वारा सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रखंड के नोनहर अमृत सरोवर में आयोजित तीसरे बैच का प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण समापन के बाद सभी प्रशिक्षुओं के बीच सीओ बिक्रमगंज आलोक चंद्र रंजन के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। तृतीय सत्र का प्रशिक्षण के समापन होने के बाद प्रमाण पत्र वितरण के दौरान सीओ आलोक चंद्र रंजन ने कहा कि लगातार बच्चों के डूबने की मिल रही शिकायतों को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग ने गांव के बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है। जिसके तहत पंचायतों में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर ब्रजेश कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में 12 दिवसीय प्रशिक्षण में तैराकी के अलावा डूबे हुए व्यक्ति के पेट से पानी निकालने, ड्राई रेस्क्यू और रेस्क्यू का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षुओं के बीच अलग - अलग बैच में प्रतियोगिता कराई गई। प्रथम बैच में नंदन कुमार प्रथम, लवकुश कुमार द्वितीय, मनु कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किये, जबकि दूसरे बैच में रूदल कुमार प्रथम, गोलू कुमार द्वितीय,धीरज कुमार तृतीय स्थान पर रहा। प्रशिक्षण संपन्न होने पर सभी प्रशिक्षुओं को तैराकी का प्रमाण पत्र और विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया आभा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता, वार्ड सदस्य शांति देवी,संगीता देवी,ग्राम कचहरी सचिव अनिल कुमार,स्वच्छता पर्यवेक्षक अरबिंद पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड परिसर में स्थित किसान भवन में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधनअभिकरण(आत्मा)द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रखंड आत्मा अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह सहायक निदेशक पौधा संरक्षक पिंकी दास, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से किसानों को रबी फसलों की तकनिकि जानकारी, रबी मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी,जलवायु अनुकूल कृषि फहल चक्र संबंधित जानकारी, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता,जैविक खेती कृषि रोड मैप के विभिन्न आयामों की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारीयों के द्वारा जानकारी किसानों को दिया गया। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रोहतास पिंकी दास ने विभाग द्वारा पौधों में लगने वाले कीटनाशक दवा की जानकारी,तथा अनुदानित दर पर दवा की उपलब्धता के सम्बंध में किसानों को जानकारी दी। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक आशुतोष कुमार ने आत्मा एवं कृषि विभाग की योजनाओं के साथ कृषि से कृषक अपनी आय कैसे बढ़ाएं, इसकी जानकारी दिया। साथ ही मशरूम उत्पादन, बकरी पालन , मछली पालन,मुर्गी पालन सहित कई योजनाओं का प्रशिक्षण आत्मा द्वारा दिया जाता है। इसकी जानकारी बीटीएम ने कार्यक्रम में दिया। किसान सलाहकार ओम प्रकाश सिंह,, संजय कुमार सिंह, बृजेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रघुनाथ सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष गंगासागर सिंह, जमसोना मुखिया प्रतिनिधि कमलेश सिंह। बीडीसी राजेश यादव,मुना सिंह, उमा यादव, विनोद सिंह, जितेंद्र सिंह सहित कई प्रखंड के किसान उपस्थित रहे।

राशन वितरण में हो रही धांधली को ले, लोक शिकायत निवारण में परिवाद दर्ज

दैनिक समाज जागरण,राम शरण शर्मा अगिआंव भोजपुर

भोजपुर जिले में अगिआंव प्रखंड क्षेत्र में अगिआंव के राशन डीलर द्वारा राशन लेने वालों लाभुकों से काफी दिनों से धांधली करने के मामले को ले लाभुक द्वारा लोक शिकायत निवारण में परिवाद दर्ज कराया गया है। परिवाद संख्या-99996010110231426 49 है। बताते चलें कि राशन डीलरों को नियम के अनुसार पांच किलो राशन देना है। लेकिन ये उपर के अधिकारियों पर कम देने का आरोप लगाकर मात्र चार किलो ही लाभुकों देने का मामला प्रकाश में आया है। लाभुक द्वारा जब चार किलो राशन घर पर लाकर वजन किया जाता है तो तीन किलो ही होता है। राशन दुकान खोलने का समय आठ बजे से दो बजे तक महिनों के तीसों दिन निर्धारित है। लेकिन महिनें में दो से दस दिनों तक ही खुलता है। ये कहना अगिआंव गांव के राशन दुकान के डीलर से राशन लेने वाले लाभुकों की है। तत्कालीन डीलर लालबाबू सिंह डीलर के मृत्यु हो जाने के बाद यह राशन दुकान लहरपा गांव निवासी डीलर साधु मुसहर के नाम पर टैग कर दिया गया है, जहां साधु मुसहर द्वारा राशन न देकर स्व. लाल बाबू डीलर के परिवारों द्वारा ही राशन दबंगई के बल पर दिया जाता है। आश्चर्यजनक बात है कि उच्च अधिकारियों का नाम को लेकर राशन लेने वालों के साथ खुलेआम नियम कानून को ताक पर रखकर खुलेआम धांधली की जाती है। कुछ लाभुकों द्वारा बताया गया कि यहाँ राशन लेने पर धमकी देते हुए दबाव बनाकर कहा जाता है की जो मिल रहा है वो लेकर जाओ नहीं तो वो भी नहीं मिलेगा, जहां जाना है वहाँ जाओ मैं देख लूँगा। इस बात को ले अगिआंव आपूर्ति पदाधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंग पाता है। गुप्त सूत्रों के खबर के अनुसार अगिआंव आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा डीलरों से महीना में सात हजार रुपया लिया जाता है तभी राशन डीलरों द्वारा राशन में कटौती की जाती है। इतना ही नहीं प्राप्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया गया है की बिहार सरकार के एक खास विधायक के पैरवी के बल पर अगिआंव के राशन डीलर द्वारा वैसा बदसलूकी राशन लेने वाले लाभुकों के साथ की जाती है कि कही शिकायत करने पर सुनवाई नहीं होती है। इस सम्बंध लाभुक द्वारा भोजपुर के जिला अनुमंडल पदाधिकारी, अगिआंव आपूर्ति पदाधिकारी व अगिआंव पंचायत मुखिया को आवेदन देकर मांग किया गया कि राशन देने के बाद ही अंगुठा लगवाने की प्रक्रिया अपनाई जाए डीलरों द्वारा। लेकिन उक्त विषय में कार्रवाई नहीं होने के चलते लोक शिकायत निवारण में परिवाद दर्ज किया गया है।जिसकी सुनवाई प्रक्रियाधीन है। इस सम्बंध में शत्रुधन राय ने बताया कि अगर इस पर कोई सुनवाई व कार्रवाई नहीं होता है तो द्वितीय अपील तक किया जायेगा ताकि हर गरीबों को राशन लेने में कटौती न हो सके और डीलर के दबाव का सामना नहीं करना पड़े।

भोजपुर में करंट की चपेट में आने से छात्रा की मौत

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि भोजपुर आरा

भोजपुर जिले के तीयर थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव में शुक्रवार के दोपहर करंट की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा तीयर थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव निवासी त्रिलोकी साह की 18 वर्षीया पुत्री नेहा कुमारी है एवं वह दसवीं की छात्रा थी। इधर मृत छात्रा की बड़ी बहन खुशी कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर का नहाने के लिए घर के लगे मोटर चालू करने गई थी और मोटर में लगा तार बीच से कटा हुआ था। जब वह मोटर चालू कर रही थी उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई और बुरी तरह घायल हो गई। इसके बाद जब वह और मां ने उसे वहां पर बेहोश गिरा पड़ा देखा तो परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए जगदीशपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन अभी उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ला ही रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे आरा सदर अस्पताल ले आए जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी।सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्रा अपने चार बहनों में दूसरे स्थान पर थी। मृत छात्रा के परिवार में मां सरोज देवी व तीन बहन खुशी कुमारी,शिवानी कुमारी एवं सोनम कुमारी है। हादसे के बाद मृत छात्रा के घर में कोहराम मच गया है। वहीं शहर से के बाद मृत छात्रा की मां सरोज देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बबुरा मेडिकल हॉल में आग लगने से हुई लाखों की क्षति

दैनिक समाज जागरण अश्वनी कुमार पिंटू बड़हरा भोजपुर

भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा तड़ीपार स्थित एक दवा दुकान में गुरुवार की मध्य रात्रि बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग जाने से लाखो रुपए का दवा सहित अन्य महंगी वस्तु जलकर राख हो गया है। दुकान में लगी आग को देख दुकानदार ने इसकी सुचना बड़हरा थाना में स्थित फायर ब्रिगेड वाहन को दिया । जिसके बाद स्थानीय लोगो व फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से आग बुझाया गया । इसके पहले दवा दुकान में रखी सभी फर्नीचर दवा आदि सभी समान जल कर राख हो गया था। बाबा मेडिकल हॉल की संचालन कर्ता रेनू लता ने बताया की गुरुवार की रात्रि में हम सभी परिवार खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दरम्यान बिजली की शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। जिसकी सुचना गांव के संजय ठाकुर द्वारा दिया गया। इस आगलगी की घटना में दवा सहित लगभग साढ़े पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस आगलगी की घटना के बाद दवा दुकान के संचालन कर्ता पर एक बड़ी आर्थिक समस्या उत्पन्न होने को देख जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के पांच सदस्यीय टीमों ने पीड़ित मिल इस आगलगी की घटना को सुना और देखा। जदयू प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा पटेल ने जिला प्रशासन से इस आगलगी की घटना में पीड़ित महिला दुकानदार को उचित मुआवजा की राशि देने का मांग किया हैं।

बालू खनन में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच सैकड़ों राउंड फायरिंग, एक की मौत

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव बालू घाट पर बर्चस्व को लेकर दो गुटों में भीषण गोलीबारी हुई है। गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल भी हुए हैं।मौके पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है मगर पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम है। तीनों जख्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है।घटना के बाद कई थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले को शांत कराने में जुटी है।मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान हर्षित सिंह के रूप में की गई है।वहीं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि चांदी थाना अंतर्गत खनगांव बालू घाट पर बर्चस्व को लेकर दो गुटों में भीषण गोलीबारी हुई है। गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल भी हुए हैं।मौके पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है मगर पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम है। दोपहर में खनगांव बालू घाट पर रास्ता बनाने के विवाद में दो पक्षों के बीच आपसी फायरिंग की घटना की सुचना मिली। पुलिस को सूचना मिलते ही 15 मिनट में घटना स्थल पर पुलिस पदाधिकारी पहुंच गए तथा फायरिंग में घायल लोगों को अस्पताल में एडमिट करवाया। इलाज के क्रम में हर्षित कुमार सिंह की मृत्यु हो गई तथा अन्य तीन व्यक्ति गोली तथा गोली के छर्रे से घायल है।घायलों में प्रकाश चौधरी, दीपक शर्मा और सुनील यादव गंभीर रूप से जख्मी हैं।भोजपुर एसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है, जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

39 दिव्यांगजनों को मिला सहायक सामग्री

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि पीरो भोजपुर

समाज कल्याण विभाग द्वारा अस्थि निःशक्त लोगों के लिए उपलब्ध कराए गए ट्राईसाइकिल का विधिवत वितरण किया गया। इसके लिए भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड मुख्यालय में आयोजित विशेष शिविर के दौरान कुल 39 दिव्यांग लोगों को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराया। मौके पर मौजूद बीपीआरओ मनीष कुमार पटेल ने कहा कि सरकार दिव्यांग लोगों के हितार्थ कई तरह की योजनाएं चला रही है । सरकार का उद्देश्य ऐसे लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है ताकि वे खुद को उपेक्षित नहीं महसूस करें । यहां आयोजित शिविर में ट्राईसाइकिल पाने वाले निःशक्त लोगों के चेहरे पर खास चमक देखने को मिली। ऐसे लोगों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में पीरो पंचायत समिति की प्रमुख शमीमा बेगम, उपप्रमुख अरूण कुमार सिंह,अरविंद राम, सुरेन्द्र साह, अनिल कुमार सिंह सहित कई अन्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चे सहित महिला की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के आरा-सासाराम रेलखंड पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के दुलौड़ू टोला के समीप ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चों के साथ एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला की पहचान दुलौर टोला गांव निवासी पिंटू सिंह की 28 वर्षीय पत्नी गुड्डी देवी बताई जाती है घटना की सूचना मिलते हैं रेलवे पुलिस ने चरपोखरी पुलिस को सूचना दी चरपोखरी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम करने के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है। वही मृत महिला के मायके वालों के द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जा रहा है मृतक के पिता गड़हनी थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव निवासी शिवप्रसन यादव ने बताया कि गुरुवार से ही लड़की के साथ मारपीट किया जा रहा था इसकी सूचना मिलते ही जब लड़की के गांव पहुंचा तो मौत होने की जानकारी मिली।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक किया गया आयोजित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आई.सी.डी.एस., सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित सुरक्षित स्थान और विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासितों की जानकारी दी गई। इसके बाद बाल कल्याण समिति तथा किशोर न्याय परिषद के द्वारा विगत1 वर्ष में निष्पादित मामलों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा - परवरिश योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, प्रयोजन योजना, पी0एम0कयर्स योजना आदि की समीक्षा की गई और योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा उक्त योजनाओं में लाभुकों को अधिक से अधिक लाभ दिलवाने का निदेश दिया गया।

मेरठ फैक्ट्री बिस्फोट में मृतक के परिजनों से मिले बीजेपी भोजपुर जिलाध्यक्ष

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

चरपोखरी प्रखंड के कोईल गांव के मेरठ फैक्ट्री बिस्फोट में मृतक रूपन

साह ,प्रयाग साह,अयोध्या राम,सुनील ठाकुर,के घर जाकर भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मृतकों के परिजनों से भेंट कर घटना की जानकारी प्राप्त किया भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा रोजगार का साधन मुहैया उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण लोगों अपने परिवार का जीवकोपार्जन के लिए प्रवासी मजदूर के रूप में बाहर जाना पड़ता है जिसमें उनकी जान माल की क्षति उठानी पड़ती है इन्होंने ने कहा कि घटना में मारे गए परिवार बेहद ही गरीब परिवार से अतिपिछड़ा, अनुसूचित समुदाय के लोग हैं जिनका रहने के लिए मिट्टी का घर उनकी आर्थिक स्थिति को दशार्ता है इन्होंने प्रशासन से उनके परिजनों को उचित मुआवजा के साथ जिवकोपार्जन के लिए सरकारी नौकरी देने की मांग की है प्रतिनिधिमंडल मंडल में चरपोखरी मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह,रामदिनेश यादव, अशोक कुमार सिंह, धुर्व ठाकुर, दुर्गेश सिंह, कामेश्वर पासवान आदि मौजूद थे।

सघन वाहन जांच अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पर करें कार्रवाई, यातायात परिचालन हो सामान्य-डीएम

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

जिलाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा करते हुए प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया।बैठक में जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने यातायात नियमों को कड़ाई से पालन ,वाहनों पर स्पीड गवर्नर ,ओवरलोडिंग, सेफ ड्राइविंग प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध पार्किंग करने पर टोटो, टेंपू इत्यादि के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के निमित यातायात व्यवस्था और दुर्घटना को कम करने पर गहन समीक्षा हुई। समीक्षा के क्रम में हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के मामले में पूर्व में प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा बताया गया कि हिट और रन केस में मृतक को 02 लाख देने का प्रावधान है। इसके लिए थाना में दर्ज प्राथमिकी की प्रति एवं पोस्टमाटम रिपोर्ट के साथ जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन जमा कर दावा किया जा सकता है। हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के मामले में कुल 22 आवेदन प्राप्त थे , अबतक कुल 10 मृतक के आश्रितों को मुआवजा प्राप्त हो गया है। वीर कुँवर सिंह बस स्टैंड की सफाई हेतु नगर परिषद किशनगंज के कार्यपालक पदाधिकारी को औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया ताकि ठीक ढंग से सफाई हो सके एवं कूड़ा वाले स्थान को सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने का निदेश दिया गया।जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र में बेहतर यातायात परिचालन हेतु दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन का मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत चेकिंग कर शमन की राशि वसूली का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों के विरुद्ध यथा हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, चालक अनुज्ञप्ति, अव्यस्क युवाओं द्वारा तेज गति के वाहन चलाना आदि की जांच करने एवं शमन की वसूली करने हेतु निदेशित किया गया।

इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में थानाध्यक्षों द्वारा सघन चेकिंग तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी निर्देश को दिया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी थानाध्यक्ष के पास सड़क सुरक्षा का नियम भेजने का निदेश दिया गया। नियम के अनुसार सभी लंबी दूरी वाले बस को परमिट रखना अनिवार्य है।

बंगाल बस एसोसिएशन के द्वारा लिखित आवेदन में नगर परिषद पर आरोप लगाया है कि बस के जहां तहां ठहराव के लिए ₹ 100 हर दिन चार्ज दिया जाता है, इसकी जांच करने का निदेश दिया गया तथा नगर परिषद से कारण पृच्छा का निदेश दिया गया। बैठक में नगर परिषद को वन वे रूट का प्लान बनाने का निदेश दिया गया।

डीएम ने निर्देश दिया कि फोरलेन में हुए कई एक्सीडेंट के कारण जहां-तहां टूटे रोड/रेलिंग और साइन बोर्ड को अविलंब ठीक कराएं।बैठक में बताया गया कि तीन ऑटो स्टैंड को चिन्हित कर उसमें से एक को तैयार कर दिया गया है बाकी दो 15 दिनों के अंदर तैयार हो जाएगा। बैठक में नगर पंचायत ठाकुरगंज के द्वारा बताया गया कि ठाकुरगंज के द्वारा टोटो का सर्वे कर लिया गया है तथा एजेंसी को हायर कर ट्रैफिक प्लान बनाया गया है।

ओवरलोडिंग के कारण जो रास्ता खराब हुआ है उस पर पानी का छिड़काव कर तथा बालू को ढक कर ले जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में डीएम के द्वारा डे मार्केट,सब्जी मंडी को रूईधासा पुल के नीचे शिफ्ट करने हेतु एसडीएम,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी,सब्जी मंडी समिति और यातायात प्रभारी को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में डीटीओ, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) तथा संबंधित विभाग के अभियंता व पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित थे।

प्रहार : रिपोर्टिंग से रोकने के लिए पत्रकार पर लगाया गया 107

पीड़ित पत्रकार ने लिखित आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच का लगाया गुहार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

आगामी दुर्गा पूजा दीपावली और छत को लेकर 107 की सूची अनुमंडल पदाधिकारी को भेजी जाती है जिसमें पुलिस किसी भी सामाजिक गतिविधियों में सन्निपट लोगों का नाम सूची में डालते हैं। लेकिन आपको जानकर यह हैरानी होगी कि इसमें एक पत्रकार का भी नाम शामिल कर दिया गया जो की किसी भी गतिविधि और आपराधिक मामले से कोसों दूर है। और जिनका नाम 107 में देना चाहिए उनके साथ थाना अध्यक्ष शाम से फोटो खिंचवाते हैं। पत्रकार को नोटिस के बाद मामला प्रकाश में आया और पत्रकार द्वारा लिखित आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है जिसमें फरीद अहमद पत्रकार द्वारा नगर पंचायत पौआखाली जिला किशनगंज का निवासी ने डीजीपी बिहार, आईजी पूर्णिया, एसडीपीओ किशनगंज , डीएम किशनगंज, सुचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी किशनगंज, एसडीएम किशनगंज को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कि पत्रकार फरीद अहमद ने पूजा को लेकर किए गये नोटिस पर लिखित आवेदन दिया जिसमें लिखा गया की मुझे 18 अक्टूबर 2023 को सुबह तकरीबन 9.30 बजे थाना के चौकीदार द्वारा 107 का नोटिस दिया गया और कहा गया कि अनुमंड कोर्ट चले जाए। आपका नाम दुर्गा पूजा / दिपावली /छठ पूजा को लेकर दिया गया है। जबकि नोटिस में पेशी की तारीख 17 अक्टूबर को 10.30 बजे थी। जिसके बाद 18 अक्टूबर को रउट कोर्ट पहुंचा और हाजिर हुआ। गौरतलब है कि थाना से संबंधित कई खबर पिछले पांच माह से प्रकाषित हुई जिसके बाद थानाध्यक्ष आक्रोशित होकर बदला लेने के मंशा से 107 में नाम लिखर रउट कोर्ट में भेजा। जबकि मेरा कोई अपराधिक इतिहास या किसी भी त्यौहार में किसी भी गतिविधि में नाम नहीं है। आगे उन्होंने बताया कि अवैध खनन और नशा को लेकर सूचना पर भी इनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती अब तो यह आलम है कि थाना के सरकारी नम्बर पर फोन करने पर फोन भी नहीं उठाते है।थानाध्यक्ष के इस रवैया से मैं काफी भयभीत हूँ और भय में जी रहा हूं। कि रिपोटिंग के दौरान फिल्ड से ही मुझे किसी भी बहाने गिफ्तार न कर लिया जाए। लिखित आवेदन में गुप्त रूप से जांच को लेकर कई और बातें बताई गई है।

आगे पत्रकार ने कहा कि न्याय नहीं मिला तो मैं उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाऊंगा।

पुलिस ने 10 लाख रुपये के 50 बैलों को किया जब्त।

रंजीत कुमार पोद्दार : समाज जागरण : संवाददाता

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी पुलिस ने बिहार से आ रहे तस्करी के 50 बैलों को जब्त किया है। साथ ही इस संबंध में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम अकबर खान(36),मुनीरा(43) और मनोज मुखिया (43) है। अकबर खान ,मुनीरा राजस्थान के निवासी व मनोज मुखिया बिहार के निवासी बताए गए हैं। इस संबंधपुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ मवेशी तस्कर काफी संख्या में मवेशियों के साथ अवैध रूप से बिहार से बंगाल में बॉर्डर क्रॉस करने के फिराक में हैं। इसी सूचना पाकर खोरीबाड़ी पुलिस चक्करमारी में घात लगाकर बैठे हुए थे। ताकि तस्करों को मवेशियों के साथ धर-दबोचा जा सके । शुक्रवार को अहले सुबह नाका पार्टी ने देखा कि कुछ पशु तस्कर एक कंटेनर में मवेशियों के साथ बिहार से बंगाल में प्रवेश कररहा है । उसी दौरान पुलिस ने कंटेनर को रुकने के लिए कहा। कंटेनर से 50 बैलों को जब्त किया। जिसकी अनुमानित मूल्य करीब 10 लाख रुपये से अधिक बतायी गयी है। शुक्रवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया।

खैरा स्वास्थ्य उपकेंद्र को लेकर जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड अंतर्गत खैरा स्वास्थ उपकेंद्र में जन आरोग्य समिति की बैठक पेरहाप मुखिया महेंद्र प्रसाद के अध्यक्षता में हेल्थ

एंड वेलनेस सेंटर खैरा में किया गया । जिसमे सर्व सम्मति से विभिन्न योजनाओं को पारित किया गया है। स्वस्थ उप केंद्र को सुचारू रूप से संचालित करनी हेतू मेंटेनेंस के लिए विभाग द्वारा ₹50000 का फंड विकसित करने के लिए सामग्री का खरीदारी एवं मेंटेनेंस कार्य जैसे कुर्सी टेबुल जांच कीट बीपी मशीन एवं सर सफाई रंग पेंट अन्य उपकरण की खरीदारी कर समुचित व्यवस्था किया जायेगा । जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष पंचायत के मुखिया महेंद्र प्रसाद एवं सचिव सी एच ओ स्नेहलता उपसचिव ए एन एम मंजू कुमारी के द्वारा 50 हजार तक स्वास्थ उपकरण की खरीददारी की जाएगी। मौके पर सहार स्वास्थ प्रबंधक संजीव कुमार मुखिया महेंद्र प्रसाद जीएनएम स्नेहलता एवं आशा सहित अन्य स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।

परंपरा : नवरात्र पर दसाई नृत्य प्राचीन भारत की लोकगाथा का करा रहा परिचय

● दसाई नृत्य को लेकर आदिवासी लोगों में देखी जा रही खासा उत्साह

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । दसाई नृत्य के साथ दुर्गा पूजा की रौनक छाने लगी है । सीमावर्ती क्षेत्र गलगलिया एवं आस-पास इलाकों में शारदीय नवरात्र के मद्देनजर आदिवासी पुरुषों द्वारा किये जाने वाले दसाई नृत्य शुरू हो चुका है । दुगार्पूजा के अवसर पर आदिवासी समाज के युवा धोती पहनकर और माथे पर मौर पंख बांध हाथ में भुवांग, ढोलक, घंटी आदि लेकर गलगलिया बाजार और ग्रामीण क्षेत्र के पूजा पंडालों में दसाई नृत्य करते देखे गए । लेकिन समय के साथ इस आधुनिक युग मे उनमें भी इस नृत्य को लेकर उत्साह कम हो चुका है ।अब धीरे धीरे समाज से यह नृत्य प्राय विलुप्त सा हो गया है । हालांकि आज भी समाज की संस्कृति से जुड़ी दसाई नृत्य यहाँ में देखने को मिल रहा है ।

दसाई नृत्य की कला उनकी समृद्ध संस्कृति का हिस्सा रहा है। दसाई नृत्य में भाग लेने वाले पुरुष पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर नृत्य करते हैं । महिला रूप में ही वे नृत्य करते हुए घर घर जाते हैं। इस नृत्य में ढोलक, थाली, घंटी आदि का इस्तेमाल किया

जाता है। ढोलक, थाली, घंटी, भुआंग आदि जब एक साथ स्वर में बजते हैं तो इसकी आवाज और दिलकश हो उठती है। साथ ही माथे पर मोर का पंख सजा कर झूमते आदिवासी नृत्य को आकर्षक प्रदान करते हैं ।

गलगलिया से सटे ड़ेंगूजोत निवासी गणेश मुर्मू बताते हैं कि इस कला का जन्म कैसे हुआ, आज के युवाओं को इसकी जानकारी नहीं है । दरअसल, इसका जन्म क्रांतिकारियों को ढूंढने के लिए हुआ था । जब बाहरी आक्रमणकारियों ने आदिवासी समुदाय के क्रांतिकारियों को बंदी बना लिया । सभी आदिवासी पुरुषों को इलाके से खदेड़ दिया । उसी दौरान क्रांतिकारियों को खोजने के लिए आदिवासी पुरुष महिला रूप धारण कर नृत्य करते हुए अलग-अलग टोलियों में निकलते थे । इस नृत्य में शामिल पुरुष साड़ी पहनकर माथे पर मोर का पंख लगाकर खुद को औरत की तरह सजाते हैं। दसाई नृत्य हाय रे हाय.. से शुरू होता है, जो दुख का प्रतीक है। यानी क्रांतिकारियों को बंदी बनाने का दुख इसमें झलकता है । आगे चलकर गाने में देहेल देहेल शब्द का प्रयोग किया जाता है, जो विजय का प्रतीक है। अर्थात बाहरी आक्रमणकारियों पर विजय प्राप्त करने का संकल्प इसमें दिखता है । दसाई नृत्य में मां दुर्गा का जिक्र भी आता है। आदिवासियों के कैलेंडर के मुताबिक दसाई एक महीने का नाम भी है। इसी महीने में इस नृत्य का आयोजन विजयादशमी से ठीक पहले पांच दिनों के लिए किया जाता है । गाने में सर्वप्रथम देवी दुर्गा की आराधना की जाती है । दसाई नृत्य को लेकर आदिवासी लोगों में खासा उत्साह देखा जाता है । लोग कई दिन पहले से ही इसकी तैयारी में जुट जाते हैं । उन्होंने बताया कि हालाँकि पहले की तरह अब नई पीढ़ी के लोगो मे इस नृत्य को लेकर अब उत्साह नहीं है । लेकिन इस वर्ष भी सीमावर्ती क्षेत्र गलगलिया एवं आसपास के क्षेत्रों में दसाई नृत्य की धूम मची हुई है।

चार लीटर शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर
औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर थाना पुलिस ने तरार गांव के मली टोला से चार लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर थाना लाया है । गिरफ्तार शराब धंधेबाज तपेश्वर राम तरार माली टोला का निवासी है। यह कार्रवाई सब इंस्पेक्टर बिगाऊ राम के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई।पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर किए गए कार्रवाई के क्रम में उसे गिरफ्तार किया गया है ।40 पाउच एक-एक सौ एम एल का देसी महुआ शराब जब्त किया गया है, जिसकी कुल मात्रा चार लीटर है। इस संबंध में दाउदनगर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भारत के महामहिम राष्ट्रपति पहुंची भगवान बुद्ध की ज्ञान प्राप्त की नगरी बोधगया

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.
गया(बिहार)- भारत के महामहिम राष्ट्रपति पहुंचे भगवान बुद्ध की ज्ञान प्राप्त की नगरी बोधगया में. जहां महाबोधि मंदिर का दर्शन किया गया। साथ

ही भगवान महात्मा बुद्ध को चढ़ने वाले खीर भी ऑफर किया तत्पश्चाप आदरणीय भिक्षुगण द्वारा सूक्त पाठ कर उन्हें खादा भेंट किया गया. बोधिवृक्ष के पास पहुंचकर पूजा अर्चना किया. मंदिर रिसेप्शन में प्रसाद ग्रहण भी किया.उन्होंने मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर काफी खुशी प्रकट किया. उन्होंने कहा कि काफी अच्छे तरीके से यहां व्यवस्थाएं सभी श्रद्धालुओं के लिए है.यहां इस परिसर में काफी शांति महसूस होता है.

विदित हो कि महामहिम राष्ट्रपति के गया जिला दौरा को लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने व्यक्तिगत तौर पर लगातार निरीक्षण कर महामहिम राष्ट्रपति के निर्धारित रूप लाइन में विशेष कर डेल्हा कुजापी की सड़कों को ठीक करवाया .

लीगंज में सीएसपी संचालक को बंधक बना उनतीस हजार पांच सौ रुपये लूटा

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल
पालीगंज/ गुरुवार को खिरीमोड थाना क्षेत्र के बनौली खुर्द गांव स्थित पीएनबी के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को बंधक बना कुछ बदमासों ने उनतीस हजार पांच सौ रुपये लूट लिया।

जानकारी जे अनुसार खिरीमोड थाना क्षेत्र के खिरीपर गांव निवासी शम्भू सिंह के पुत्र र-ाकेश कुमार बनौली खुर्द गांव मे 12 वर्षो से पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता है। जहां गुरुवार को खिरीपर गांव निवास सुमन्त कुमार का पुत्र अमन कुमार अपने कई दोस्तो के साथ पैसा की निकासी करने पहुंचा। उस समय बैंक का सरवर खराब होने के कारण पैसा का निवासी नही हो सका। जिसके बाद उन सभी ने सीएसपी संचालक को गाली देने लगा। जिसे देख सिसली संचालक राकेश कुमार ने इसकी सूचना अमन के पिता सुमन्त को मोबाइल के माध्यम से दिया। जिसपर गुस्साए युवको ने राकेश कुमार को बंधक बना लिया व बैंक कार्य मे प्रयोग किये जाने वाला कम्प्यूटर व अन्य सामानों को तोड़ डाला। साथ ही ग्राहक सवा केंद्र में रखे उनतीस हजार पांच सौ रुपये लेकर फरार हो गया। उसके बाद पीड़ित राकेश कुमार ने खिरीमोड थाने पहुंचकर खिरीपर गांव निवासी सुमन्त कुमार के पुत्र अमन कुमार, खखु यादव के पुत्र रोहित कुमार, लालजीत पासवान के पुत्र रोहित कुमार, रामदेव सिंह के पुत्र नीतीश कुमार, बनौली खुर्द गांव निवासी विजय शर्मा के पुत्र बिहारी व अनिल शर्मा के पुत्र राहुल कुमार के खिलाफ बंधक बनाकर पैसे लूटने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पालीगंज को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर एसडीओ ने चलवाया बुलडोजर

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल
पालीगंज/ स्थानीय बाजार स्थित सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर पालीगंज एसडीओ ने गुरुवार को सड़क पर बने फुटपाथी दुकानों पर बुलडोजर चलवाया।
जानकारी के अनुसार पालीगंज से गुजरनेवाली मुख्य सड़क के दोनों किनारे पर फुटपाथी दुकानों व सड़को पर वाहन पार्किंग तथा ठेले लगाने से सड़क

पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिसे देख पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव ने उस सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की ठान लिया। उन्होंने महीनों पूर्व से ही उन अतिक्रमणकारियों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का आग्रह किया लेकिन स्वेच्छापूर्वक किसी ने सड़क से अतिक्रमण हटाने का नाम नही लिया। वही एसडीओ जयचन्द्र यादव ने एक बैठक बुलाकर अतिक्रमणकारियों की बात सुनी। उन अतिक्रमणकारियों की समस्याओं की निदान करते हुए उनकी दुकानें भी मठ की जमीन में शिप्ट करवाया। फिर भी कुछ अतिक्रमणकारी सड़क पड़ ही जमे रहे। पहले तो एसडीओ ने उन दुकानदारों व अतिक्रमणकारियों को सड़क से हट जाने का नोटिस दिया। इसके बावजूद भी नही हटा तो मजबूरन एसडीओ गुरुवार को जेसीबी व पुलिस बल के साथ सड़क पर उतर आए व सड़क पर से अतिक्रमण हटवाए। इस दौरान मुख्य सड़क को पालीगंज उच्च विद्यालय से खेल मैदान तक कि सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

गया जिला के अतिथि गृह में बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह गया नगर भाजपा विधायक डॉ प्रेम कुमार की अध्यक्षता में खेलकूद प्रतियोगिता (खेलो-इंडिया) का बैठक संपन्न.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.
गया (बिहार)- गया जिला के अतिथि गृह में बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के अध्यक्षता में जिला खेलकूद प्रतियोगिता (खेलो इंडिया) को लेकर बैठक आहूत की गई. बैठक के दौरान विभिन्न खेलों ओलंपिक, एथलीट, खेल से जुड़े सभी संघों के सचिव मौजूद रहे.बैठक के दौरान माननीय विधायक ने खेलकूद, ओलंपिक, एथलीट से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया मा० विधायक ने गया जिले में खेलो इंडिया एवं खेल के उत्थान,खिला-ड़ियों के मनोबल बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से चर्चा किया.माननीय विधायक ने कहा कि भारत सरकार द्वारा खेलकूद के क्षेत्र में बहुत सारा काम किया गया है. माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया शुरू किया गया।जो आज के दिनों में बहुत ही सुप्रसिद्ध है. खेलो इंडिया में 10 खेलों को मान्यता दिया गया है फुटबॉल, कबड्डी,खो-खो, बैडमिंटन, कराटे,हैंडबॉल,आर्चरी जैसे खेल शामिल है. साथ ही राज्य सरकार के द्वारा भी 32 खेलों का चयन किया गया है जिसकी जिला स्तरीय कमिटी गठित की जा रही है उसकी समीक्षा की गई।डॉ कुमार ने कहा कि गया जिला में खेल के उत्थान के लिए सरकारी, गैर सरकारी सभी संस्थाओं से बात किया जाएगा. साथ ही स-

रकारी विद्यालयों में भी खेल को अनिवार्य कर टीम बनवाया जाएगा। देखा जा रहा है कि आए दिन गया जिले में खेल के प्रति रुचि कमते जा रही है उसका वजह है कि खेल का मैदान जो गांधी मैदान में अवस्थित है गया कॉलेज खेल परिसर का भी मैदान का स्थिति जर्जर है इन सभी मैदानों के जीर्णोद्वार का आवश्यकता है ।आने वाले दिनों में बैठक कर 22 टीमों को तैयार कर गया जी में खेलो इंडिया महोत्सव किया जाएगा। साथ ही माननीय विधायक ने कहा कि विभिन्न खेलों में लगभग दो दर्जन खिलाड़ियों ने गयाजी एवं बिहार का नेशनल गेम्स में मान- सम्मान को बढ़ाया है उन सभी गोल्ड मेडलिस्ट नेशनल खिलाड़ियों को जल्द ही सम्मानित किया जाएगा।राज्य सरकार से मांग है कि मगध प्रमंडल में खेल को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना का बेहतर व्यवस्था, अच्छे कोच, प्रशिक्षक का व्यवस्था एवं खेल परिसर मैदानों को जीर्णोद्वार कराया जाए।मौके पर ओलंपिक एवं एथलीट संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, तीरंदाजी से सौरभ कुमार, फुटबॉल संघ से विनय कुमार, श्रीवास्तव खतीब अहमद, समीम अहमद, जिला कराटे संघ से लक्ष्मण कुमार, मॉनिटरिंग राकेश कुमार सिन्हा, खेल प्रेमी छोटे जी एवं अन्य मौजूद रहे।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी श्री बाबू को भारत रत्न प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित- प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.
गया(बिहार)- महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार केशरी, राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह जी की 136 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण मे " आधुनिक बिहार के निमार्ता श्रीबाबू को भारतरत्न " विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया.गोष्ठी की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने किया तथा संचालन कॉंग्रेस सेवा दल के जिलाअध्यक्ष टिंकू गिरी ने किया.
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली ने कहा कि अविभाजित बिहार के विकास में अतुलनीय, अद्वितीय के योगदान के लिए बिहार केशरी श्रीबाबू को बिहार के लोग हमेशा याद करेगा.वामपंथी चिंतक मुरारी शर्मा ने कहा कि डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह ने बैद्यनाथ धाम मंदिर मे दलितों को प्रवेश करा कर दलित उत्थान और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो विश्वनाथ कुमार ने कहा कि बिहार के अधिकांश लोग डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह जी को श्रद्धा से बिहार केशरी और श्रीबाबू के नाम से

संबोधित करते थे.जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, शशि कांत सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, उदय शंकर पालित, प्रद्युम्न दुबे, विनोद उपाध्याय, मोहम्मद समद, रूपेश चौधरी, अशोक राम, कृष्ण प्रसाद, मुरारी शर्मा, श्रावण पासवान, मिथिलेश सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार आदि ने एक स्वर से श्रीबाबू को भारतरत्न दिलाने हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्णय कर केंद्र सरकार को वर्षो पूर्व भेजने के बाद भी अभी तक उन्हें भारतरत्न से नहीं मिलने पर रोष व्यक्त करते हुए, इसके लिए आंदोलन शुरू कर दिल्ली तक धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया. नेताओं ने कहा कि बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के लोकप्रिय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी के निदेर्शानुसार श्रीबाबू की जयंती कल राज्य के सभी जिला, प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी द्वारा मनाई जायेगी, तथा राज्य स्तर पर इनकी जयंती पखवाड़ा 26 अक्टूबर 2023 को पटना मे आयोजित होगा, जिसमें राज्य के कोने, कोने से हजारों, हजार की संख्या मे डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह जी को चाहने वाले तथा इन्हें भारतरत्न के लिए संघर्षरत लोग शामिल होंगे।

औरंगाबाद जदयू में घमासान, जिलाध्यक्ष के खिलाफ हुए लोग, सामूहिक रूप से अपने पदों से दिया इस्तीफा

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार
औरंगाबाद।जेडीयू की जिला कमिटी में आज घमासान मच गया जब एक साथ जिला कमिटी के 15 नेताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिए हैं।वहीं बिहार सरकार द्वारा घोषित जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन(20 सूत्री) समिति की घोषणा के बाद समिति में स्थान नही मिलने से नाराज होकर पार्टी के करीब डेढ़ दर्जन पदाधिकारियों ने संगठन के मुख्य जिला प्रवक्ता सह काराकाट सांसद के प्रतिनिधि राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू के नेतृत्व में पार्टी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को भेजे संयुक्त ईस्तीफे में नेताओं ने पार्टी के जिलाध्यक्ष सह रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह पर नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जदयू को कमजोर करने का षडयंत्र रचने का आरोप लगाया है। कहा है कि नवगठित 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति मे नबीनगर विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। इसी वजह से वें पार्टी के पदों से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे रहे है। यह भी कहा है कि विगत विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में नबीनगर से सबसे अधिक वोट एनडीए(जेडीयू) उम्मीदवार

को मिला था जबकि अन्य उम्मीदवारों का जमानत जब्त हो गया था। इसके बावजूद जिलाध्यक्ष ने एक षड्यंत्र के तहत नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनता दल(यू) को कमजोर करने की साजिश की है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन(20 सूत्री) के गठन में नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के जदयू कार्यकताओं की उपेक्षा की गई है। इसी वजह से वें पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित जिला कमिटी के पदाधिकारी के पद से हम सब इस्तीफा दे रहे है। पार्टी के पदों से त्यागपत्र देने वालो में जेडीयू के मुख्य जिला प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडेय, उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, जदयू उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, जदयू उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद कुशवाहा, जिला महासचिव रंजीत सिंह, जिला सचिव फारुक कैंसर, जिला महासचिव उदय पटेल, जिला सचिव मुकेश पटेल, जिला सचिव नागेंद्र सिंह, जिला महासचिव ओमप्रकाश गुप्ता , जिला सचिव मुरारी रजक , जिला सदस्य विनोद सिंह , केदार यादव , जिला सचिव जितेंद्र चंद्रवंशी एवं किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृज मोहन मेहता अन्य शामिल है।

देव थाना के पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है और उसे जेल भेज दिया है।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)
औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने एक 20 वर्षीय चोर को घर में घुस कर चोरी करते पकड़ा है और उसे जेल भेज दिया है देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया कि हिमांशु कुमार मालाकार उम्र 20 वर्ष पिता गनौरी भगत ग्राम बरई बीघा थाना देव निवासी को देव चौरसिया नगर के एक घर में चोरी करते हुए पकड़े जाने पर देव थाना कांड संख्या 246/23 दिनांक 20/10/23 धारा-457/380/411 भा०द०वी दर्ज कर उक्त अभियुक्त को जेल भेजा है।

दशहरा के शुभ अवसर पर टंडवा क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार
नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते

हुए की जा रही है तैयारियों के संबंध में टंडवा से पटवा टोली होते हुए रामनगर तक किया गया फ्लैग मार्च, इस फ्लैग मार्च में नबीनगर इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रसाद यादव, टंडवा थानाध्यक्ष एवं सह थाना निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी , एसआई पिंकी कुमारी, एसआई संजय यादव, एसआई अनित कुमार ,एसआई श्वेता कुमारी, पुनीत प्रकाश, लक्ष्मण चौबे, एसएसबी काला पहाड़ टीम और टंडवा थाना दलबल के साथ इस फ्लैग मार्च में शामिल हुए और वहां के जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

कुटुंबा विधायक राजेश कुमार ने कला एवं संस्कृति मंत्री को लिखा पत्र

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार
कुटुंबा के कांग्रेस विधायक राजेश राम ने बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय को पत्र लिखकर औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत 27 एवं 28 नवंबर को होने वाले पुनपुन महोत्सव के लिए 25 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराने की मांग किया है। विधायक द्वारा मंत्री को लिखे गए पत्र में जिक्र किया गया है कि पुनपुन नदी का उद्गम स्थल औरंगाबाद जिला के नवीनगर अवस्थित है। जिसका धार्मिक महत्व है और इसकी काफी लोकप्रियता है। विधायक ने मंत्री को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि विधानसभा के बजट सत्र में गैर सरकारी संकल्प लाया गया था। जिसके जवाब में सरकार के स्तर से इस महोत्सव को विभाग के कैलेंडर में भी शामिल करने का सकारात्मक जवाब आया है

नबीनगर थाना पुलिस ने त्योहार को लेकर किया फ्लैग मार्च

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)
नबीनगर (बिहार) 20 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार को दुर्गा पूजा पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। एस आई अनित कुमार के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस कर्मियों ने मोटरसाइकिल से नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों टोला मुहल्ले का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च नबीनगर थाना परिसर से निकलकर न्यु एरीया, मंगल बाजार , शनिचर बाजार, मस्जिद गली, दुर्गा चौक, जनकपुर पोखरा होते पुनः थाना लौट आई। सभी जगहों पर शांति बनाये रखने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे एस आई अनित कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शान्ति और सद्भावना कायम रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया।
उधर नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस द्वारा भी नबीनगर पुलिस इंस्पेक्टर एवम थानाध्यक्ष टंडवा के नेतृत्व मे टंडवा बाजार,पटवा टोली होते हुए रामनगर तक पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया।

भारत के पहले क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के उद्घाटन और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय, ऊर्जावान मुख्यमंत्री भाई योगी आदित्यनाथ जी, कर्नाटका के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जी, केंद्रीय मंत्रिमंडल में मेरे सहयोगी हरदीप सिंह पुरी जी, वी के सिंह जी, कौशल किशोर जी, अन्य सभी वरिष्ठ महानुभाव और विशाल संख्या में पधारे हुए मेरे परिवारजनों।
आज पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा, नमो भारत ट्रेन, राष्ट्र को समर्पित हो रही है, आरंभ हुई है। लगभग चार साल पहले मैंने दिल्ली - गाजियाबाद - मेरठ रीजनल कॉरिडॉर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक उस हिस्से पर नमो भारत का संचालन शुरू हो गया है। और मैंने पहले भी कहा है, आज भी कहता हूं जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। और ये मेरठ वाला हिस्सा 1 साल, डेढ़ साल के बाद पूरा होगा, उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा।
अभी मुझे इस अति आधुनिक ट्रेन से यात्रा का भी अनुभव मिला है। मैंने तो बचपन रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिताया है और आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है। ये अनुभव प्रफुल्लित करने वाला है, आनंद से भर देने वाला है। हमारे यहां नवरात्रि में शुभकार्य की परंपरा है। देश की पहली नमो भारत ट्रेन को भी आज मां कात्यायिनी के आशीर्वाद प्राप्त हुए हैं। और ये भी बहुत विशेष है कि इस नई ट्रेन में ड्राइवर से लेकर तमाम कर्मचारी, महिलाएं हैं, हमारे देश की बेटियां हैं। ये भारत की नारीशक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है। मैं दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी के सभी लोगों को नवरात्रि के पावन पर्व पर मिले इस उपहार के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं, बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, गति भी है, अद्भुत स्पीड भी है। ये नमो भारत ट्रेन, नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है।
मेरा हमेशा से मानना है कि भारत का विकास, राज्यों के विकास से ही संभव है। अभी इस समय हमारे साथ कर्नाटका के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जी भी जुड़े हुए है। आज बेंगलुरू में मेट्रो की 2 लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है। इससे बेंगलुरु के क्ळ ँ ४ की कनेक्टिविटी और बेहतर हुई है। अब तो बेंगलुरु में हर रोज लगभग 8 लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं। मैं नई मेट्रो सुविधा के लिए बेंगलुरु के सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई देता हूं।
21वीं सदी का हमारा भारत, आज हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है। आज का भारत, चंद्रयान पर, चंद्रयान को चंद्रमा पर उतारकर दुनिया में ये हिन्दुस्तान छाया हुआ है। आज का भारत, जी-20 का इतना शानदार आयोजन करके, दुनिया के लिए आकर्षण का, उत्सुकता का और दुनिया का भारत के साथ जुड़ने का एक नया अवसर बन गया है। आज का भारत एशियन गेम्स में 100 से ज्यादा मेडल जीतकर दिखाता है और उसमें मेरा उत्तर प्रदेश भी होता है। आज का भारत, अपने दम पर 5 जी लॉन्च करता है और उसे देश के कोने-कोने में ले जाता है। आज का भारत, दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल लेन-देन करता है। जब कोरोना संकट आया, तो भारत में बनी वैक्सीन ने, दुनिया के करोड़ों लोगों की जान बचाई। बड़ी-बड़ी कंपनियां आज भारत में मोबाइल और टीवी-लैपटॉप-कंप्यूटर ये बनाने के लिए हिन्दुस्तान आ रही हैं। आज भारत लड़ाकू विमान बनाता है, लड़ाकू विमान के साथ-साथ समंदर में तिरंगा फहराने वाला विक्रांत जहाज भी बनाता है। और ये जो आज तेज रफ्तार नमो भारत शुरू हुई है, वो भी मेड इन इंडिया है, भारत की अपनी ट्रेन है। साथियों ये सुनकर के आपको गर्व होता है कि नहीं होता है? आपका माथा ऊंचा होता है कि नहीं होता है? हर हिन्दुस्तानी को उज्जवल भविष्य दिखता है कि नहीं दिखता है? मेरे नौजवानों को उज्जवल भविष्य दिखता है कि नहीं दिखता है। अभी जो प्लेटफॉर्म पर स्क्रीन डोर के सिस्टम का लोकार्पण हुआ है, वो भी मेड इन इंडिया है।
और मैं एक और बात बताता हूं, हम हेलीकॉप्टर में ट्रेवल करते हैं, ये प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर है ना, उसके अंदर इतनी आवाज आती है कि जैसे वो हवाई ट्रैक्टर है, हवाई ट्रैक्टर है, ट्रैक्टर से भी ज्यादा आवाज आती है, कान को बंद रखना पड़ता है। हवाई जहाज में जो आवाज आती है, मैंने आज देखा कि नमो भारत ट्रेन में हवाई जहाज से भी आवाज कम है, यानि कितनी सुखद यात्रा रहती है।
नमो भारत, भविष्य के भारत की झलक है। नमो भारत, इस बात का भी प्रमाण है कि जब देश की आर्थिक ताकत बढ़ती है, तो कैसे ये हमारे देश की तस्वीर बदल जाती है। दिल्ली और मेरठ का ये 80 किलोमीटर से ज्यादा का स्ट्रेच तो एक शुरूआत है, सुनिए, ये तो एक शुरूआत है। पहले फेस में दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के अनेक क्षेत्र नमो भारत ट्रेन से कनेक्ट होने वाले हैं। अब मैंने राजस्थान बोल दिया तो अशोक गहलोत जी की नींद खराब हो जाएगी। आने वाले समय में देश के और भी हिस्सों में नमो भारत जैसा सिस्टम बनेगा। इससे औद्योगिक विकास भी होगा और मेरे देश की युवा पीढ़ी के लिए, मेरे देश के नौजवान बेटे-बेटियों के लिए रोजगार के भी नए अवसर बनेंगे। इस शताब्दी का ये तीसरा दशक, भारतीय रेल के कायाकल्प होने का दशक है। आप देख रहे हैं दोस्तों, इस 10 साल में पूरी रेल आपको बदली हुई नजर आएगी और मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है और ना ही मुझे मरते-मरते चलने की आदत है। मैं आज की युवा पीढ़ी को विश्वास देना चाहता हूं, मैं आज की युवा पीढ़ी को गारंटी देना चाहता हूं....इस दशक के अंत तक, आप भारत की ट्रेनों को दुनिया में किसी से भी पीछे नहीं पाएंगे। सुरक्षा हो, सुविधा हो, सफाई हो, सामन्जस्य हो, संवेदना हो, सामर्थ्य हो, भारतीय रेल, पूरी दुनिया में एक नया मुकाम हासिल करेगी। भारतीय रेल, सौ प्रतिशत बिजलीकरण के लक्ष्य से बहुत दूर नहीं है। आज नमो भारत शुरू हुई है। इससे पहले वंदे भारत के रूप में आधुनिक ट्रेनें देश को मिली। अमृत भारत स्टेशन अभियान के तहत देश के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का काम भी तेज गति से चल रहा है। अमृत भारत, वंदे भारत और नमो भारत की ये त्रिवेणी, इस दशक के अंत तक भारतीय रेल के आधुनिकीकरण का प्रतीक बन जाएगी।

पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही बेहतरीन काम कर रहे हैं संजीव सर : सैयद जब्बार हुसैन

दैनिक समाज जागरण पूर्णियां ।
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में चलता हुआ।
पूर्व क्रिकेटर सैयद जब्बार हुसैन एवं एस एस सिंह " गुड्डू" मैच प्रारंभ होने से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रीय गण गाकर विधिवत खेल की शुरूआत किए। और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। और उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही बेहतरीन काम कर रहे हैं। युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों के माध्यम से जोड़ रहे हैं। यह अपने आप में काबिले तारीफ है। विभिन्न खेलों के प्रति खिलाड़ियों को खेलने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। यह बहुत बड़ी बात है। खिला-ड़ियों की उत्साह देखते ही बनती है। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण से पूर्व प्रथम चरण में बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस,फुटबॉल प्रतियोगिता खेली जा चुकी है। अब क्रिकेट प्रतियोगिता की अंतर जिला, अंतर राज्य एवं मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जानी है।
मैच परिणाम
1. माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर के मैच आल आउट होकर 36 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें नवासबदर ने 12 गेदो 10 रन का योगदान दिया।
विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन ने 3 विकेट, शुभांकर ने 2 विकेट, रिषभ ने 2 विकेट, रौनक ने 1 विकेट प्राप्त किया।
विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा जीत के लिए 37 रनों का पीछा करते हुए 5 ओवर 1 गेंद में 3 विकेट खोकर 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस जीत में राजा ने 11 गेंदों 13 रन का योगदान दिया। माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रिंस कुमार ने 2 विकेट एवं रौनक ने 1 विकेट प्राप्त किया।
2. उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल बनाम सेंट मोसेस स्कूल के बीच मुकाबला खेला गया। उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 144 रन बनाया। जिसमें अपूर्व भास्कर ने 36 गेंदों में 34 रन, अद्वितीय 26 गेंदों में 26 रन और कुशाग्र ने 14 गेंदों में 23 रन का योगदान दिया।
सेंट मोसेस स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशु राज ने 5 विकेट एवं पीयू हसदा ने 2 विकेट प्राप्त किया।
जीत के लिए 145 रनों का पीछा करते हुए सेंट मोसेस स्कूल ने 8 ओवर 4 गेंदों में आल आउट होकर मात्र 46 रन ही बना पाई। और उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल ने यह मुकाबला 98 रनों से जीत ली।
इस जीत में उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए क्षेतिज ने 4 विकेट प्राप्त किया।
दिनांक 21/10/2023 को सुबह 9:00 बजे से प्रतियोगिता खेली जाएगी
1. उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल बनाम माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा
2. एचिभर क्रिकेट अकादमी बनाम दिल्ली पब्लिक स्कूल
3. हरिओम स्पोर्ट्स बनाम बेनी यूनिवर्स
4. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा के बीच मुकाबला खेला जाएगा।
22अक्तूबर को
प्रथम एवं द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा
मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे बिमल मुकेश, अनमोल कुमार सिन्हा,आदित्य कुमार सिंह , एस एस प्रसाद पिंटू, मो नैयर अली।
इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, श्री मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा "गोपी", सैयद जब्बार हुसैन, मो मंजर मोहशिम, एस एस सिंह गुड्डू, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, वेदांत, शुभम् राज, रितेश कुमार झा, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार झा, फुलटू आदि उपस्थित थे।

फारबिसगंज सुढ़ी समाज के सचिव विपिन गुप्ता आरजेडी अररिया के ज़िला उपाध्यक्ष मनोनीत

दैनिक समाज जागरण अररिया।
राष्ट्रीय जनता दल अररिया में सांगठनिक बदलाव करते हुए ज़िला उपाध्यक्ष के पद पर फारबिसगंज के सुढ़ी समाज के सचिव विपिन गुप्ता को मनोनीत किया गया है। इस बात की जानकारी राजद ज़िलाध्यक्ष मनीष यादव के द्वारा पत्र जारी कर दी गयी है। बताते चलें कि बीते दिनों राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव ई आयुष अग्रवाल व राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष मनोज साह, नंदगोपाल जायसवाल के समक्ष विपिन गुप्ता ने राष्ट्रीय जनता दल की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की थी। उसके बाद से ही पार्टी के सभी कार्यों में विपिन गुप्ता सक्रिय नजर आ रहे हैं। मौके पर ज़िलाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि विपिन गुप्ता निरंतर समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका में रहे हैं और इनके पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिल रही है। उन्होंने बताया कि राजद कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकताओं को उचित सम्मान राष्ट्रीय जनता दल शीर्ष से लेकर सभी स्तर पर देने का काम करता आया है। व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव ई आयुष अग्रवाल ने विपिन गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ए टू जेड की पार्टी है और गरीबों, शोषितों, वंचितों के लिए आवाज उठाना राजद की पहचान रही है साथ ही साथ व्यापारी वर्ग राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व के क्रियाकलापों को नजदीक से देखते हुए भरोसा

जता रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि विपिन गुप्ता की सामाजिक जीवन का काफी अनुभव है और उन सभी को इनसे कुछ न कुछ सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के माननीय नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा जो दिशा निर्देश दिया जा रहा है उसका पालन करना हर एक राजद के कार्यकर्ता का दायित्व है और इसे बखूबी निभाना भी जरूरी है। वैश्य समाज से विपिन गुप्ता को ज़िलाध्यक्ष मनीष यादव के द्वारा ज़िला उपाध्यक्ष बनाने का जो काम किया गया है वह काबिले तारीफ है और इसके लिए ज़िलाध्यक्ष भी बधाई व धन्यवाद के पात्र हैं।
बताते चलें कि राष्ट्रीय जनता दल व्यासायिक प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष मनोज साह एवं प्रदेश प्रधान महासचिव ई आयुष अग्रवाल के द्वारा फारबिसगंज में भव्य जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अन्य सम्मानित समाज के अलावे वैश्य समाज की भी जोर दार उपस्थिति रही थी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रितु जायसवाल शिरकत की थी और उसके बाद महिला प्रकोष्ठ की फारबिसगंज इकाई की नगर अध्यक्ष रजनी जायसवाल एवं प्रखंड अध्यक्ष पिंकी जायसवाल को मनोनीत किया गया था। राष्ट्रीय जनता दल के साथ वैश्य समाज का बढ़ता हुआ जुड़ाव आने वाले समय के लिए कई इशारे भी करता नजर आ रहा है और इसको लेकर चचाओं का बाजार भी गर्म है।

इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में कांग्रेस पार्टी का करेंगे प्रतिनिधित्व

दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।
राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह को कांग्रेस पार्टी ने जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति मैं पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री सिंह जिला कांग्रेस में महासचिव थे उसके बाद उन्होंने युवा कांग्रेस का पदभार संभाला फिर अभी उन्हें मजदूर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी ने भरोसा जताया है हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के पदाधिकारियों ने आकर उनकी तारीफ की। श्री सिंह ने कहा कि मजदूरों के हक और हुकुक के लिए हम हमेशा संघर्षरत रहेंगे इसके लिए उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार , कांग्रेस के माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार सिंह जी, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह जी, निर्मल कुमार वर्मा,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसर कुमार सिंह को हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास के लिए हृदय से आभार एवं बधाई

कांग्रेस जनों एवं गणमान्य लोगों ने सदस्य मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई एवं साधुवाद दिया बधाई देने वालों में डॉ प्रो अरुण कुमार यादव ,प्रो कृष्ण देव यादव, प्रमोद कुमार यादव पप्पू,जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह,विजय कुमार जैन, विष्णु देव सिंह,विभूति झा,पूर्व मुखिया रजनीश कुमार बबलू ,बसंत झा मधु कांत झा ,हीरा पासवान, चितरंजन सिंह ,मुकुल भारती, अमिताभ कुमार सिंह ,पुरुषोत्तम अग्रवाल ,अनुरंजन झा, अनिल पोद्दार,मिथिलेश कुमार यादव उर्फ धक्का यादव, राणा रामकृष्ण सिंह, कुलकुल सिंह, दिलखुश कुमार अनु कुमार सिंह, धीरज कुमार ,शिवम कुमार ,चिंगम कुमार, रामकृष्ण यादव प्रकाश मिश्रा, शंभू सिंह, अधिवक्ता विनोद आजाद, अधिवक्ता महेंद्र कुमार सिंन्हा आदि हैं।

मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्र में नामांकन हेतु जमा हुए 30 आवेदन

दैनिक समाज जागरण
मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।
मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन हेतु तीस आवेदन पत्र जमा हो गया है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुराना हिंदी विभाग के अलावा सामान्य शाखा और नए कैम्पस के दर्शनशास्त्र विभाग में भी आवेदन पत्र जमा करने की व्यवस्था की गई है।
व्यापक प्रचार-प्रसार
डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. राजनाथ यादव के आदेशानुसार केंद्र में अधिकाधिक विद्यार्थियों के नामांकन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी विभागाध्यक्षों एवं प्रधानाचार्यों को पत्र प्रेषित कर छात्र-छात्राओं
को इस केंद्र में नामांकन कराने हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया गया है। सोशल मीडिया के जरिए भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।
31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित
कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2023 तक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। जो विद्यार्थी फार्म जमा नहीं कर पाए हैं, वे अविलंब फार्म जमा कर दें और इस योजना का लाभ उठाएं।
प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर
उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस केंद्र की श-रूआत बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना द्वारा उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।इसमें विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है।
कुल 60 सीटों पर होगा नामांकन
उन्होंने बताया कि केन्द्र में क 60-60 छात्र-छात्राओं का दो बैच 06 माह के लिए संचालित किया जाएगा। कुल उपलब्ध सीटों (120) में से 40 प्रतिशत (48) पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत (72) अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अनुमान्य है। दोनों कोटियों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत छैतिज आरक्षण की व्यवस्था है।
दूर्गा पूजा के बाद होगी समीक्षा बैठक
उन्होंने बताया कि केंद्र में नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा हेतु दूर्गा पूजा अवकाश के बाद एक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।
जिला प्रशासन का भी सहयोग
जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने बताया कि बिहार सरकार पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा इन योजनाओं का लाभ आम छात्रों तक पहुंचाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनों पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय और विश्वविद्यालय मुख्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया प्रतिभा संवर्धन एवं उत्प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रो. पवन कुमार पोद्दार को कुलपति का प्रभार मिलने पर बीएनएमयू के उप कुलसचिव (स्थापना) ने दी उन्हें बधाइ

दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार को विवि का प्रभारी कुलपति बनाया गया है। इसके लिए बीएनएमयू के उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने उन्हें बधाई दी है।
डॉ. शेखर ने बताया कि प्रो. पोद्दार मूलतः तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में शिक्षक हैं। वे कुछ दिनों पूर्व तक नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदनीपुर-पलामू (झारखंड) के भी प्रतिकुलपति रहे हैं। खास बात यह है कि उनका बीएनएमयू से भी गहरा लगाव है और वे यहां की बार वाणिज्य विभाग में आ चुके हैं।
उन्होंने बताया कि प्रो. पोद्दार एक विद्वान शिक्षक एवं कुशल प्रशासक हैं और वे हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देते

हैं। वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।
उन्होंने बताया कि जब प्रो. पोद्दार टीएमबीयू के डीएसडब्ल्यू थे, तब उनसे डॉ. शेखर की जान-पहचान हुई थी। उनकी प्रेरणा से डॉ. शेखर ने एल्यूकेशन (स्वतः स्फूर्त भाषण) विधा में ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल (सिलांग) में दूसरा और नेशनल यूथ फेस्टिवल (कुरूक्षेत्र) में चौथा स्थान प्राप्त किया था। खास बात यह कि डॉ. पोद्दार सर विश्वविद्यालय की टीम को सिलांग एवं कुरुक्षेत्र के लिए रवाना कराने स्वयं स्टेशन तक आए थे।

सात दिवसीय टीचर्स डेवलपमेंट कार्यक्रम सह सेमिनार का मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में हुआ समापन

दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।
मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के शिक्षक हित में महाविद्यालय के बिन्देश्वरी बाबू सभागार में पिछले 13 अक्टूबर से शुरू किये गये शिक्षक उन्नयन (टीचर्स डेवलपमेंट) कार्यक्रम सह सेमिनार का शुक्रवार दिनांक 20 अक्टूबर शुक्रवार को समापन किया गया। सात दिवसीय इस सेमिनार में मधेपुरा कालेज मधेपुरा के संस्थापक सह पूर्व प्रधानाचार्य व श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के कुलपति डा.अशोक कुमार ने पुराने एवं नई शिक्षा नीति अंतर्गत नव पाठ्यक्रमों सहित शिक्षण कार्य शैली से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत चर्चा- परिचर्चा करते हुए शिक्षकों का समुचित मार्ग दर्शन किये।उन्होंने सेमिनार में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को विशेष प्रमाण पत्र देने की घोषणा भी की।शिक्षकों को मिलने वाले यह प्रमाण पत्र उनके भविष्य के लिए उपयोगी साबित होगा।
सात दिवसीय इस सेमिनार में सभी विभागों के शिक्षकों ने विशेषकर नई शिक्षा नीति के च्वाइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रम से संबंधित सिलेबस को लेकर गहण मंत्रणा की गयी।इस दौरान सभी विभागों के सभी शिक्षकों ने सेमिनार में प्राप्त की गयी जानकारी के साथ साथ अपने अपने अनुभवों को ह्वाइट बोर्ड के जरिये प्रदर्शित किया।जबकि कालेज आने वाले नामांकित छात्र

छात्राओं को कुशल शिक्षण कार्य के जरिये उन्हें उत्साहित भी किये।
बीएन मंडल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नव पाठ्यक्रम के प्रथम समेस्टर अंतर्गत वन मिड समेस्टर रिट्न टेस्ट अर्थात सतत आंतरिक मूल्यांकन (सीआईए) को लेकर आगामी 2 नवम्बर से 6 नवम्बर तक निर्धारित परीक्षा को लेकर सभी शिक्षकों ने सेमिनार के जरिये तैयारी पूरी कर अब तक की तैयारी की न केवल समीक्षा की ।बल्कि सेल से जुड़े सभी शिक्षकों का समुचित मार्गदर्शन भी किये।नैक एक्रीडिटेड मधेपुरा कालेज मधेपुरा के रिनुअल कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेज कर दी गयी है।इस अवसर पर आई क्यू ए सी के समन्यक प्रो. सच्चिदानंद सचिव सहित सभी सेलों के प्रभारी भी उपस्थित थे।
शिक्षक उन्नयन(टीचर्स डेवलपमेंट) कार्यक्रम के अंतिम दिन नैक से संबंधित गाइड ने इंटरनल क्वालिटी एस्योरेन्स सेल (आई.क्यू.ए.सी.) के क्रिया कलापों और इसके तहत ली।

सूचना प्रसारण मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर अजीत झा के दिवंगत माता सावित्री देवी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए संजय मिश्रा

दैनिक समाज जागरण अररिया ।
जिला मुख्यालय अंतर्गत खरैया बस्ती वार्ड 12 निवासी सूचना प्रसारण मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर अजीत झा के दिवंगत माता सावित्री देवी के संपिंडन कार्यक्रम में शामिल हुए एस डी एम ग्रुप के एमडी समाजसेवी संजय मिश्रा।उन्होंने दिवंगत सावित्री देवी के पति जमुआ निवासी ऐडवोकेट नारायण झा व कर्ता राजीव रंजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया।मौके पर सत्यदेव झा , कपिलदेव झा, मनोज झा, शिक्षक आदित्य विशाल सहित कई लोग मौजूद थे।

समाजसेवी बिनोद मंडल ने विभिन्न मंदिरों का लिया जायजा

दैनिक समाज जागरण रेणु गांव।
चर्चित कथा शिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु के धरती रेणु गांव सिमराहा एवम कोशी कॉलनी रेणु गेट फोर लेन के भगवती दुर्गा मंदिर का समाजसेवी बिनोद कुमार मंडल एवम फ्रेंड्स ऑफ बिनोद की टीम द्वारा चल रहे कार्यों का जायजा लिया।समाजसेवी बिनोद ने बताया कि मां दुर्गा को अंतिम रूप देने में कलाकार लगे हुए हैं शीघ्र हीं भक्तों के लिए पट खुलेंगे। मेला के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अयोजन होगा। तैयारियां अंतिम चरण पर है। इस मौके पर उनके साथ अर्जुन दास, सरपंच कुमार दास, पप्पू कुमार मंडल, इम्तियाज आलम, राजेन्द्र दास आदि उनके साथ दिखे।

ताराबाड़ी थाना में पदस्थापित एवम अवर निरीक्षक बनने पर स्टार लगाकर थानाध्यक्ष ने दिया बधाई

दैनिक समाज जागरण ताराबाड़ी ।
ताराबाड़ी थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार मंडल व उमेश कुमार शर्मा को अवर निरीक्षक के रूप में प्रमोशन होने पर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने स्टार लगाकर एवं मिठाई खिला कर बंधाई दिया ।
थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने कहा कि विभाग में प्रोन्नति के साथ उनकी जिम्मेवारी और बढ़ गई है।

पुलिस को मिली सफलता, शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण सिमराहा/फुलकाहा ।
सिमराहा ओ० पी० पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सुनार पट्टी मिजार्पुर में छापेमारी अभियान चलाकर 300 बोतल (प्रत्येक 100एम एल) कोरेक्स के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया वहीं फुलकाहा थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 39 लीटर नेपाली शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल को किया गया जप्त

समय पर रोग की पहचान व उचित उपचार से कैंसर से पूर्णतः निजात संभव

दैनिक समाज जागरण अररिया ।
जिले में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिंक अक्टूबर अभियान संचालित किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे लेकर पूरे महीने जागरूकता अभियान संचालित किया जायेगा. स्तन कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने, इसकी रोकथाम व उपचार संबंधी उपायों को बढ़ावा देना अभियान का मुख्य उद्देश्य है. पिंक अक्टूबर अभियान के तहत सदर अस्पताल अररिया में शुक्रवार को विशेष जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की अगुआई में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत कुल 53 सीएचओ ने भाग लिया. प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में सदर अस्पताल में संचालित कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर में कार्यरत होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर मुज्जफरपुर की चिकित्सक डॉ सायना आलम, डॉ मैत्रयी द्वारा सभी सीएचओ को स्तन कैंसर, मुंह के कैंसर व सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए इसके स्क्रीनिंग को लेकर प्रशिक्षित किया गया. कार्यक्रम में डीपीसी राकेश कुमार, जपाइगो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मो याकूब सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे. जागरूकता बढ़ाना अभियान का उद्देश्य भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर की चिकित्सक डॉ सायना आलम ने बताया कि पिंक अक्टूबर अभियान का मुख्य उद्देश्य स्तन कैंसर के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाना है. ताकि इसके कारण, रोकथाम व उपचार को बढ़ावा दिया जा सके. उन्होंने कहा कि समय पर रोग की पहचान, उचित जांच व उपचार से कैंसर की बीमारी से पूर्णतः निजात पायी जा सकती है. डॉ मैत्रयी ने कहा कि स्तन में किसी तरह की गांठ, इसके आकार में किसी तरह का परिवर्तन व निप्पल से किसी तरह का रिसाव स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षण हो सकते हैं. ऐसी कोई भी शिकायत होने पर तत्काल सदर अस्पताल पहुंच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श लेना जरूरी है. समय पर रोग की पहचान व उपचार जरूरी डीपीसी राकेश कुमार ने बताया कि जानकारी की कमी व जागरूकता के अभाव में कैंसर से जुड़े मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. लिहाजा रोग के कारणों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है. कैंसर के मामलों में समय पर रोग की पहचान व उपचार जरूरी है. जो पिंक अक्टूबर माह अभियान का मुख्य उद्देश्य है. जपाइगो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ याकूब ने बताया कि महज जागरूक होकर कैंसर के खतरों से बहुत हद तक बचाव संभव है. प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान में जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है. इसे लेकर संबंधित कर्मियों को विशेष रूप प्रशिक्षित किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने किया श्रमदान से साफ-सफाई , गुंज एवं दया संगठन ने एक-एक बोरा कीट देकर किया सम्मानित

नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा
पटमदा : बोडाम प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत के खखरो गांव में गुमानडीह मोड़ से खोखरो पहाड़ियां टोला तक 3 किलोमीटर तक से सड़क के किनारे झाड़ियों का साफ- सफाई किया, इस साफ - सफाई अभियान में गांव के 60 परिवारों ने भाग लिया । ग्रामीणों के काम को देखते हुए दया संगठन ने गुंज संगठन के सहयोग से प्रति परिवार को एक- एक बोरा कीट देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख ललिता सिंह ने कहा कि पिछले 2020 से दया संगठन ने निरंतर गांव के सामुहिकता और समस्याओं के समाधान खुद करने के हमेशा प्रेरित करते आ रहे हैं।मुखिया अजब सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा के पहले सम्मानित किए जाने से गांव वालों में खुशी की लहर है। दया संगठन के समन्वयक रथु महतो ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है गांव को मजबूत और स्वशासन व्यवस्था को मजबूती के साथ प्रतिस्थापित करना है।मौके पर वार्ड सदस्य भ्रमर पहाड़ियां,अंगद सिंह, दुलाल चन्द्र महतो आदि उपस्थित थे।

महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन ने होटल सिल्वर स्टार किशनगंज मे के वाई पी के प्रशिक्षकों को नए कोर्स कंटेंट का दिया प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण किशनगंज।
शुक्रवार को होटल सिल्वर स्टार किशनगंज में श्रम संसाधन मंत्रालय बिहार सरकार एवं बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के तत्वाधान मे किशनगंज जिला अंतर्गत चल रहे (केवाईपी) कुशल युवा प्रोग्राम केंद्र के प्रशिक्षकों को प्रोग्राम के तकनीकी सहयोगी एमकेसीएल(महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड) के द्वारा नई कोर्स कंटेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता किशनगंज जिला के जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक नारायण वत्स ने किया अपने संबोधन में जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया वर्तमान समय में स्किल की भूमिका अहम है बढ़ते बेरोजगारी से निजात दिलाने में कुशल युवा कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित हो रहा है केंद्र संचालकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कराने को कहा गया
इस अवसर पर एमकेसीएल के आरएम सैयद मोईन ने कहा वर्तमान समय मे जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है सरकारी नौकरी सीमित रह गई है इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को स्किल्ड होना होगा ताकि अपना व्यवसाय एवं निजी क्षेत्रों में नौकरी मिलने में कोई दिक्कत ना हो सके इसलिए अधिक अधिक युवाओं को कुशल होने की जरूरत है कुशल युवा समृद्धि युवा का सपना तभी साकार होगा जिसको ध्यान में रखते हुए बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन ने कुशल युवा प्रोग्राम के कार्यक्रम के कोर्स कंटेंट में विशेष परिवर्तन

किया है जिससे बिहार के नौनिहाल युवाओं को अधिक से अधिक इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन स्किल मे कुशल बनाया जा सके ताकि बिहार के युवा बिहार एवं राज्य के बाहर अपने कौशल का परचम लहरा सके।कार्यक्रम में सहायक आरएम नवीन कुमार ने जिला के क वाई पी केंद्र के प्रशिक्षिको को नए कोर्स कंटेंट के बारे में विस्तृत रूप से ट्रेनिंग दिया सहायक आर एम नवीन कुमार ने कहा जब तक प्रशिक्षक प्रशिक्षित नहीं होंगे छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण मिलना संभव नहीं है इसलिए आप लोगों को छोटी सी छोटी डाउट को भी दूर करना होगा क्योंकि बिहार सरकार के सात निश्चय योजना कुशल युवा कार्यक्रम केवाईपी जिसके तहत बच्चों को कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है के प्रति जागरूक कर शत प्रतिशत बच्चों को केंद्र पर लाने का प्रयास करे केंद्र संचालकों को केंद्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु कई टिप्स दिए और अधिक से अधिक बच्चों को केंद्र पर लाने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम में जिला कौशल प्रबंधन छोटू कुमार ने अपने संबोधन ने कहा कुशल युवा समृद्ध युवा सपना आपका संकल्प बिहार सरकार का केंद्र संचालकों को जिला कौशल प्रबंधन ने कहा केंद्र में शत प्रतिशत छात्र की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए इसमें किसी प्रकार के समझौता नहीं होगा।
सीनियर क्लस्टर मैनेजर राहुल कुमार एवं शाईक आजम अशिम अहमद ने केंद्र संचालकों को संबोधित करते हुए कहा केवाईपी प्रोग्राम के संचालन में किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत हो तो टिकट रेज करें निदान अति शीघ्र मिलेगा और नए कोर्स कंटेंट के बारे में सभी प्रशिक्षकों को बारी-बारी से खड़े करके डाउट को निदान किया गया
वही कार्यक्रम में किशनगंज जिला के सभी केंद्र संचालकों प्रशिक्षकों ने भाग लिया और संचालकों एवं प्रशिक्षकों के कई समस्या और सवालों का निदान पटना से आए वरीय अधिकारी सैयद मोईन एवं सहायक आरएम नवीन कुमार ने उनका समाधान किया।

नवरात्र के छठे दिन करें देवी कात्यायनी के दर्शन-पूजन, काशी में यहां विराजती हैं मां

धर्म की नगरी काशी में 9 देवियों के मंदिर स्थापित हैं। नवरात्रि की षष्ठी तिथि को माता कात्यायनी देवी के दर्शन-पूजन का विधान है। इनका मंदिर सिंधिया घाट पर स्थिति है।

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी। धर्म की नगरी काशी में शारदीय नवरात्र की धूम है। नवरात्र की षष्ठी तिथि को देवी कात्यायनी के दर्शन का विधान है। इनका अति प्राचीन मंदिर सिंधिया घाट पर स्थित है। मान्यता है कि दुर्गा षष्ठी के दिन माता का दर्शन करने वाले भक्तों पर उनकी कृपा हमेशा बनी रहती है। नवरात्र के छठे दिन यहां भक्तों का रेला उमड़ा हुआ है। भक्त मंगला आरती के बाद से माता के दर्शन कर निहाल हो रहे हैं।

विवाह बाधा से मिलती है मुक्ति

शारदीय नवरात्रि पर भक्त दर्शन को उमड़ पड़े हैं। देवी मंदिर के पुजारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि की षष्ठी तिथि को माता के दर्शन मात्र से कुंवारी कन्याओं की विवाह बाधा दूर हो जाती है और उन्हें मनचाहा वर मिलता है। मान्यता है कि जो कन्या माता को 7 मंगलवार दही-हल्दी लगाती है उसकी विवाह बाधा अवश्य ही दूर हो जाती है।

काशी के अलावा वृन्दावन में मां का है निवास

पुजारी ने बताया कि मां पापों का नाश करती हैं। मां का यह रूप आत्मज्ञान प्रदान करता है। मां का भव्य मंदिर काशी के अलावा वृन्दावन में स्थित है। माना जाता है कि भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए गोपियों ने कात्यायनी व्रत रखा था।

मां कात्यायनी को पसंद है शहद

मां कात्यायनी ने देवताओं की प्रार्थना सुनकर महिषासुर से युद्ध किया। महिसासुर से युद्ध करते हुए मां जब थक गई तब उन्होंने शहद युक्त पान खाया। शहद युक्त पान खाने से मां कात्यायनी की थकान दूर हो गयी और महिषासुर का वध कर दिया। कात्यायनी की साधना एवं भक्ति करने वालों को मां की प्रसन्नता के लिए शहद युक्त पान अर्पित करते हैं।

वाराणसी रेलवे जं0 से नवनिर्मित प्लेटफॉर्म नं0 दस से परिचालन शुरू

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी रेलवे जंक्शन स्टेशन के नवनिर्मित प्लेटफॉर्म संख्या 10 से परिचालन शुरू हो गया है। गुरुवार शाम को प्रतापगढ़-वाराणसी स्पेशल और वाराणसी-लखनऊ इंटरसिटी को यहां से रवाना किया गया था। प्लेटफॉर्म शुरू हो जाने से लोहता-जंघई रूट की गाड़ियों के आउटर पर खड़ी करने की समस्या दूर हो गई है। वाराणसी रेलवे जंक्शन स्टेशन पर कुल नौ प्लेटफॉर्म हैं। वहीं मालगोदाम स्थित तीसरे प्रवेश द्वार के पास प्लेटफॉर्म नम्बर 10 और 11 भी बनाए गए हैं। प्लेटफॉर्म संख्या 11 पर पटरी-सिग्नल से जुड़े काम पूरे हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक इस महीने तक यहां से भी गाड़ियों के रवाना होने की उम्मीद था। यार्ड रीमॉडलिंग के दौरान दोनों प्लेटफॉर्मों को लोहता रेलवे स्टेशन की तरफ को मेन लाइन से कनेक्ट कर दिया गया लेकिन यहां से गाड़ियां अन्य प्लेटफॉर्मों व लाइनों पर नहीं जाएंगी। इन प्लेटफॉर्मों पर सिर्फ वाराणसी रेलवे जंक्शन से बनकर लोहता -भदोही-जंघई होते हुए प्रतापगढ़ व प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें आएंगी। स्टेशन डायरेक्टर गौरव दीक्षित ने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या पांच से दोनों प्लेटफॉर्मों को जोड़ने की योजना है।

प्लेटफॉर्म फिक्स नहीं होने से यात्रियों की बढ़ी दिक्कत कैंट स्टेशन की यार्ड रीमॉडलिंग के बाद अब बनारस छोर की गाड़ियां प्लेटफॉर्म संख्या एक से चार, लोहता छोर की ट्रेनें एक से पांच और शिवपुर छोर की गाड़ियां छह से नौ पर आएंगी। लेकिन गाड़ियों का प्लेटफॉर्म फिक्स नहीं होने से यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। सोमवार से शुरू नियमित परिचालन के दौरान अब तक अर्चना एक्सप्रेस, दादर एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदले जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण लिया सलामी दिया आवश्यक निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण लिया सलामी दिया आवश्यक निर्देश

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

जौनपुर जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस

व्यवस्था में फेरबदल किया जाता है साथ ही साथ पुलिस पुलिस अधीक्षक द्वारा समय-समय पर पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए कितनी सक्रिय है इसका भी निरीक्षण किया जाता है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा, द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, जीपी स्टोर, पुलिस अस्पताल, कैन्टीन, मेस, यातायात कार्यालय, डायल-112 इत्यादि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओ.आर. किया गया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

डायलॉग बोलते वक्त रामलीला मंच पर कलाकार को आया हार्ट अटैक मौके पर ही मौत

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में रामलीला मंचन के दौरान एक कलाकार की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई. 72 वर्षीय कलाकार पुणे से रामलीला में भाग लेने के लिए पहुंचे थे. डायलॉग बोलते वक्त ही बुजुर्ग को हार्ट अटैक आया और फिर वहीं गिर पड़े.

मिजार्पुर। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में रामलीला में सीता स्वयंवर के दिन अभिनय के दौरान हार्ट अटैक से राजा का अभिनय कर रहे पात्र की मौत हो गयी. जिगना थाना क्षेत्र अंतर्गत जय मां संतोषी रामलीला समिति द्वारा पिछले 25 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है. सीता स्वयंवर में राजा के पात्र की भूमिका निभा रहे 72 वर्षीय कुंवर बहादुर सिंह मंच पर अन्य पात्रों के साथ अभिनय कर रहे थे. मच पर अपना डायलॉग बोलते समय हार्ट अटैक पड़ा और उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी। वह मंच पर ही एक कोने में जा कर गिर गये. उनके गिरने के बाद रामलीला समिति के लोग उन्हें पास के निजी अस्पताल में लेकर गये, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. परिजनों का कहना है कि महाराष्ट के पूना से तीन दिन पहले ही वह अपने गांव रामलीला में भाग लेने के लिए पहुचे थे. रामलीला में वे विभीषण और राजा जनक के अभिनय के लिए चर्चित कलाकार माने जाते थे. परिजनों का कहना है कि एक बार अभिनय कर वह दूसरी बार मंच पर अपना अभिनय कर रहे थे. अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और मंच पर ही गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई.

पुणे से पहुंचे थे रामलीला में किरदार निभाने

कुंवर बहादुर सिंह कई वर्षों से रामलीला में अलग-अलग किरदार निभा रहे थे. वे पुणे में एक निजी कंपनी में वॉचमैन का काम करते थे. तीन दिन पहले ही वे रामलीला में अभिनय करने के लिए यहां पहुंचे थे. रामलीला समिति के मुताबिक वे सीता स्वयंवर के दौरान राजा का डायलॉग बोल रहे थे, तभी उन्हें हार्ट अटैक आया

धनंजय सिंह पर जानलेवा हमले में सुनवाई आजः

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर वाराणसी के नदेसर में हुए जानलेवा हमले में आज जिरह पूरी हो गई। संदीप सिंह उर्फ पप्पू के अधिवक्ता स्वामी नाथ यादव और अनुज यादव ने जिरह किया। जिरह की कार्यवाही पूरी होने पर अदालत ने इस मामले में सफाई साक्षियों की लिस्ट देने के लिए 20 अक्टूबर की तिथि नियत कर दी। हालांकि पूर्व सांसद कई सवालों पर उलझते नजर आए और पुलिस को दर्ज बयान में अधिवक्ताओं ने खामियां भी गिनाईं। इस केस में आरोपियों की गवाही पहले ही हो चुकी है और अब केस जजमेंट की ओर है।

समारोह में जबदस्ती घुसकर खाना खाने पर हुई मारपीट

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। सारनाथ के दानियालपुर स्थित आशीर्वाद वाटिका लॉन में बीते गुरुवार की देर रात में सगाई समारोह में जबदस्ती स्थानीय कुछ युवक शराब के नशे घुस कर भोजन करने लगे जिस पर मना करने पर मारपीट करने लगे। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत करवाया।

प्राप्त जानकारी अनुसार दानियालपुर स्थित आशीर्वाद वाटिका लॉन में गुरुवार की रात सगाई की रस्म चल रही थी। लड़की पक्ष धानापुर चंदौली व लड़का पक्ष सैदपुर गाजीपुर के थे। दोनों लोग मिलकर लान बुक किए थे लॉन में ही सगाई का रस्म चल रहा था। रस्म के बाद भोजन शुरू होना था तभी दानियालपुर निवासी कन्हैया राजभर अपने आधा दर्जन मित्रो के साथ शराब के नशे में लॉन में घुसा व खाना खाने लगा। यह देख कर दोनों पक्षो के लोग मना करने लगे जिस पर कन्हैया राजभर व उसके दोस्त मारपीट पर आमादा हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत किया। पुरानापुल चौकी प्रभारी अतुल अंजान ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिए हैं।

251 कन्याओं का पूजन कर इस धार्मिक महोत्सव में अपना योगदान दिया

समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। शारदीय नवरात्र की षष्टी के पावन अवसर पर शुक्रवार को आर्य महिला परिवार ने चेतगंज स्थित आर्य महिला कॉलेज परिसर में कन्या पूजन किया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवरात्रि के मौके पर प्रस्तावित कन्या पूजन के कार्यक्रम क्रम में आर्य महिला परिवार ने भी 2 वर्ष से लेकर 5 वर्ष तक की 251 कन्याओं का पूजन कर इस धार्मिक महोत्सव में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर मौजूद पूर्व मंत्री एवं विधायक नीलकंठ तिवारी , भाजपा महिला काशी क्षेत्र की अध्यक्ष नम्रता चौरसिया तथा कार्यक्रम संयोजक पूजा दीक्षित सहित डॉक्टर शशीकांत दिक्षित आदि ने कन्याओं के चरण आदि धोकर उनको तिलक लगाया, चुनरी ओढ़ाकर नवैद्य आदि का भोग लगाकर उनकी पूजा अर्चना की और आरती करने के साथ उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

विधायक नीलकंठ तिवारी ने इस मौके पर कहा कि आमतौर पर नवरात्र के दिनों में सभी हिंदू घरों में कन्या पूजन होता है पर इस बार

भारतीय जनता पार्टी इसका आयोजन एक बड़े स्तर पर कर रही है। इसकी शुरूआत आज कन्याओं के एक ऐसे कॉलेज से हुई है जो अपने स्थापनाकाल से ही कन्याओं की शिक्षा दीक्षा एवं हित और सुरक्षा को लेकर सजग रहा है ।यह समाज के लिए एक अच्छा संदेश है।

भाजपा महिला काशी क्षेत्र की अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर शुरू होने वाले इस कन्या पूजन के कार्यक्रम के साथ ही आगामी दिनों में डांडिया आदि के कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक पूजा दीक्षित ने कहा कि बेटियों के लिए हमेशा सोचने वाले हमारे काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के इस कार्यक्रम का महत्व नवरात्र में और भी बढ़ जाता है क्योंकि कन्या पूजन के इस कार्यक्रम से न केवल हम सब कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन ही करते हैं बल्कि इस पूजन के माध्यम से हमसब में एक नई ऊर्जा का संचार भी होता है । दीक्षित ने कहा कि देश में शांति खुशहाली और समृद्धि के लिए यह पूजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर शंभू उपाध्याय, डॉक्टर अखिलेन्द्र त्रिपाठी, पूजा पांडे सहित सपना ,विनोद वर्मा अनुज ,शरद अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक पूजा दीक्षित थी।

डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवती समेत दो घायल इलाज के दौरान एक की मौत

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

कछवांरोड। क्षेत्र के चित्रसेनपुर (मिजार्मुराद) स्थित सब्जी मंडी के सामने हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर वाराणसी के तरफ से आ रहे स्प्लेंडर बाइक सवार भदोही जिले के औराई थानांतर्गत भगवती दासपुर सरियांव कनेहरी निवासी सुजीत कुमार बिंद पुत्र अलगू बिंद उम्र (43) वर्ष अपने मित्र के पुत्री प्रमिला उम्र (18) वर्ष निवासिनी बहुतरा खुर्द थाना चौरी को वाराणसी से दवा दिलवाकर वापस घर लौट रहे थे कि अनियंत्रित हो गिर कर बाइक समेत डिवाइडर से टकराकर कर सुजीत गम्भीर रूप से घायल हो गया वही युवती मामूली रूप से चोटिल हो गई।ग्रामीणों की सूचना से पाकर मौके पहुंचे कछवांरोड चौकी प्रभारी अतुल कुमार मिश्रा ने एम्बुलेंस की मदद से सुजीत को इलाज हेतु बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजवाया सुजीत को सर में गम्भीर चोट होने के कारण डॉक्टरों ने सुजीत को मृत घोषित कर दिया।वही युवती का निजी अस्पताल में दवा उपचार हुआ।मृतल टावर के कंपनी में कार्य करता था।मृतक दो पुत्रो का पिता बताया गया।

बिस्तर से गायब बालक का शव मिला कुएं में, हत्या में चाचा को किया गिरफ्तार

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के रायतारा पिंडरा में 2 वर्षीय बालक की हत्या का खुलासा करते हुए फूलपुर पुलिस आरोपित चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डीसीपी ने खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह ने बाबतपुर स्थित अपने कार्यालय में घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सम्पत्ति के विवाद में मृत बालक कृष्ण कुमार के चाचा बाबूलाल ने ही उसको विस्तर से उठा कर घर से कुछ दूरी पर स्थित सिवान के कुएं में जिंदा ही फेक दिया। पानी मे डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के खुलासे के बाबत बताया कि उक्त युवक को स्थानीय लोगों से बातचीत करने तथा दर्जन भर सीसीटीवी फुटेज के खंगाले के बाद उक्त युवक के शक के आधार पर उठाया गया। उसके बाद जब कढ़ाई से पूछताछ की तो वह बच्चे को सम्पत्ति के विवाद में मारने की बात कही। उसके निशनदेही पर अपहृत बालक के शव को कुएं से बरामद किया। पुलिस ने गुमसुदगी के जगह 363,364,302, 201 के धारा बढ़ाते हुए उसे जेल भेज दिया। वही डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह ने घटना में खुलासे में शामिल टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, एसआई संग्राम सिंह, अतुल त्रिपाठी, हरिकेश यादव,जितेंद्र यादव व एसओजी व सर्विलांस की टीम शामिल रही। बताते चलें कि गुरुवार को अलसुबह दादा किशोरी लाल के साथ सोए था जब भोर में वह शौचालय गये तभी मौका पाकर उनका छोटा बेटा बाबूलाल सम्पत्ति में लालच में उसे उठा ले गया और घर से 400 मीटर दूरी पर सिवान में स्थित कुएं में फेंक दिया और चुपचाप घर आ गया और पुलिस के साथ बालक को ढूढने में साथ साथ भी रहा।

पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा बालिकाओ से पुलिस आँफिस में मुलाकत कर सफलता के टिप्स दिये गये तथा शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी

समाज जागरण जौनपुर

शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 4 के तहत बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक

शिक्षा विभाग द्वारा लगभग 70 बालिकाओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया गया तथा पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा से मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा छात्राओं को महिलाओं/बच्चियों के लिये चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं आदि की जानकारी दी गयी तथा महिला सम्बन्धी अपराधों के रोकथाम व त्वरित सहायता के लिये विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 112,1930,1090,108,1076,1098 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । छात्राओं द्वारा सफलता हेतु पुछे गये सवालों का जवाब दिया गया तथा उन्हें मेहनत व लगन से पढाई करने और जीवन की उच्चाईयों को छुने के टिप्स दिये गये।

गरीबों को मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्यःवफा अब्बास

अंबर फाउंडेशन व दिशा आई हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। नगर के हुसैनिया नकी फाटक इमामबाड़े में अंबर फाउंडेशन व दिशा आई हॉस्पिटल सिपाह द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में सौ से ज्यादा लोगों ने अपने आंखों की जांच कराई और उन्हें मुफ्त दवाइंर्या उपलब्ध कराई गईं। इस मौके पर अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से जिन लोगों की आंखों से कम दिखाई देता है उनके लिए संस्था मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराने की काम करेगी। इसकी शुरूवात जिले में कर दी गई है। लखनऊ में दस हजार से ऊपर चश्मा लोगों को पहले ही मुफ्त में बांटा जा चुका है। यहां इसकी शुरूआत की जा रही है और आगे जरूरतमंदों को चश्मा मुफ्त में उपलब्ध कराया जायेगा। दिशा आई हॉस्पिटल सिपाह के निदेशक

डॉ.वेंकटेश श्रीवास्तव ने बताया कि उम्र के बढ़ने के साथ साथ लोगों की आंखों की रौशनी कम होती जाती है ऐसे में समय समय पर उनकी जांच आवश्यक होती है। यदि किसी को मोतियाबिंद होता है तो उसका ऑपरेशन समय पर करा लें अन्यथा उनकी आंखों की रौशनी पूरी तरह से जा सकती है। इस कैंप के माध्यम से सैकड़ों लोगों की जांच की गई जिसमें उनके मैनेजर अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीनियर नेत्र सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट अतुल द्विवेदी, शलिनी यादव, बबलू यादव, अनुप कुमार मौजूद थे। इससे पूर्व मोहम्मद हसन नसीम पूर्व प्रधानाचार्य आरडीएम शिया इंटर कॉलेज ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर दीप्ति वाजपेयी, अरशद, आरिफ मुख्तार, जमानत अली मौजूद रहे। आभार सैयद शाहिद हुसैन गुड्डू ने प्रकट किया।

इंडिया ट्रैवल मार्ट (आईटीएम) वाराणसी - भारत की अग्रणी यात्रा और पर्यटन प्रदर्शनी का विश्व के आध्यात्मिक शहर में उद्घाटन हुआ।

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी, भारत -भारत की अग्रणी यात्रा और पर्यटन प्रदर्शनी - इंडिया ट्रैवल मार्ट (आईटीएम) वाराणसी दूसरी बार दुनिया के आध्यात्मिक शहर - वाराणसी में वापस आ गई है। इंडिया ट्रैवल मार्ट वाराणसी का पर्दा गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 को खुल गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन राजेंद्र कुमार रावत, उप निदेशक, उत्तर प्रदेश पर्यटन वाराणसी, उत्तर प्रदेश सरकार की उपस्थिति में किया गया अभिजीत कुमार, अपर सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार सरकार सह महाप्रबंधक बिहार राज्य विकास निगम अमित कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक, भारत पर्यटन - वाराणसी सुशील कुमार सिंह, अध्यक्ष, एडीटीओआई, उत्तर प्रदेश, अन्य वरिष्ठ राज्य पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों और ट्रैवल ट्रेड बिरादरी, ट्रैवल एजेंटों, वाराणसी के टूर ऑपरेटरों, पैन इंडिया, होटल व्यवसायियो उपस्थित रहे।

बी2बी यात्रा और पर्यटन शोकेस और कॉन्क्लेव शनिवार, 21 अक्टूबर 2023 तक चलेंगे।

मार्ट में उत्तर प्रदेश, भारत पर्यटन,

मध्य प्रदेश, बिहार पर्यटन, झारखंड पर्यटन, गुजरात पर्यटन, हिमाचल प्रदेश पर्यटन के पर्यटन बोर्डों का प्रदर्शन किया गया। यह शो वाराणसी के लोगों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ होटल और रिसॉर्ट्स, डीएमसी, ट्रैवल कंपनियों को एक छत के नीचे एक साथ लाता है, वे ट्रैवल ट्रेड और सामान्य आगंतुकों के साथ नेटवर्क के साथ आगामी शीतकालीन छुट्टियों के लिए अपने नए टूर पैकेज का प्रदर्शन करेंगे। वाराणसी में. सैकड़ों रोमांचक विकल्पों को ब्राउज करने के बाद, कोई व्यक्ति टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों, होटल व्यवसायियों और अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ आमने-सामने की बैठकों में शामिल हो सकता है और आवश्यक जानकारी इकट्ठा कर सकता है और परेशानी मुक्त तरीके से तत्काल बुकिंग कर सकता है।

आगामी सर्दियों के मौसम और नए साल के नजदीक होने के साथ, हमने वाराणसी और आसपास के शहरों के लोगों के लिए विशेष रूप से पैकेज और सर्वोत्तम सौदे डिजाइन किए हैं। आईटीएम के प्रबंध निदेशक अजय गुप्ता कहते हैं, इस शोकेस और कॉन्क्लेव को आयोजित करने का मूल उद्देश्य दुनिया भर में पर्यटन जागरूकता को बढ़ावा देना है।

अगले दो दिनों तक आईटीएम वाराणसी में यात्रा केंद्र के रूप में काम करेगा. बी2बी यात्रा और पर्यटन शोकेस और कॉन्क्लेव का शुरूआती समय दूसरे दिन (शुक्रवार) सुबह 11 बजे से शाम 06 बजे के बीच और अंतिम दिन (शनिवार) सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक है।

कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों को किया गुमराहःदानिश

पांच राज्यों में भाजपा की होगी बड़ी जीत, विपक्ष बौखलाया

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री का जिले में हुआ स्वागत

समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ बोर्ड राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी का अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मेराज हैदर के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि पांच राज्यों में जहां विधानसभा चुनाव हो रहा है वहां पार्टी की बड़ी जीत होने जा रही है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है और सभी योजनाओं क ा लाभ सभी धर्म व जाति के लोगों को मिला है। जाति जनगणना को लेकर जिस तरह कांग्रेस मुद्दा बना रही है उसपर दानिश आजाद ने कहा कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने समाज को गुमराह करके सत्ता का सुख हासिल करने के लक्ष्य रखकर करने का काम किया है। खासतौर पर पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समाज के साथ सबसे बड़ी नाइंसाफी व धोखा दिया है तो वोह कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा व अन्य विपक्षी दल रहे हैं। कांग्रेस की जब भी सरकार रही उसमें पिछड़ों के हक पर डाका डाला, योजनाओं का लाभ उनतक नही पहुंचाया और जब वोट लेने की बारी आती थी वोह गुमराह कर वोट हासिल करने में जुट जाते थे जबकि विकास का कार्य कभी दिखाई नहीं दिया। ऐसे में 2014 के बाद अब लोगों की निगाहें भाजपा के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार पर टिकी हुई हैं जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर देश में विकास का नया अध्याय लिखती जा रही है। मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि आज जिस तरह से अल्पसंख्यक वर्ग के मुस्लिम समुदाय के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं उससे पूरा विपक्ष बौखला गया है उसे समझ में नहीं आ रहा है कि कैसे इनको गुमराह किया जाये लेकिन मुस्लिम समुदाय ने अब मन बना लिया है कि अब वोह वोट बैंक के रूप मे काम नहीं करेगा बल्कि जो दल उनकी बेहतरी के लिए काम करेगा उनके साथ वोह रहेगें। उन्होंने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज मुस्लिम समुदाय के लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। समाज की मुख्य धारा से जोड़कर हमारी डबल इंजन की सरकार अल्पसंख्यक समुदाय की बेहतरी के लिए कई सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। फिलिस्तीन के गाजा शहर पर हो रहे इजराइली सेना की बमबारी पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अपना बयान जारी कर पहले ही पूरे विश्व को बता दिया है। वही हम लोगों का स्टैंड है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अबरार खान, वरिष्ठ नेता सैयद ताहिर रजा, साबिर रजा, डॉ.तंजीला रहमान, सोशल मीडिया प्रभारी वारिस अली परवाना, अफसर हुसैन पुत्तू, शाह आलम, मोहम्मद शाहान, सादिक रजा बाबा, शबी हैदर सदफ, फैसल यासीन, आले खान, शानू हैदर, रिंकू, रईस अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शासन की प्राथमिकता के कार्यो में शिथिलता बर्दाश्त नहीं -जिलाधिकारी

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

जिलाधिकारी एस राजलिंगम द्वारा आज कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब सभागार में अमृत सरोवर के कार्य की समीक्षा की।

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रत्येक ब्लॉक में तालाबों को, जिसके चारों ओर इंटरलिंकिंग, रेलिंग,बेंच आदि लगाकर जन सामान्य के लिए सुविधाजनक बनाना है।

समीक्षा के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पिण्डरा, सेवापुरी तथा काशी विद्यापीठ ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तेजी से कार्य कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिया कि कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रत्येक ब्लॉक से लेकर उपलब्ध करायें।

दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो पलटी आधा दर्जन घायल।।

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के स्थानीय चौराहे पर शुक्रवार की देर शाम दर्शनार्थियों से भरी तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अचानक सड़क के किनारे पलट गई जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोगों को सामान्य रूप से चोट आई स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें कप सेठी के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उनका इलाज हुआ।। बताया जाता है कि इसी थाना क्षेत्र के मधुमक्खियां गांव निवासी कुछ लोग किराए की बोलेरो गाड़ी लेकर सोनभद्र दर्शन के लिए गए थे वहीं से लौटते समय यह हादसा हुआ हादसे में अमिला देवी रोहित अनूप विनय बब्बल को सामान्य चोट आई संयोग था कि घटना के समय सड़क के पटरी पर कोई मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता ।।

5 वर्षों के लिए प्रभावी होगी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सरकार पर पड़ेगा 24 करोड़ का भार, ऐसे मिलेगी सब्सिडी

दैनिक समाज जागरण

प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना पांच वर्षों के लिए प्रभावी होगी. इस योजना के तहत 250 वाहनों के संचालन पर इस वित्तीय वर्ष (2023-24) में विभाग पर 24 करोड़ रुपये का वित्तीय भार पड़ेगा.

वहीं वाहनों के परिचालन में वाहन मालिकों के द्वारा अनियमितता पाये जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी. यदि वाहन स्वामी द्वारा इस योजना के तहत स्वीकृत परमिट को स्वेच्छा से प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, परिवहन प्राधिकार द्वारा किया जायेगा.

इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा संकल्प जारी कर दिया गया है. इसमें कहा गया है कि भविष्य में झारखंड मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना, 2022 के कार्यान्वयन के दौरान आनेवाली त्रुटियों का निराकरण करने में परिवहन विभाग स्वयं सक्षम होगा. साथ ही वित्तीय मामलों को छोड़ कर अन्य मुद्दों पर विधिसम्मत अधिसूचना खुद परिवहन विभाग निर्गत करेगा. संकल्प के अनुसार ग्रामीण मार्गों पर संचालित बसों को सरकारी बस स्टैंड में प्राथमिकता दी जायेगी.

साथ ही सभी प्रकार के पड़ाव शुल्क व नगर निगम प्रवेश शुल्क आदि नहीं लगेगा. योजना के तहत पहला परमिट जारी करने की तिथि से पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जायेगी. परमिट शुल्क एक रुपये व आवेदन शुल्क एक रुपये लिया जायेगा. ग्रामीण मार्ग पर संचालित वाहन द्वारा संतोषजनक परिचालन किये जाने की स्थिति में परमिट नवीकरण फिर से पांच वर्षों या योजना लागू रहने की तिथि, जो भी पहले हो, तक परमिट का नवीकरण किया जायेगा. साथ ही पूर्व की तरह सभी प्रकार के विनिर्धारित सब्सिडी दी जायेगी.

महत्वपूर्ण तथ्य

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत मार्ग की अधिकतम दूरी 125 किलोमीटर होगी.

योजना के तहत हल्के व मध्यम वाणिज्यिक चार पहिए वाहन, जिनमें हार्ड टॉप बॉडी व सॉफ्ट टॉप बॉडी हो, जिनका निर्माण मोटरवाहन अधिनियम 1988 के अनुसार सात से 42 यात्रियों के बैठाने की क्षमता वाले सिर्फ नये खरीदे गये वाहनों को ही परमिट की सुविधा मिलेगी.

योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआइवी पॉजिटव, विधवा व झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जायेगी

ऐसे मिलेगी सब्सिडी

33 से 42 सीट वाले वाहनों के लिए 18 रुपये/किमी, 25 से 32 सीट के लिए 14.50 रुपये/ किमी, 13 से 25 सीट के लिए 10.50 रुपये/ किमी और सात से 12 सीट के लिए 7.50 रुपये/किमी सब्सिडी दी जायेगी.

टुंडी में डॉट्स का गठन

दैनिक समाज जागरण
कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता, धनबाद (झारखंड) :-20 अक्टूबर, 2023: जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित विवेकानंद मध्य विद्यालय में मेघावी तथा प्रतिभावान बच्चों की पहचान तथा उनकी सहायता करने के लिए टुंडी के शिक्षक समुदाय द्वारा डॉट्स का गठन किया गया। इसकी परिकल्पना विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक अनन्त शक्ति द्वारा की गई है। इस पुनीत उद्देश्य को को मूर्त रूप देने में विवेकानंद म. वि के प्रभारी प्रधानाध्यापक लोकनाथ रजक, सहायक शिक्षक पंकज कुमार समेत टुंडी के शिक्षकों का सामुहिक योगदान रहा। विदित हो कि डॉट्स का विस्तारित नाम (डाईमंडस ऑफ टुंडी) है जिसका उद्देश्य स्कूली स्तर से ही विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान बच्चों की खोज कर उनकी सहायता तथा लगातार मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन करना है। डॉट्स के बैनर तले टुंडी की अत्यंत प्रतिभावान, चित्रकारी में पारंगत छात्रा नमिता कुमारी को उसकी पढ़ाई में सहायता के लिए बतौर डॉट्स सदस्य टुंडी के शिक्षकों के द्वारा मोबाईल भेंट किया गया। नमिता के अलावे विभिन्न स्कूलों से चुनिंदा प्रतिभावान बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सेवानिवृत्त सीआरपी नयनरंजन सिन्हा के द्वारा नमिता को ड्राईंग किट्स प्रदान किया गया। डॉट्स के संस्थापक सहायक शिक्षक अनन्त शक्ति के अनुसार प्रखण्ड टुंडी में कई ऐसे प्रतिभावान बच्चे हैं जिनकी

अभिरुचि की पहचान करते हुए यदि स्कूली स्तर से ही मदद की जाए,तो निश्चित रूप से उनके अंदर आत्मविश्वास का संचार होगा तथा आगे वे अपनी अभिरुचि के अनुसार अपने भावी कैरियर के बारे में निर्णय लेने में सक्षम हो सकेंगे। हर विद्यालय में ऐसे प्रतिभावान बच्चे मौजूद हैं जिनकी पहचान एक शिक्षक ही कर सकते हैं। डॉट्स के द्वारा वैसे बच्चों को उनकी अभिरुचि अनुरूप विषय विशेषज्ञों से संपर्क करवाना तथा यथासंभव सहायता तथा प्रोत्साहन प्रदान करना है। इसके लिए टुंडी के विषय विशेषज्ञों की शिक्षकों की एक टीम तैयार की जाएगी जो बच्चों को मार्गदर्शन देने का कार्य करेंगे तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की क्षमता विकास हेतु निस्वार्थ भाव से उन्हें प्रशिक्षित भी करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्भय कुमार सिंह,प्रकाश कुमार, रंजन कुमार, ओमप्रकाश मंडल, सुरेश साहु, सुरेंद्र कुमार, हसनैन अंसारी, राजेन्द्र प्रताप, कुमारी श्वेता वीणा कुमारी, रामसु मुर्मू, अशोक सोरेन, चांद हेम्ब्रम, राजकुमार, कल्याणी कुमारी, अजीत कुमार, चंद्रहास कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

नावाडीह मे मूर्तिपूजा की तैयारी संपन्न

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)20अक्टूबर2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के नावाडीह मे दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी अब अपने पूर्ण रूप मे आने को है।पूजा समिति नावाडीह के अध्यछ कुणाल किशोर सिंह उपाध्यछ राकेश कुमार सिंह और वहा उपस्थित रौशन कुमार सिंह ,अमरजीत कुमार,अजित कुमार,पवन सिंह ने बताया की सालो से यहा दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है और ये पूजा हमारे पूर्वजो द्वारा दी गयी जिम्मेदारी है जिसको निभाने का हम हर संभव प्रयास करेंगे उन्होंने ये भी बताया की माता की पूजा की पुरी तैयारी हो चुकी है।उक्त लोगो ने बोला की आखिर वो पल आ ही गया जब माता का आगमन होगा और माँ अपने भक्तो पे कृपा करेंगी। उन्होंने बताया की पूजा मे पंडाल के सजावट पर विशेष ध्यान दिया जायेगा साथ मे सभी कार्यकर्ताओ के सहयोग के बारे मे उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ताओ का विशेष सहयोग मिल रहा है।

धनबाद के नए रेल एसपी स्वर्गियारी ने पदभार ग्रहण किया, सुरक्षा अधिकारियों को दिया निर्देश

दैनिक समाज जागरण

नए रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी का स्वागत करते रेल डीएसपी

धनबादः धनबाद के नए रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया. रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा, रेल थाना प्रभारी संजय

प्रसाद व अन्य अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया. पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद एसआरपी ने सुरक्षा अधिकारियों व जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. कहा कि दुर्गापूजा के दौरान थानेदार-इंस्पेक्टर समेत सभी पुलिसकर्मी रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष चौकसी बरतें. पूजा के समय ट्रेनों व स्टेशनों पर काफी भीड़ होती है. अपराधी प्रवृत्ति के लोग इसका फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम देकर निकल जाते है. ऐसे संदिग्धों पर पैनी नजर रखें.

उन्होंने कहा कि धनबाद रेल जिला क्षेत्र काफी दूर तक फैलाहै. धनबाद से लेकर जसीडीह होकर साहिबगंज और बरकाकाना से लेकर गढ़वा व कोडरमा तक इसके अंतर्गत आता है. एक दर्जन से अधिक जिलों के क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों पर रेल थाना हैं. ट्रेनों में मानव, कछुआ व नशीले पदार्थों की तस्करी अकसर होती है. चोरी, छिनतई, लूट व डकैती की घटनाएं भी यदा-कदा होती रहती हैं. ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए हमेशा सतर्कता बरतने की जारूरत है. ट्रेनों व स्टेशन परिसर में रोजाना चेकिंग अभियान चलाएं, खासकर दुर्गापूजा दीपावली व छठ तक कड़ी निगरानी करें. ट्रेनों में एस्कोर्ट करें और संदिग्धों पर नजर रखें.

आदिवासी संथाल समाज ने दिखाया अपने पूर्वजों से जुड़े संस्कृति।

दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।

राजगंजः राजगंज थाना अंतर्गत गोविंदाडीह आदिवासी टोला में आदिवासी समाज के लोग ने शादियों से चलती आ रही दसांय पर्व (दुर्गा पूजा)पर बेलबरण पूजन किया, इस दौरान अपने भावनाओं एवं रीतीरिवाजो परंपरा के अनुसार अपने चेला धोती, पहन कर साथ में मोर पंख लेकर मांदर करताल बजाते हुए नाचते गाते हैं तथा गांव का भ्रमण करते हुए नजर आते है। जानकारी के अनुसार इनके गुरु प्राण सोरेन, वकील मुर्मू व छोटू सोरेन है उनके चेला कोड़ाओ ने बेलबरण पूजन किया , बेलबरण के पावन अवसर पर श्री बिरजू सोरेन समाज सेवी(आदिवासी सेचेद् आखड़ा धनबाद के उपाध्यक्ष) मनोज सोरेन, दुर्योधन सोरेन, लुखू सोरेन, दूबराज मुर्मू, दर्शन मुर्मू, सरजू सोरेन, नरेश मुर्मू, चंदन मुर्मू, सुखलाल सोरेन, सनिचर सोरेन, संजय सोरेन, उपस्थित हुए तथा गांव के सभी गुरु चेला ग्रामीणों, नौजवानो ने अपने संस्कृति, सामाजिक परम्पराओं में भाग लिया, ग्रामीणों के जानकारी के अनुसार यह पर्व दुर्गा पूजा के कलश स्थापना के दिन से ही शुरू हो जाता हैं, अपनी

सामाजिक संस्कृतिक एवं स्वशासन प्रणाली की रक्षा के लिए एक लंबे संघर्ष के तौर पर मनाया जाता हैं जो विजयदशमी को समाप्त हो जाता है दसाय पर्व में भाग लेते हैं गांव के गुरु और और उनके चेला, नौजवान युवक दसांय पर्व को मानते हैं, संथाल गांव में परंपरा के अनुसार हर एक गांव में गुरु होते हैं जो अपने चेला कोड़ा को लेकर नगाड़ा, करताल बजाते हुए गांव का भ्रमण करते हैं गुरु से लेकर चेला धोती और गंजी पहानते है, और साथ में मोर पंख लेकर हर गांव हर घर में जा कर नृत्य करते हैं इस दौरान कई तरह की विधा जिसमे जड़ी बूटी से इलाज भिन्न भिन्न तरह के मंत्र आदि की जानकारी दी जाती हैं ताकि संथाल समाज अपने गांव की रक्षा कर सके, इस अवसर पर सबसे अच्छे चेला को खिताब से सम्मानित भी किया जाता हैं, और इस प्रकार दशमी के दिन इनके पर्व समाप्त हो जाती हैं

वनाश्रित आदिवासियों को मिले वन भूमि का पट्टा - राजेश यादव।

दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) सदर प्रखंड के पंचरूखी में बैठक कर किया गया माले की ब्रांच कमिटी का गठन।

वनाश्रित आदिवासियों को वन भूमि का पट्टा देने, गांव का दो माह से जला हुआ ट्रांसफार्मर बदली करने, राशन वितरण की व्यवस्था सुदृढ़ करने सहित कई अन्य सवालों को लेकर आज भाकपा माले की एक मीटिंग गिरिडीह सदर प्रखंड के बेरदोंगा पंचायत अंतर्गत पंचरूखी गांव में संपन्न हुई। बैठक की अगवाई पार्टी के लोकल सचिव संजय चौधरी, रामेश्वर हेंब्रम तथा बबलु हंसदा ने करते हुए स्थानीय सवालों पर बात रखी और कहा कि, इस इलाके में विकास के नाम पर घोर उपेक्षा की गई है। वहीं बैठक में लोगों की बातों को सुनने के बाद भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, गिरिडीह जिला मुख्यालय से सटा होने के बावजूद यह इलाका अब तक खासा उपेक्षित रहा है। जनता का वोट लेने वाले जनप्रतिनिधियों को वोट के बाद जनता से कोई मतलब नहीं रहता। कहा कि, ताज्जुब की बात है कि, दो माह से गांव के दोनों ट्रांसफार्मर जले हैं, जिसकी सूचना डेढ़ माह पूर्व ही बिजली विभाग को दी गई है। फिर भी इसे बदला नहीं गया है। उन्होंने तत्काल गांव के दोनों ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। साथ ही कहा कि, इस गांव के ज्यादातर लोग वन

भूमि पर आश्रित हैं। अधिकांश किसानों की जमीन वन भूमि की है, जिसपर पुरखों से खेती की जा रही है। लेकिन आज तक इन्हें वन भूमि का पट्टा नहीं मिला। जनता के राशन वितरण में गड़बड़ी से लेकर दूसरे सवाल भी मौजूद हैं, जिनका कोई समाधान नहीं हो रहा। माले नेता ने उपरोक्त सवालों के समाधान की मांग करते हुए लोगों से भी अपने मुद्दों पर गांव में भाकपा माले का संगठन बनाकर संघर्ष शुरू करने की अपील की। श्री यादव की अपील पर पंचरूखी गांव पार्टी की एक ब्रांच का गठन कर बबलू हांसदा को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। जन सवालों पर संघर्ष शुरू करने के संकल्प के साथ बैठक समाप्त की गई। पार्टी में शामिल होने वाले तथा मौजूद लोगों में मुख्य रूप से बबलू हांसदा, सोनेल हांसदा, मिरुलाल हांसदा, बुटुलाल मरांडी, रामेश्वर हेंब्रम, कृपा हांसदा, अजय मरांडी, तोथिया हांसदा, राजू कोल, टिंकू हांसदा, रतिलाल हेंब्रम, किसुन हेंब्रम, शिबलाल सोरेन, छोटकी देवी, शनि देवी, रूपाली किस्कू, बड़की देवी, सुनीता हेंब्रम, कौशल्या कुमारी, रमन हांसदा, संतोष हांसदा आदि मौजूद थे।

शाम के बदले दोपहर को कराया जाएगा जरूरतमंदों का भोजन-केयर एंड सार्व

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबाद,सामाजिक संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (पीएमसीएच हॉस्पिटल परिसर) में गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को एक टाइम शाम का भोजन पिछले 16 अक्टूबर 2021 से प्रतिदिन कराते आ रहे हैं,लेकिन दुर्गा पूजा को देखते हुए संस्था ने 21 अक्टूबर 2023 से 25 अक्टूबर 2023 पांच दिन समय का परिवर्तन किया गया है जिसमें जरूरतमंदों को शाम के बदले दोपहर को भोजन कराया जाएगा,फिर 26 अक्टूबर से पुनः भोजन का कार्यक्रम को शाम मै कर दिया जाएगा,आपको बता दे की इस सामाजिक संस्था का गठन 16 अक्टूबर 2021 को हुआ था,तब से आज तक प्रतिदिन लगातार एक टाइम का भोजन गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को बीच बांट रहे है,

उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रभात चंद्रा और मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास ने जानकारी को सार्वजनिक करने तथा जरूरतमंदों तक पहुंचाने के अपील की है।

कुचाई में तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का हुआ शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप व भरत सिंह मुंडा ने किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां

कुचाई प्रखंड अंतर्गत बिरसा स्टेडियम कुचाई में दुर्गा पूजा के अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हो गई.जिसमें कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया है.शुक्रवार को इस फुटबॉल प्रतियोगिता विधिवत शुभारंभ एनवाईएस जोवाजंजीर एवं डीएस ब्रदर्स बीच हुआ।जिसका उद्घाटन खरसावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अर्जुन उर्फ नायडू गोप,कुचाई प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,थाना प्रभारी चंदन कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया.मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप ने कहा कि कोई भी खेल हो उसे अपने लगन और ऊंची के साथ और ईमानदारी पूर्वक खेलनी चाहिए.वहीं मुंडा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें

सफलता जरूर मिलेगी. राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण योजना चल रही है ताकि खिलाड़ियों को सही स्थान मिल सके।वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन 22 अक्टूबर को होगी.समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा शामिल होंगे. मौके पर विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह मुंडा,बिरसा क्लब के अध्यक्ष सूजन सिंह सोय, बिसंबर सोय, लखीराम मुंडा,बेरगा कुमार, अनुराग सोय, राहुल सोय,डुबराय सोय,गार्दी सोय,संजय सोय,पाचा हेंब्रम,मुन्ना सोय,घनश्याम सोय,मोहम्मद दिलदार समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे.

किड्स पैराडाइस पब्लिक स्कूल में डांडिया नाइट का उत्कृष्ट आयोजन

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबादः धनबाद के न्यू कॉलोनी दुहाटांड़ रोड बरमसिया में किड्स पैराडाइस पब्लिक स्कूल परिसर में नवरात्र के मौके पर डांडिया नाइट का आयोजन किया. इसमें स्कूल की छात्राओं के साथ उनकी मां और स्कूल के शिक्षिकाएं भी शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के डायरेक्टर सीमा सिंह ने माता की तस्वीर के समीप दीप जलाकर किया. इसके बाद शारदीय नवरात्र के भजनों के बीच महिलाओं और शिक्षिकाएं एक साथ डांडिया खेलती नजर आई. इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में

विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के डायरेक्टर सीमा सिंह और प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी और उन्हें दुर्गा पूजा के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। मौके पर आशा कुमारी, चैताली मुखर्जी, सानिया, मेघा श्री, निधि कुमारी, शोभा कुमारी, नितेश गोराई, विजय सिंह, दिनेश पांडे, प्रेम शंकर झा, गोविंद दास गुप्ता, उमा चटर्जी, शिखा चौधरी, हेमंत वर्मा आदि सभी मौजूद थे।

तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार ,भेजा गया जेल।

दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 20 अक्टूबर 2023:-पुलिस कप्तान राकेश रंजन के निर्देश पर पर्व को देखते हुए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान , सदर थाना क्षेत्र के भुइयाडीह के पास कुंदा की ओर से आ रहे एक बोलेरो पर सवार तीन लोगो को पुलिस ने रोक कर तलासी ली इस दौरान एक देशी कट्टा एवं दो जीवित कारतूस जप्त किया गया। तीनो के विरुद्ध सदर थाना में कांड संख्या 346/23 के तहत मामल दर्ज किया गया।जप्त किया गए समानों में देशी पिस्टल ,दो जिंदा कारतूस ,एक बोलरो वाहन जिसका नम्बर जे एच ङ्क1 सी यू 7947 एवं

तीन स्क्रीन टच मोबाइल पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त में कमलेश कुमार यादव पिता बिरेंद्र यादव ,

छोटू यादव पिता नारायण यादव एवं राजेंद्र यादव पिता चरकू यादव हैं।गिरफ्तार हुए सभी अभियुक्त कुंदा थाना के बौधा डीह के निवासी है।इस छापामारी दल में

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार,पु. नि. सह थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार ,स. अ. नि .अरुण दत्त शर्मा शामिल थे।

बोड़ाम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त, पटमदा निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर बोड़ाम थाना क्षेत्र के हलुदबनी पिकेट के समीप गुरुवार की दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर से घायल हो गए। पटमदा थाना क्षेत्र के लावा टोला सालबनी निवासी युवक घायल सुनील सोरेन व तपन हेम्ब्रम को स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय पुलिस ने एमजीएम अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि एक बाइक पर सवार दोनों युवक पटमदा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हलुदबनी पिकेट के आगे तीखा मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर गए। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही

भाजपा नेता विमल बैठा एमजीएम अस्पताल पहुंचकर घायलों की मदद में जुट गए। दोनों के सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से बेहोशी की हालत में थे। चिकित्सक ने गंभीर हालत को हालत देखते हुए दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया है। भाजपा नेता ने एम्बुलेंस की व्यवस्था कर दोनों घायलों को रिम्स भेजने में मदद की। सालबनी निवासी जितुलाल मुर्मू ने बताया कि सुनील के साथ उसका साला तपन बुधवार को मनसा पूजा में प्रसाद ग्रहण करने हलुदबनी गए थे और वहां से गुरुवार की दोपहर को घर लौट रहे थे कि रास्ते में यह हादसा हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे।

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, गम्हरिया प्रखण्ड परिसर पूजा पंडाल उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ

सराइकेला (झारखंड) 20 अगस्त 2023

गम्हरिया प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री प्रविन कुमार एवं अंचल अधिकारी श्री गिरेन्द्र टूटी द्वार किया गया, कार्यक्रम में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉड्ड मनोज कुमार , उपाध्यक्ष राजु चौधरी, महासचिव जीवन कुमार, रिपुसुदन पांडे, जमुना दास उपस्थित हुए

माचा अस्पताल के 4 जमींदाताओं को विधायक ने सौंपा नियुक्ति पत्र कहा- मार्च माह तक सीएचसी में उपलब्ध कराएंगे अल्ट्रासाउंड मशीन

नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा

पटमदा : माचा अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दान करने वाले माचा गांव के 4 परिवारों को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को नियुक्ति पत्र देते हुए चुनाव पूर्व किए गए वादे को पूरा किया। इसमें माचा गांव निवासी तनमन दत्त, मुरारी दत्त, अंजू रानी दत्त व बनानी दत्त शामिल हैं। जबकि इसके पहले ही 7 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। मांगें पूरी होने पर जमींदाताओं की ओर से अजित दत्त ने विधायक के हाथों में बंद पड़े आवासीय भवन की चाबी सौंपा।

मौके पर विधायक ने कहा कि माचा अस्पताल को और भी विकसित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में हाइमास्ट लाइट लग गई है व पीसीसी सड़क का निर्माण भी हो चुका है। अस्पताल परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु पार्क का निर्माण भी कराया जाएगा। विधायक अगले मार्च तक माचा अस्पताल को अल्ट्रासाउंड

मशीन देंगे और जिसका ऑपरेटर की व्यवस्था सिविल सर्जन करेंगे। अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने के कारण पटमदा-बोड़ाम की सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को जमशेदपुर या पश्चिम बंगाल में जाना पड़ता है।इस दौरान सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने कहा कि अस्पताल में प्रसव और जांच की सुविधा बढ़ाई जाएगी। कहा कि अस्पताल में एक्सरे मशीन है लेकिन एक टेक्नीशियन की जरूरत है जो नहीं मिल रहा है। समारोह में जिला पार्षद खगेन महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, आनंद महतो, दयाल महतो, तिलोकतमा कालिंदी, डॉ सोमेन दत्त, श्रीधर दत्त आदि मौजूद थे।

राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होवार में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी एवं बैग का वितरण किया गया।

दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 20 अक्टूबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत में मुखिया श्रीमती मंजू देवी मुखिया प्रतिनिधि श्री छोटी शर्मा पंसस श्री मती मुलिया देवी प्रधानाध्यापक प्रदीप राम के हाथों द्वारा संयुक्त रूप से कॉपी और बैग 350 छात्र छात्राओं को वितरण किया गया।

वितरण के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें।

मोबाइल फोन से दूर रहें , क्योंकि सृजनात्मक शक्ति और अपने संस्कृति खोते जा रहे हैं।साथ ही अपने शिक्षा से भटक जा रहे हैं इसलिए जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल फोन का प्रयोग करें बच्चे मन लगाकर पढ़ें और अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करें।

इस मौके पर मुख्य रूप से गाल्होवार पंचायत के मुखिया श्रीमती मंजू देवी मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा पंसस श्रीमती मुलिया देवी प्रधानाध्यापक प्रदीप राम सहयोगी शिक्षक प्रवीण कुमार साबिर अंसारी द्वारका प्रसाद महतो रोहित लाल महतो विनय कुमार संतोष रजक धनेश्वर महतो मानिकचंद दास प्रदीप ठाकुर (अध्यक्ष) संयोजिका एवं सभी छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।

पहाड़पुर पंचायत भवन में 10 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत भवन में 10 अक्टूबर से शुरू हुआ 10 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग प्रशिक्षकों के द्वारा किसानों को प्रतिदिन तकनीकी की जानकारी दिया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 अक्टूबर को जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी,11 अक्टूबर को बीएओ गोपाल सुंदर मण्डल,12 अक्टूबर को विभिषण दत्ता , 13 अक्टूबर को निकिता दास,14अक्टूबर को पौधा संरक्षण पदाधिकारी कमलेश,15 अक्टूबर को प्रॉजेक्ट मैनेजर जगदीप दास,16 अक्टूबर को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अंबुज कुमार,17 अक्टूबर को राजेश रंजन और 18 अक्टूबर को मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा उपस्थित हो कर किसान को विभिन्न प्रकार के कृषि का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन गुरुवार को पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने सभी किसानों को पहाड़पुर पंचायत में हरियाली ललाने, एक समृद्धि पंचायत तथा आदर्श पंचायत निर्माण करने, शिक्षा के स्तर में सुधार करने,एग्रीकल्चर की स्तर को ऊंचाई की ओर ले जाने का लगातार मेहनत करने के लिए कहा, साथ ही पहाड़पुर पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प भी सभी ने लिया गया । अंत में मुखिया ने सभी किसानों एवं सभी प्रशिक्षकों को धन्यवाद देकर प्रशिक्षण शिविर का समापन एक नारा "एक साल तुम्हारा सुंदर देश"लगा कर किया।

विधानसभा निर्वाचन हेतु 21 अक्टूबर से लिए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

रायसेन। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर को प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर अरविंद दुबे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी तथा अभ्यर्थी 02 नवम्बर तक नाम निर्देशन वापस ले सकेंगे। रायसेन जिले में निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बरेली में न्यायालय कक्ष में प्राप्त किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज के कक्ष क्रमांक-11 में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची हेतु नाम निर्देशन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, कलेक्ट्रेट भवन रायसेन में और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेगमगंज के कक्ष क्रमांक-4 में प्राप्त किए जाएंगे। सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाईन जमा किया जा सकता है नाम निर्देशन,,,,

आयोग द्वारा जारी निदेर्शानुसार कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है और निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। और किसी भी अभ्यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी-1 एवं सी-4 देना होगा।

विधानसभा निर्वाचन व्यय की सीमा 40 लाख रू निर्धारित,,

विधानसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के व्यय के लिए पृथक से बैंक खता खुलवाना होगा। निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रू निर्धारित की गई है। निष्पेक्ष राशि 10000 रू और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5000 रू निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के लिए एक प्रस्तावक तथा शेष के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक है। संवीक्षा दिनांक को अभ्यर्थी की उम्र 25 वर्ष होना आवश्यक है। अभ्यर्थी मध्य प्रदेश विधानसभा क्षेत्र का मतदाता हो किन्तु प्रस्तावक संबंधित विधानसभा का होना आवश्यक है। यदि अभ्यर्थी अन्य विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है तो उन्हें संबंधित विधानसभा की मतदाता सूची के विवरण की सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत की जाना आवश्यक है। नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं। एक अभ्यर्थी अधिकतम 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है। अभ्यर्थी अधिकतम दो सीटों से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

रजेगांव एवं बैहर से छः लाख से अधिक की नगदी बरामद,अन्तराज्रीय नाके पर की गयी कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(21 अक्टूबर)आचार संहिता के बाद से ही अंतरराज्यीय बॉर्डर और जिला सीमाओं पर एफएसटी तथा एसएसटी दलों द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। ऐसी ही जांच के दौरान मप्र-महाराष्ट्र सीमा स्थित रजेगांव नाका में चेकिंग के दौरान एसएसटी दल के वीरेंद्र मरकाम ने शुक्रवार को एमएच-35-एआर 9060 वाहन से 3 लाख 97 हजार रुपये जब्त गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाले ने बताया कि आरटीओ और पुलिस की मौजूदगी में हुई जांच में वाहन में सवार गजानंद श्रीराम राहंगडाले पंवार उम्र 44 लिमाटी तहसील गोरेगांव गोंदिया, हितेंद्र नेतराम बिसेन पंवार चोपा के चांगोटोला जिला गोंदिया और वाहन चालक व मालिक लांजेवार सुरेश कटंगी विजयनगर गोंदिया के पास से 3 लाख 97 हजार रुपये पकड़े गए।

एसएसटी व पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा बनाया गया। नकद प्राप्त नोट में 500-500 सो के 393, 200-200 के 352, 100-100 के 1001 और 50-50 के 600 इस तरह कुल 3 लाख 97 हजार जब्त हुए है। यह दूसरा अवसर है जिले में इतनी बड़ी राशि अंतरराज्यीय बॉर्डर से जब्त की गई। बैहर से 2 लाख 42 हजार रुपये बरामद जिले की सीमाओं पर की जा रही जांच और एफएसटी व एसएसटी टीमों की सक्रियता से लगातार नगदी के प्रकरण सामने आये है। दोपहर करीब 3 बजे बैहर थाना क्षेत्र के रौंदाटोला में एफएसटी दल द्वारा वाहन क्रमांक सीजी-04-एलटी-1333 से 2 लाख 42 हजार रुपये नगद पाये गए। दल द्वारा जब्त कर विधिवत कार्यवाही की गई। इस तरह शुक्रवार को हुई दो कार्यवाहियों में कुल 6 लाख 39 हजार रुपये नगद जब्त किए गए।

संभाग की 5 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार तय - हारी हुई 4 सीटों पर दिए 2 नए चेहरे

शहडोल । कांग्रेस द्वारा गुरुवार की रात शहडोल संभाग की पांच विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इसके बाद संभाग की आठ विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी तय हो गए हैं। गुरुवार को जारी हुई लिस्ट में बांधवगढ़ विधानसभा सीट से सावित्री सिंह और मानपुर विधानसभा सीट से तिलकराज सिंह को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस द्वारा जिन आठ लोगों को अपना प्रत्याशी तय किया हुआ है उनमें से 2 वर्तमान विधायक हैं। वही हारी हुई सीटों पर पार्टी ने 2 नए चेहरों को मौका दिया है। जो पहली

बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जयसिंहनगर से नरेंद्र मरावी और व्यौहारी से रामलखन सिंह पहली बार विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगे।

शुरू हो गया विरोध

जयसिंहनगर से नरेंद्र मरावी की टिकट की घोषणा होने के बाद विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। यहां से टिकट की दावेदारी कर रहे कांग्रेस नेता जय करण सिंह द्वारा टिकट को लेकर अपना विरोध भी दर्ज कराया है। इसके अलावा और भी नाम है जो विरोध में सामने आ सकते हैं ।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलमती लड़ेगी निर्दलीय चुनाव?

जितेंद्र शर्मा
जयसिंहनगर।

2023 का विधानसभा चुनाव को लेकर कशमकश का दौर जारी है। भाजपा ने भले ही जयसिंहनगर से अपना प्रत्यासी घोषित कर दिया हो और तबादला नीति का उपयोग किया हो पर भाजपा को घेरने की तैयारी भाजपा के लोग ही कर चुके है। यही स्थिति जैतपुर में कांग्रेस के साथ देखी जा रही है और काग्रेस की उमा को कांग्रेसी क्षमा करने का नाम नहीं ले रहे है।

जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने जैतपुर विधायक मनीषा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में मनीषा सिंह काफी डैमेज हुई और क्षेत्र में यह आरोप रहा कि जैतपुर का विधायक कौन, तरह-तरह के आरोप लगाए यहां तक कि मनीषा सिंह के पति राजेन्द्र सिंह उर्फ बबुआ को भी लपेटने का काम किया गया। भाजपा में पार्टी के अंदर अदला बदली करते हुए जयसिंह को जयसिंहनगर से हटाकर जैतपुर भेजा और यह प्लान तैयार किया कि मनीषा सिंह को जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र चुनाव लड़वाया जाए लेकिन जयसिंहनगर क्षेत्र में मनीषा सिंह की वो पकड़ नहीं हो पाने के कारण भाजपा को काफी झटका भी झेलना पड़ रहा है। यह भी जन चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा या अन्य माध्यम के द्वारा इस विधानसभा क्षेत्र में जो सर्वे कराया गया था उसने उसे क्षेत्र के स्थानीय चार से पांच दावेदारों का नाम सामने आ रहा था और मनीष सिंह का नाम उक्त सर्वे में नहीं था। इसके बाद भी कि सर्वे के आधार पर उन्हें टिकट दिया गया हालांकि भाजपा द्वारा अनेकों स्थानों में सर्वे के आधार पर टिकट न देते हुए संगठन की सेवा के आधार पर भी टिकट दिया गया है।

भाजपा के अंदर जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से कई दावेदारों ने अपनी दावेदारी जताई थी जिसमें मनोज आर्मो रमेश कोल, संचिता सर्वेर्ट, फूलमती सिंह के नाम शामिल रहे,और ये सभी दावेदार बेदाग छवि वाले रहे हैं लेकिन संगठन ने मनीषा को जयसिंहनगर क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चाबी सौंप दी। अब अंदर ही

अंदर जो घमासान मचा हुआ है उसमें यह बात भी चर्चा का विषय बनी हुई है कि कोल समाज के वोटों को भाजपा के खिलाफ तितर- बितर करने का काम अनूपपुर से किया जा रहा है। वहीं गोहपारू से गोड़ समाज के वोटों को भी काटने की कवायद बड़ी तेजी से शुरू है। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में तो मनीषा सिंह ने डैमेज कंट्रोल का फंडा अपनाया था और खुद हद तक सफल रही लेकिन जयसिंहनगर में कई दावेदारों पटकनी देते हुए उनकी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है।

भाजपा जिस तरह से पार्टी से असंतोष व्यक्त करने वालों को जिस तरह से मनाने की कोशिश कर रही लगता नहीं कि स्थिति नियंत्रित हो पाएगी। गौरतलब है कि जिला पंचायत की उपाध्यक्ष फूलमती सिंह नेस्व सहायता समूह के माध्यम से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में इस जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रपति हो या प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के आयोजन रहे हो इन सभी में शहडोल को एक महत्वपूर्ण दर्जा मिला है और फूलमती के साथ लगभग 30 हजार महिलाए जुड़ी हुई हैं जो एक आवाज पर दौड़ने का काम करती हैं ऐसे में फूलमती सिंह को दावेदार न बनाकर ठोस निर्णय नहीं लिया है इस बात की चर्चा पूरे संभाग में हो रही है और अब फूलमती सिंह ने जो वर्तमान में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी है। जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है । यह महत्वपूर्ण है कि अगर फूलमती सिंह ने भाजपा के खिलाफ बगावत की और निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ा तो हो सकता है कि भाजपा को करारा झटका भी लगे।

अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि अंदर ही अंदर कांग्रेस भी ये चाहती है कि फूलमती सिंह अपने निर्णय पर अटल रहे और उनके साथ भी ना इंसाफी का हिसाब चुकता हो । समूहों की महिलाओं ने तो नारा भी दे दिया है अब कमल के फूल से नहीं दीदी बांटेगी विधानसभा क्षेत्र में गुलाब के फूल । ऐसे में गुलाब और कमल के बीच जो टकराहट देखने को मिलेगी उस पर भाजपा का संगठनात्मक चेहरा है वो उजागर हो जाएगा। वैसे भी नगरपालिका चुनाव में भाजपा को कई जगह जोर का झटका लगा है जो अभी तक भुलाया नहीं जा सका है अगर नगरपालिका चुनाव मिली जुली सरकार न बनती तो भाजपा को करारा झटका लगना तय है।

कानपुर में और बढ़ा प्रकोप, अस्पताल में बुखार के एक दिन में 400 मरीज

सुनील बाजपेई

कानपुर। यह महानगर आजकल खतरनाक बुखार के शिकंजे में है। लगभग ऐसा कोई घर नहीं है जहां एक लोग बुखार की समस्या से पीड़ित ना हों इस दौरान बीते 24 घंटे में 37 डेंगू पॉजिटिव मिलने से स्वास्थ्य विभाग भी परेशान है।

डॉक्टर के मुताबिक यह बुखार ऐसा है कि आपके शरीर को दर्द से तोड़ देता है। ऐसे में मरीज बिस्तर से उतर तक नहीं पा रहा है। एक-एक कदम चलने के लिए मोहताज है। चिकित्सकों की माने तो यह बुखार हड्डियों पर ज्यादा असर दिख रहा है। इस बुखार में जिस मरीज ने जरा भी लापरवाही बरती उसके साथ बड़ी समस्या देखने को मिल रही है। कई मरीजों को आईसीयू तक जाने की नौबत आ रही है। इस बीच जो खबर मिली है ,उसके मुताबिक कानपुर में पिछले 24 घंटे के अंदर 37 लोगों की डेंगू पॉजीटिव रिपोर्ट आ चुकी है, जबकि कानपुर मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की ओपीडी में 400 मरीज केवल बुखार के पहुंचे हैं। अगर इसी क्रम में सरकारी अस्पताल, काशीराम और उर्सला अस्पताल की बात करें तो 24 घंटे के अंदर लगभग 200 मरीज बुखार के आ चुके हैं जिनमें 50 से अधिक मरीजों कोअस्पतालों में भर्ती भी किया जा चुका है। कुल मिलाकरबुखार इस महानगर के लोगों को लगातार जकड़ता जा रहा है। ग्रामीण अंचल के भी हालत बहुत खराब है यहां भी घर-घर लोग बुखार के शिकार हैं ,जिसका सबसे ज्यादा फायदा झोलाछाप उठा रहे हैं।

नवरात्र गरबा के दूसरे दिन तनाज ईरानी से मिलने उमड़ पड़ा बिलासपुर, तीसरे दिन शहर वासियों संग गरबा खेलने निशी सक्सेना आई।

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। बिलासपुर के सबसे बड़े नवरात्र गरबा के दूसरे दिन भारी उत्साह बिलासपुर वासियों की देखने को मिली, क्लब रॉयल पार्क में हो रही नवरात्र गरबा के दूसरे दिन तनाज ईरानी ने सभी को गरबे धुन पर थिरकने पर मजबूर कर दिया,, तीन दिवसीय नवरात्र गरबा की के दूसरे दिन 19 अक्तूबर को टीवी कलाकार तनाज ईरानी पहुंची और बिलासपुर वासियों संग गरबा की धुन पर साथ दिया। अपने पसंदीदा कलाकार को अपने बीच पाकर खुशी का ठिकाना नहीं था। खचाखच भरे मैदान में लोगो ने मोबाइल के टॉर्च जलाकर तनाज ईरानी का जोशीला स्वागत किया।

हर जुबा पर नवरात्र गरबा 2023 की चर्चा।

शहर में पिछले साल 2022 से शुरू हुई नवरात्र गरबा ने अपने पहले ही साल में लोकप्रिय हो गई, आयोजक पीछले तीन महीनों से इसकी तैयारी पर जुटे हुए थे।विगत वर्ष पारिवारिक माहौल में हुए इस गरबा को लोगो ने हाथो हाथ लिया, यही कारण है कि इस वर्ष भी लोगों ने सबसे पहला स्थान गरबा के लिए नवरात्र गरबा को चुना।

रामूजी ग्रुप की रही विशेष तैयारी।

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े गरबा में

विशाल मंच तैयार किया गया है, जहा शहर वासियों को आराम से अपने चेहेते कलाकारों को देखने में कोई दिक्कत नही होगी, वही सवा एकड़ जैसी बड़ी आउटडोर में लोग आराम से गरबा का आनंद ले रहे है। हर दिन आ रहे चहेते टीबी कलाकार विगत वर्ष भी तीनों दिन टीवी कलाकार और बॉलीवुड फेम शहर में चर्चित रही, इस वर्ष भी तीनों दिन टीवी एक्ट्रेस शहर वासियों के साथ गरबा खेलेंगी। पहले दिन जहां अनुपमा फेम मुस्कान बामने (पाखी) बिलासपुर पहुंची वही दूसरे दिन 19 अक्तूबर को मशहुर एक्ट्रेस तनाज ईरानी पहुंची साथ ही तीसरे और अंतिम दिन अनुपमा फेम और सबकी चेहेती निशी सक्सेना (डिंपी) आ रही है।

रामूजी ग्रुप के द्वारा यह गरबा कराया जा रहा है जिसके आयोजनकर्ता है, राकेश प्रताप सिंह परिहार अमित संतवानी, महफूज खान, उत्तपल सेनगुप्ता गोविंद शर्मा नवरात्र गरबा समिति ।

पुलिस की कार्यवाही से अवैध कारोबारियों में हड़कंप आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(21 अक्टूबर)जिले में पुलिस अवैध कारोबारियों पर कहर बनकर टूट पड़ी हैं।गुरुवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने छोटी पनबिहरी में रेवा शंकर सोनेकर के मकान में किराये से कमरा लेकर आनलाईन क्रिकेट सट्टे का जखीरा पकड़ा गया। पुलिस टीम के द्वारा मकान में दबिश के समय कमरे में 07 लोग पाये गए जो सट्टे के काम में व्यस्त थे। यहां मोबाईल तथा लेपटाप पर इंटरनेट के माध्यम से स्काय एक्सचेंज-247 के वेबपेज पर इंडिया बांग्लादेश मैच पर सट्टा खिलवाकर आनलाईन कस्टमर से हार जीत का दांव लगवाते हुये,मौके पर तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 02 लेपटाप, 10 मोबाईल फोन, 02 रजिस्टर , 02 डाट पेन , 05 एडॉप्टर, 06 चार्जिंग वायर, 02 नग पावर बैंक और उसी कमरे से 07 कागज के कार्टून में देशी मदिरा 180 एमएल के 350 पाव कुल जुमला 63 लीटर. देशी शराब कीमत करीब 21000/- रुपए मिले। जिसे ड्राय-डे अथवा चुनाव के दौरान शराब दुकान बंद रहने पर अधिक कीमत में बेच कर लाभ कमाने की नियत से रखा गया था। मौके पर मिले साक्ष्य को जप्त किया गया, आरोपीगण का कृत्य धारा 4(क) सर्व धुत अधिनियम एवं 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध होने से मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने की कार्यवाही जारी है। इस पुरी कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा, उनि गौरव शर्मा , का. प्र.आर 969 गजेंद्र पटले, आर.209 तारेन्द्र बिसेन, आर 1314 मनीष, आर. 1475 कपिल आर. 1127 राधेश्याम बधेल की विशेष भूमिका रही।

इनकी हुई गिरफ़्तारी

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में छोटी पनबिहरी के रेवा शंकर सोनेकर के मकान से इन्हे सट्टे के कार्य में संलिप्तता के दौरान पकड़ा गया। इनमें 1, मनीष पिता सुदामा चंदनाने जाति सिंधी उम्र 31 वर्ष निवासी ईडब्ल्यूटी 40, शांति नगर, भिलाई थाना वैशालीनगर जिला भिलाई 2.रोहित पिता रोशनलाल विधानी जाति सिंधी उम्र 30 वर्ष निवासी ईडब्ल्यूटी 40, शांति नगर, भिलाई थाना वैशालीनगर जिला भिलाई 3.सुनील पिता राजकुमार कृष्णानी जाति सिंधी उम्र 32 वर्ष निवासी ईडब्ल्यूटी 40, शांति नगर, भिलाई थाना वैशालीनगर जिला भिलाई, 4.कौशल पिता मनहरन वर्मा जाति वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी प्लांदू नगर वार्ड नंबर 4, राजनांदगांव थाना मोहारा जिला राजनांदगांव , 5.डालिकचंद पिता रूपचंद वाघाड़े जाति गोवारा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नं.1 भानेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट 6.रामप्रसाद पिता हरिशचंद भोंगाड़े जाति तेली उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नं.12 भानेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट.7, पंकज पिता अशोक ढोरे जाति कुनबी उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड नं.2 भानेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट को पुलिस ने अपने गिरफ्त में लिया हैं।

भव्य देवी जागरण एवं अलौकिक झांकियां की दी जाएगी प्रस्तुति।

अनूपपुर

नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 02 लेबर कॉलोनी में 23 नवंबर को देवी जागरण सहित विभिन्न देवी देवताओं की अलौकिक झांकियां का भी प्रस्तुति रखा गया है जिस पर शिव तांडव काली जी के अलौकिक रूप वही कृष्ण और राधा के नृत्य के साथ सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद सौरभ कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 नवंबर को शाम 7:30 बजे से देवी जागरण की प्रस्तुति बाहर से आए गायको के द्वारा दी जाएगी जिसमें हमारे लेबर कॉलोनी के समस्त परिवार जनों की भूमिका अहम है सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम हो रहा है जो की हमारे लेबर कॉलोनी में कई वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा रख 9 दिन पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारे का कार्यक्रम भी किया जाता है 23

नवंबर का दिन इस लेबर कॉलोनी के लिए बहुत ही अच्छा दिन है इस कार्यक्रम में मेरा निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं क्योंकि नवरात्रा के 9 दिन में मां दुर्गा के नौ रूपों का स्मरण भी किया जाता है इसी के साथ ही देवी जागरण में भी मां दुर्गा मां काली भोलेनाथ श्री कृष्ण जी की अलौकिक झांकियां भी रखी गई है गीतकार के द्वारा विभिन्न प्रकार के देवी गीतों का भी गायन किया जाएगा जिसमें समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराये और इन मनमोहक दृश्य एवं झांकियां का आनंद ले

*शक्ति की भक्ति में डूबा समूचा कोयलांचल

अमलाई- शारदेय नवरात्रि के प्रारंभ से ही देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ जवारा बोये गए वही माँ दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा अपने- अपने पंडालो में माँ जगदम्बा की प्रतिमा स्थापित की गई। नवरात्रि के पंचमी तिथि पर भी जिले की विभिन्न समितियों ने माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर विद्वान पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ प्रतिमा स्थापित कराई। ज्ञात हो कि नवरात्रि के पर्व पर मां दुर्गा शक्ति की भक्ति में समूचा जिला सराबोर है। कोयलांचल के अमलाई, इंदिरा नगर ,गांधीनगर, सोडा फैक्ट्री बापू चौक, दुर्गा मंदिर चौक अमलाई, अमलाई स्टेडियम, शनिचरी बाजार दफाई ,बस स्टैंड आमा टोला आदि स्थानों में दुर्गा पंडाल में भक्ति गीतों की स्वर लहरिया गुंज रही है। आसपास के देवी मंदिरों सहित दुर्गा पंडालो में भक्ति गीतों की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। इसके साथ ही देवी मां के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन के लिए सड़कों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। नवरात्रि के दौरान अमलाई के प्रमुख स्थानों पर आकर्षित प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न स्वरूपों में विराजित माँ भवानी की आकर्षित प्रतिमा को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ज्ञात हो कि दुर्गा उत्सव समितियों ने अपने-अपने पंडालों को आकर्षित रूप से सजाने के साथ सड़क के दोनों ओर आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय अनूपपुर में 50 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गयी है. जो एक से बढ़कर एक हैं. मां की मूर्तियों की महिमा देखते ही बनती है. हर जगह उनकी अलग छवि नजर आती है. शाम होते ही पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है। प्रतिदिन प्रातःकाल आरती के बाद सायंकाल मातेश्वरी की बाजे- गाजे के साथ आरती की जाती है जिसमे श्रद्धालु बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने की विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यो की समीक्षा

रायसेन, 20 अक्टूबर 2023

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाने संबंधी तैयारियों की भी जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को पूरी सजगता औ रनिष्ठा के साथ निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों और आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा एसडीओपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, स्वीप एवं पुलिस प्रेक्षकगणों के लिए लायजनिंग ऑफीसर

रायसेन, 20 अक्टूबर 2023

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य, व्यय, स्वीप एवं पुलिस प्रेक्षकगणों के सहयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने लायजनिंग ऑफीसर एवं सहायकों को नियुक्त किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142-सांची एवं 143-सिलवानी के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु श्री भुवन मोहरीर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 141-भोजपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु श्री जलज चतुर्वेदी जिला खेल अधिकारी को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। लायजनिंग ऑफीसरों के साथ सहायकों को भी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त स्वीप प्रेक्षक के लिए श्री विनोद बघेल जिला समन्वयक जिला पंचायत रायसेन को तथा पुलिस प्रेक्षक के लिए श्री प्रदीप रघुवंशी सूबेदार रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

जिले में आयोजित की जा रही है विभिन्न स्वीप गतिविधियां

20 अक्टूबर 2023

विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, रैली, दीवार लेखन सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में टेकापार, कातिलताई, थाना सहित अनेक ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आगामी विधानसभा निर्वाचन में दिनांक 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया और शपथ भी दिलाई गई।

केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकों के लिए लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त

रायसेन, 20 अक्टूबर 2023

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली

द्वारा रायसेन जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकों के लिए लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 141-भोजपुर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 142-सांची (अ.जा.) के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक हेतु श्री अवधेश गौतम लेखाधिकारी जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 140-उदयपुरा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 143-सिलवानी के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक हेतु श्री संजय चतुर्वेदी लेखाधिकारी पीआईयू भवन रायसेन को लायजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी के बैठक में शामिल हुए कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तुरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी द्वारा आयोजित ब्लॉक कार्यकारणी बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया शामिल हुए। इस दौरान सभी

कार्यकताओं ने भारी मतों से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया को विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी गिरधारी यादव ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय अभय नारायण राय शंकर यादव संतोष दुबे कौशल पांडे राजकुमार अंचल चित्रकांत श्रीवास जयंत मनहर कमल डहरिया मनोहर कुर्रे सुकृता खूटे मीना आडिल किरन तिवारी लक्ष्मी भार्गव उदय भार्गव ब्रह्मदेव सिंह प्रियंका महानंद अनिल केवट सुनील पटेल विकास मधुकर दामोदर कांत सहित जोन सेक्टर बूथ के कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

अनूपपुर विधानसभा में प्रत्याशी चयन के विरोध में फूटा भाजपा कार्यकताओं का गुस्सा

अनूपपुर डेमो

एक तो नींम ऊपर से करेला चढ़ने वाली कहावत इन दोनों अनूपपुर विधानसभा में चरितार्थ हो रही है भाजपा कार्यकताओं के मानसा के विपरीत भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा अनूपपुर विधानसभा में प्रत्याशी थोपे जाने की जो आग अंदर ही अंदर सुलग रही थी वह 20 अक्टूबर 2023 को ज्वालामुखी बनकर फटी और सिद्धांत वादी कार्यकर्ता लामबंद होकर वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय अनूपपुर पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष को पत्र सौंप कर भाजपा प्रत्याशी प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री विसाहू लाल सिंह के कृत्यों पर अपना विरोध दर्ज किया और कहां कि हम बूढ़े बैल को कब तक जोतने का कार्य करेंगे ।निष्ठावान कार्यकताओं को प्रत्याशी न बनाकर पार्टी ने भाजपा का शोषण करने वाले कांग्रेस से आए हुए नेता को प्रत्याशी बनाकर भाजपा कार्यकताओं का अपमान किया है